सुप्रभात
रांची, सोमवार
26.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 163



12 परिवार के साथ अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने मनाया क्रिसमस

## न्यूज डायरी

### भारत ने बांग्लादेश से दूसरा टेस्ट भी जीता

**मीरपुर।** आलराउंडर आर अश्विन (42 नाबाद) और श्रेयस अय्यर (29 नाबाद) के बीच आठवें विकेट के लिये 71 रन की साझीदारी से भारत ने दूसरे और अंतिम टेस्ट के चौथे दिन रविवार को बंग्लादेश को तीन विकेट से हरा कर दो मैचों की श्रृखंला को 2-0 से अपने नाम कर लिया। अश्विन को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्होंने पहली पारी में 71 रन देकर चार विकेट और दूसरी पारी में 66 रन देकर दो विकेट लिये थे।

### लोहरदगा में युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती के साथ पांच से सात युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। युवती ने कुडू थाना में गैंगरेप का मामला दर्ज कराया है। युवती को मेडिकल जांच के लिए लोहरदगा भेज दिया गया है। सभी आरोपी फरार हैं। युवती के अनुसार वह शनिवार शाम वह मंगेतर से कोलसिमरी बातचीत कर रही थी, इसी बीच सात युवक मौके पर पहुंचे मारपीट कर मंगेतर को भगा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### कोडरमा में सड़क हादसा दो की मौत, दो घायल

**कोडरमा।** मरकच्चो के पिपराडीह में रविवार को सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। दो अन्य युवक घायल हो गये। एक बाइक पर चार युवक डरनवा के गोबरदहा जंगल पिकनिक मनाने जा रहे थे। इसी क्रम में पिपराडीह के समीम चार पहिया 608 वाहन से टक्कर हो गयी। हादसे में अंशु कुमार यादव की मौत हो गयी। शशिकांत कुमार भारती की भी रिम्स पहुंचते ही मौत हो गयी।

### सीएम 28 को खादी-सरस मेले का करेंगे उद्घाटन

**रांची।** राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का उद्घाटन सीएम हेमंत सोरेन का 28 को करेंगे। यह महोत्सव का समापन आठ जनवरी 2023 को होगा। महोत्सव आम लोगों के लिए सुबह दस बजे से रात के नौ बजे तक खुला रहेगा। रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान खादी बोर्ड के सीइओ राखाल चंद्र बेसरा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही आम जनों के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी महोत्सव में शामिल हुए लोगों को दी जायेगी । इसके लिए 100 से अधिक स्टॉल्स लगाये जायेंगे।

### 15 आदिवासी परिवारों ने किया धर्म परिवर्तन

**चाईबासा।** झारखंड में धर्म परिवर्तन की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला कुमारडुंगी प्रखंड के खड़बंध गांव का है। लालगढ़ क्षेत्र में 15 परिवारों के ईसाई धर्म में शामिल होने का मामला सामने आया है। इससे खफा ग्रामीणों ने उनका सामाजिक बहिष्कार करते हुए उनके जंगल जाने पर भी रोक लगा दी है। ग्रामीणों ने उनके किसी भी सुख या दुख में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया है। उनके साथ बातचीत नहीं करने और पूजा स्थलो में जाने से रोक लगा दी है। उन्हें जंगलों से पत्ता, दातून या लकड़ी लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

### अमेरिका में बर्फीले तूफान से 23 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शनिवार की शाम तक भीषण बर्फीले तूफान की चपेट में आने से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि ये मौतें ओक्लाहोमा, केंटकी, मिसौरी, टेनेसी, विस्कॉन्सिन, कंसास, नेब्रास्का, ओहियो और न्यूयॉर्क में हुई।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 51,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

## मन की बात में मोदी : कोरोना से बचें- मास्क, हाथ धोने जैसी सावधानियों का रखें ख्याल

# जागरूकता से ही झारखंड-बिहार से कालाजार खत्म होगा

### कालाजार और टीबी से मुक्त होने की दिशा में बढ़ रहा भारत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को मन की बात की में कहा कि कुछ वर्षों में हमने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कई बड़ी चुनौतियों पर विजय पायी है। सबका प्रयास की भावना के साथ हम कालाजार और टीबी उन्मूलन की दिशा में भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, विश्वास है कि झारखंड-बिहार के लोगों के सामर्थ्य व उनकी जागरूकता शीघ्र ही हम कालाजार बीमारी पर काबू पा लेंगे। प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से भी मेरा आग्रह है कि वे दो बातों का जरूर ध्यान रखें। एक है, बालू मक्खी पर नियंत्रण और दूसरा, जल्द से जल्द इस रोग की पहचान और पूरा इलाज। उन्होंने कहा, साल 2022 की कई सफलताओं में एक सफलता यह भी है कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया। एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए भी यह साल याद रखा जायेगा।

**अब सिर्फ 4 जिलों में है कालाजार :** मोदी ने कहा कि कुछ समय पहले तक कालाजार का प्रकोप, चार राज्यों के 50 से अधिक जिलों में फैला हुआ था, लेकिन अब यह बीमारी झारखंड और



बिहार के चार जिलों तक ही सिमटकर रह गयी है। हमने भारत से चेचक, पोलियो और 'गिनी वर्म' जैसी बीमारियों को समाप्त करके दिखाया है। मोदी ने कहा, पहले जब किसी को कालाजार होता है तो उसे महीनों तक बुखार रहता है, खून की कमी हो जाती है, शरीर कमजोर पड़ जाता है और वजन भी घट जाता है। यह बीमारी, बच्चों से लेकर बड़ों तक किसी को भी हो सकती है। अब सबके प्रयास से कालाजार बीमारी अब तेजी से समाप्त होती जा रही है। कालाजार का इलाज आसान है, इसके लिए काम आने वाली दवाएं भी बहुत कारगर होती हैं। बस, आपको सतर्क रहना है। जरा सोचिए, हमारा देश जब कालाजार से भी मुक्त हो जायेगा, तो ये हम सभी के लिए कितनी खुशी की बात होगी। जनसेवा और जनभागीदारी की यही शक्ति, हर मुश्किल लक्ष्य को प्राप्त करके ही दिखाती है।

(शेष पेज 11 पर)

### आदिवासी क्षेत्रों में बांस के कुशल कारीगर

पीएम ने कहा कि देश के अनेक क्षेत्र में बांस से अनेक सुन्दर और उपयोगी चीजें बनायी जाती हैं। विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में बांस के कुशल कारीगर, कुशल कलाकार हैं। जब से देश ने बैम्बू से जुड़े अंग्रेजों के जमाने के कानूनों को बदला है, इसका एक बड़ा बाजार तैयार हो गया है।

आदिवासी समाज के लोग बैम्बू से कई खूबसूरत उत्पाद बनाते हैं। बैम्बू से बनने वाले बॉक्स, कुर्सी, चायदानी, टोकरियाँ, और ट्रे जैसी चीजें खूब लोकप्रिय हो रही हैं। यही नहीं, ये लोग बैम्बू घास से खूबसूरत कपड़े और सजावट की चीजें भी बनाते हैं। इससे आदिवासी महिलाओं को रोजगार भी मिल रहा है, और उनके हुनर को पहचान भी मिल रही है। हमें भी उन्हें सजाने- सवाँरने और संरक्षित करने के लिए निरंतर काम करना चाहिए। हम खुद भी ऐसे स्वदेशी और स्थानीय उत्पाद इस्तेमाल करें और दूसरों को भी ये उपहार में दें। इससे हमारी पहचान भी मजबूत होगी, स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी, और, बड़ी संख्या में, लोगों का भविष्य भी उज्जवल होगा।

# एनएचएआइ अधिकारी के खिलाफ सीबीआइ जांच शुरू

- आय से 237.33 प्रतिशत अधिक संपत्ति का आरोप
- यूपी निवासी हैं सदरे आलम, मोरहाबादी में फ्लैट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (एनएचएआइ) के अधिकारी सदरे आलम के खिलाफ सीबीआई ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच डीएसपी रूबी चौधरी करेंगी। पटना क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक सदरे आलम के खिलाफ आरसी 0232022 ए 0016 मामला दर्ज किया गया है। उन पर आय से 237.33% अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। सीबीआइ ने उन्हें घूस लेते गिरफ्तार किया था। सदरे आलम मूल रूप से यूपी के गाजीपुर के रहने वाले हैं। उनका रांची के मोरहाबादी स्थित साइंस सिटी के पास प्रसाद एनक्लेव में फ्लैट है। आय से अधिक संपत्ति का हुआ खुलासा-

सीबीआई द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जुलाई 2021 से सितंबर 2022 के बीच सदरे आलम ने एनएचएआई मुख्य महाप्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय पटना के पद पर कार्यरत रहते आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। सीबीआई ने यह आरोप लगाया है कि उस समायावधि के दौरान उनकी आय 25,52,056 रुपए थी। इसमें कृषि भूमि से होने वाली आय भी शामिल थी, जबकि इसी अवधि के दौरान उनकी अर्जित संपत्ति 71,01,250 बतायी गयी, जो उनकी आय से 237.33% अधिक है।

**सीबीआइ ने रिश्वत लेते किया था गिरफ्तार :** पटना क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक सदरे आलम को सीबीआई ने पांच लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। इसके अलावा दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तारी हुई थी। सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार, एनएचएआई के पटना क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक व अन्य के खिलाफ नासिक स्थित एक प्राइवेट कंपनी के अधिकारियों के बढ़े हुए बिल को मैनेज करने का आरोप लगा था। इसके अलावा मापी पुस्तिका में हेरफेर करने को लेकर रिश्वत के रूप में मोटी रकम मांगने की शिकायत मिली थी। इसके बाद सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## वीर शहीद निर्मल दा ने अलग राज्य आंदोलन को दी थी धार : हेमंत

# शहीदों के सपनों के अनुरूप बना रहे झारखंड : मुख्यमंत्री

### प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हेमंत ने कहा शहीदों को सम्मान देने को कृतसंकल्प

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार शहीदों के सपनों और अरमानों के अनुरूप झारखंड बना रही है। वीर शहीद निर्मल महतो को उनकी जयंती पर आज पूरा राज्य उन्हें याद और नमन कर रहा है। वे झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता थे। उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता से झारखंड अलग राज्य आंदोलन और संघर्ष को ताकत और धार दी थी। इस खातिर उन्होंने अपनी कुर्बानी भी दे दी। झारखंड के लोग उनके योगदान को कभी भुला नहीं



सकते हैं। हमें उनके सपनों और बताये पद चिन्हों पर चलकर राज्य का नवनिर्माण करना है। मुख्यमंत्री ने शहीद निर्मल महतो के 72वें जन्मदिन के अवसर पर रविवार को जमशेदपुर के कदमा, उलियान स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सीएम ने ने इस अवसर पर उनके आवास स्थितओ स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित किया और परिजनों से मुलाकात की।

### झारखंड के लिए कई वीरों ने दी शहादत

सीएम ने कहा कि दिशोमगुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाने के लिए कई वीरों ने अपने शहादत दी थी। आज हम उन शहीदों के सपनों के झारखंड का निर्माण करने का काम कर रहें हैं। झारखंड सरकार राज्य आंदोलन के वीर शहीदों को पूरा सम्मान और अधिकार देने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। शहीदों के आश्रितों को पेंशन के साथ नौकरियों में क्षैतिज आरक्षण समेत कई अन्य सुविधाएं देने का निर्णय लिया है। यहां के आदिवासी, दलित, पिछड़े, गरीब, किसानों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की गयी हैं। जिस प्रकार हमारे आंदोलनकारियों ने सामंतवाद के खिलाफ आंदोलन कर अपने बातें रखीं, उसी प्रकार हमें वंचितों, शोषितों, असहाय, गरीब एवं समाज के पिछड़े वर्ग के हक अधिकार के लिए अपने आवाज बुलंद करनी है। इस अवसर पर कल्याण मंत्री चंपाई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक राम दास सोरेन, सविता महतो, समीर मोहंती, संजीव सरदार, मंगल कालिंदी व बड़ी संख्या में आम जनता उपस्थित थे।

# बिहार के स्कूली बच्चों की बस पलटी, 20 घायल

### छह गंभीर, रिम्स रेफर, गया से हुंडरू फॉल घूमने आ रहे थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-हुंडरू फॉल पथ के डॉक्टर मोड़ पर स्कूली बच्चों से भरी बस के पलटने से करीब 20 बच्चे घायल हो गये। हादसे में छह बच्चों को गंभीर चोट आयी हैं। उन्हें इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है। बस गया के बाराचट्टी से स्कूली बच्चों को लेकर हुंडरू फॉल घुमाने जा रही थी। सिकिदिरी पुलिस ने गंभीर रूप से घायल छह बच्चों को ईलाज के लिए रिम्स भेजा। हादसा रविवार करीब डेढ़ बजे की है। प्रधानाचार्य विक्रम कुमार के अनुसार बुनियाद बीघा के सरस्वती विद्या मंदिर के 64 बच्चों व छह





शिक्षकों को लेकर बस (बीआर 02 डब्लू 5769) सिकिदिरी के रास्ते हुंडरू फॉल पिकनिक मनाने जा रहे थे। तेज गति के कारण घातक मोड़ पर बस असंतुलित होकर पलट गयी। बच्चों की चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े। बस का सीसा को तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायलों में शुभम कुमार, संदीप कुमार, नेहा कुमारी, ललिता कुमारी, पंकज कुमार, कुमकुम कुमारी, रोबिन कुमार, रेणु कुमारी, प्रदीप कुमार, रंजीत कुमार, राहुल कुमार व पुष्पक कुमारी शामिल है।

**ग्रामीणों ने बिस्किट और पानी पहुंचाया :** घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण पानी का बोतल और बिस्किट लेकर बच्चों को दिया। ग्रामीण रमन कुमार व ताहीर ने बच्चों को डॉक्टर के पास पहुंचाने में सहयोग किया। घटना के बाद चालक व खलासी फरार ही गए। इधर पुलिस ने क्रेन बुलाकर बस को जब्त कर लिया है।

### राजधानी में क्रिसमस की धूम



### गीतांजलि ट्रेन से कट कर लोको पायलट की मौत

**चक्रधरपुर।** रेल मंडल के मनोहरपुर रेलवे स्टेशन में चलती ट्रेन से उतरने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से सहायक लोको पायलट की मौत हो गयी। मृतक लोको पायलट की पहचान महावीर कुमार (33) पिता अनादि कुम्हार के रूप में की गयी। लोको पायलट का शरीर पटरी और रेल चक्का के बीच आ जाने से दो भाग में विभक्त हो गया। वह मूल रूप से झारखंड के बोकारो जिला अंतर्गत पेंडराजोरा थाना क्षेत्र के रानीचीरका गांव के रहने वाले थे। ओड़िशा के राउरकेला में रहकर रेलवे में लोको पायलट के पद पर काम करते थे। रविवार को गीतांजलि ट्रेन से मनोहरपुर स्टेशन के दो नंबर प्लेटफार्म में चलती ट्रेन से उतरने के दौरान हादसे का शिकार हो गये।

# तजाकिस्तान में फंसे 44 मजदूर आज पहुंचेंगे दिल्ली

### वतन वापसी पर मददगारों के प्रति जताया आभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** तजाकिस्तान में फंसे झारखंड के 44 मजदूरों की सोमवार को वतन वापसी होगी। मजदूर सुबह 10:50 बजे उड़ान भरेंगे और 12:50 बजे दिल्ली पहुंचेंगे। वतन वापसी को लेकर उनके परिजनों में काफी खुशी है।

ये सभी मजदूर गिरिडीह, हजारीबाग व बोकारो जिले के हैं। मजदूरों ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो शेयर कर वतन वापसी की गुहार लगायी थी।



जनप्रतिनिधियों ने पहल की और अब वे अपने घर लौट सकेंगे। इसके लिए फिर वीडियो भेजकर उन्होंने आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि पैसे कमाने के लिए दलालों के चक्कर में ये मजदूरों ताजिकिस्तान पहुंच गये थे। वहां समय पर तनख्वाह नहीं मिलने से उन्हें खाने-पीने में परेशानी होने लगी। इसकी जानकारी मजदूरों ने एजेंट को मोबाइल पर देने की कोशिश की, हालांकि, एजेंट ने मजदूरों का कॉल कभी रिसीव नहीं किया।

(शेष पेज 11 पर)

### सभी गिरिडीह, हजारीबाग व बोकारो के हैं

गिरिडीह जिले बगोदर प्रखंड के संतोष महतो, सरिया प्रखंड के तेजो महतो, चिचाकी के दशरथ महतो, नुनूचंद महतो, गणेश महतो, डुमरी प्रखंड के नंदू कुमार महतो, खेचगढी के प्रदीप महतो, चेगडो सोहन महतो, गिरि महतो, डुमरी के बीरेन्द्र कुमार, घुजूडीह के नकुल महतो हैं। हजारीबाग जिले के मजदूरों में बिष्णुगढ़ के तिलेश्वर महतो, प्रदीप गंजु, रामेश्वर महतो, महाबीर महतो, रीतलाल महतो, गोवेर्धन महतो, मितलाल महतो, भलुआ के जगदीश महतो, बासुदेव महतो, प्रेमचंद महतो, बरहमदेव महतो, गोविंदपुर बालेश्वर महतो, आशोक सिंह, जोबर के आयोध्या महतो, उमेश महतो, टेकलाल महतो, तालो महतो, बीरू सिंह, संतोष महतो, बंदखारो के मंगर महतो, नारायण महतो, कृष्णा कुमार मंडल, दिलीप महतो, विनय महतो, मनोज कुमार महतो, त्रिभुवन महतो, लालदेव महतो, बसंत मंडल तुलसी महतो, नेरकी के रोहित सिंह हैं। बोकारो जिले के मजदूरों में गोमियां प्रखंड अंतर्गत सिधाबारा के मुकेश महतो, महुआटांड के टीको महतो, बोकारो थर्मल के कमलेश अगरिया हैं।

# झारखंड में भाजपा को चुनौती व अवसर दोनों है

### सत्ता को सेवा का जरिया बनायें, संगठन को सशक्त करें : बंसल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा है कि सत्ता को सेवा का माध्यम बनाने की जरूरत है। श्री बंसल रविवार को पार्टी मुख्यालय में प्रदेश कार्य समिति सदस्यों, कोर ग्रुप व महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा के लिए अनुकुलता तो है, लेकिन, चुनौती के साथ-साथ अवसर भी हैं। उन्होंने प्रदेश कोर कमेटी सदस्यों, पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों का उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की सोच में व्यापक परिवर्तन आया है। आज भाजपा गांव, गरीब,किसान सर्व समाज की पार्टी है। भाजपा अब सर्व व्यापी, सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी है। श्री बंसल ने कहा कि भाजपा के लिए कोई भी अछूत नहीं है। हमें भारत की प्रगति, उन्नति और विकास में सबको सहभागी बनाते हुए आगे बढ़ते जाना है।

(शेष पेज 11 पर)

## राज्य में फिर बदलेगा मौसम

# राजधानी में 31 दिसंबर तक छाए रहेंगे आंशिक बादल

### हल्के दर्जे की बारिश की भी संभावना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौसम विभाग के अनुसार पूरे राज्य के मौसम में बदलाव आने की संभावना है। 26 से 28 दिसंबर तक राज्य के उत्तर पूर्वी इलाके (देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज) में सुबह कोहरे के बाद पूरे दिन आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। वहीं हल्के दर्जे की बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि राजधानी रांची में 31 दिसंबर तक आंशिक बादल छाए रहेंगे। राज्य के न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जाएगी।

**पिछले 24 घंटे का रिकॉर्ड :** मौसम विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 09.7 डिग्री सेल्सियस सिमडेगा में दर्ज की गई। वहीं रांची का अधिकतम तापमान 28.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



### रांची : मौसम पूर्वानुमान

**26 दिसम्बर** : सुबह में कोहरे या धुंध और बाद में आंशिक बादल छा सकता है। अधिकतम तापमान 28 डि.से. न्यूनतम तापमान 14 डि.से.
**27 दिसम्बर** : सुबह में कोहरा या धुंध तथा बाद में आसमान मुख्यत: साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 28 डि.से., न्यूनतम तापमान 13 डि.से.
**28 दिसम्बर** : सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान मुख्यत: साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 27 डि.से. न्यूनतम तापमान 11 डि.से.
**29 दिसम्बर** : सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान मुख्यत: साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 26 डि.से. न्यूनतम तापमान 10 डि.से.
**30 दिसम्बर** : सुबह में कोहरे या धुंध और बाद में आंशिक बादल छा सकता है। अधिकतम तापमान 27 डि.से. न्यूनतम तापमान 11 डि.से.
**31 दिसम्बर** : सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान मुख्यत: साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 26 डि.से. न्यूनतम तापमान 10 डि.से.

## प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई कोर्ट के फैसलों ने बटोरी सुर्खियां

# खूब चर्चित रहा 26 साल पुराना चारा घोटाल मामले में लालू यादव की सजा

### रांची सिविल कोर्ट का वार्षिक लेखा-जोखा

**उदय चौहान**

**रांची।** चारा घोटाले के 26 साल पुराने एक मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को सीबीआइ कोर्ट ने सजा सुनाई। बिहार के पूर्व सीएम श्री यादव को सजा सुनाये का मामला कई मायनों में खास रहा। इस फैसले के कारण लालू यादव को जेल जाना पड़ा। सिविल कोर्ट स्थित सीबीआई एवं ईडी कोर्ट इस साल कई महत्वपूर्ण फैसले के लिए चर्चित रहा।

वहीं, मांडर विधायक बंधु तिर्की को आय से अधिक संपत्ति मामले में सजा होने के बाद विधायकी चली गई। यह मामला भी पूरे साल चर्चित रहा। इस फैसले के बाद मांडर विधानसभा में उपचुनाव हुआ, जिसमें शिल्पी नेहा तिर्की निर्वाचित हुई। सबसे अधिक इस साल ईडी कोर्ट पर पूरे देश की नजर टिकी रही।





### चारा घोटाले में मिली पांच साल की सजा

सीबीआई कोर्ट ने चारा घोटाले के पांच मामलों में अभियुक्त लालू प्रसाद को अंतिम मामले में दोषी पाकर पांच साल कैद की सजा सुनाई। जिसके कारण वह लंबे समय तक न्यायिक हिरासत में रहने के बाद जमानत मिली थी। सीबीआई कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति मामले में मांडर विधायक बंधु तिर्की को तीन साल की सजा सुनाई। जिसके कारण उनकी विधायकी चली गई। यह सुनवाई अदालत की सख्ती के कारण त्वरित गति से हुआ था। बंधु को उस मामले में सजा हुई जिसमें सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट अदालत में जमा किया था।



**मनी लाउंड्रिंग मामले में सात लोग गये जेल** : झारखंड में इस साल ईडी की ओर से जबरदस्त कार्रवाई की गई है। मनी लाउंड्रिंग मामले में सात केस दर्ज किया गया। मनी लाउंड्रिंग के आरोप में आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल, पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, वकील राजीव कुमार, कारोबारी अमित अग्रवाल समेत सात को जेल भेजा गया।



**योगेंद्र साव और उनकी पत्नी को सुनाई गई 10 साल की सजा** : सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर योगेंद्र साव से जुड़े हजारीबाग कोर्ट से स्थानांतरित मामले की सुनवाई करते हुए रांची के सेशन कोर्ट ने एक मामले में 10 साल की सजा सुनाई। जिसमें उनकी पत्नी निर्मला देवी को जेल जाना पड़ा। हालांकि और कई मामलों में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

**नक्शा विचलन में 11 साल बाद हुआ आरोप तय** : नक्शा विचलन कर रानी अस्पताल एवं जगन्नाथ अस्पताल खड़ा करनेवाले निदेशक डॉ राजेश कुमार एवं डॉ सुधीर कुमार के खिलाफ 11 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने आरोप तय किया। वहीं, सीबीआई कोर्ट में महत्वपूर्ण मामलों में फैसला सुनाया। भ्रष्टाचार के आरोप में सीबीआई एवं एसीबी कोर्ट में दो दशक या उससे अधिक पुराने मामलों में से सिर्फ एक मामले में ही इस साल फैसला आया। जबकि लगभग 50 केस लंबित है। इसमें से अलकतरा घोटाला, भूमि घोटाला भी शामिल है। आनेवाले नये साल में चारा घोटाले के अंतिम मामले में फैसला आएगा।

आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के साथ पंकज मिश्रा एवं राजीव कुमार के मामले राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रही। इतना ही नहीं सेशन कोर्ट ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं उनकी तत्कालीन विधायक पत्नी निर्मला देवी को जानलेवा हमले समेत अन्य आरोप में दोषी पाकर दस साल की सजा सुनाई। कोविड-19 महामारी के बाद फरवरी महीने से कोर्ट में सुनवाई सामान्य हुई। इसके पहले सिविल कोर्ट में ऑनलाइन सुनवाई चल रही थी। इसके त्वरित निष्पादन में अड़चनें आयी। राज्य में गैर-कानूनी गतिविधियों के आरोप में इस साल एनआईए ने चार केस दर्ज किया। जिसमें, बलराम उरांव समेत कई नक्सलियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। हालांकि, इस साल भी एनआईए से जुड़े एक भी मामले में फैसला नहीं आ सका।

### मंत्री समेत विधायकों ने लगाई अदालत में हाजिरी

बीज घोटाले के एक मामले में राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद एसीबी कोर्ट में हाजिरी लगानी पड़ी। वहीं मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक ने समय .समय पर हाजिरी लगाई। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व मंत्री सह विधायक भानु प्रताप शाही, कमलेश सिंह का नाम शामिल है।

# नये साल में रेलवे का तोहफा : वंदे भारत एक्सप्रेस से 5 घंटे में तय कर सकेंगे हटिया से हावड़ा तक का सफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची से हावड़ा सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। नये साल में वंदे भारत एक्सप्रेस रांची रेल मंडल हटिया से हावड़ा तक चल सकती है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं की हयी है। रांची रेल मंडल से वंदे भारत एक्सप्रेस की सेवा कब शुरू होगी यह रेलवे बोर्ड तय करेगी। रेल अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, 2023 में हटिया से वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू हो सकती है। रांची रेल मंडल की ओर से सारी तैयारियां पूरी हो गयी हैं।

**कम समय में कर सकेंगे रांची से हावड़ा तक का सफर** : वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर करने से यात्रियों का समय बचेगा। स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल कर विकसित किया गया है। यह ट्रेन 150 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी। जिससे रांची और हावड़ा के बीच की दूरी को समय समय में तय की जा सकेगी। रांची से हावड़ा की दूरी 419 किलोमीटर है। वंदे भारत एक्सप्रेस इस दूरी को महज 4 घंटा 55 मिनट में तय किया जा सकेगा। यह ट्रेन देश के कई रूटों पर चलना भी शुरू हो चुका है।

**यात्रियों को ट्रेन में मिलेंगी कई सुविधाएं** : वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों को अन्य ट्रेनों के मुताबिक अतिरिक्त सुविधाएं मिलेगी। यात्रियों की हर सीट के नीचे चार्जिंग प्वाइंट रहेगा। इसके अलावा वाईफाई सिस्टम, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली, वेक्यूम शौचालय, सीट के नीचे रेड लाइन और ट्रेन में उतरने चढ़ने के लिए दिव्यांग यात्रियों के लिए व्हीलचेयर की सुविधाएं मिलेंगी। वंदे भारत एक्सप्रेस में खूबसूरत सजावट भी देखने को मिलेगी।

# अवैध शराब के खिलाफ चलेगा अभियान

### 11 जिलों में विशेष अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए आइजी को अभियान का नोडल अधिकारी बनाया गया है। जानकारी के मुताबिक, उत्पाद विभाग के निर्देशन में पुलिस मुख्यालय ने यह निर्णय लिया है और सभी जिलों को आदेश भी दे दिया है।

गौरतलब है कि बीते 23 दिसंबर को आईजी अभियान ने जिले के एसपी के साथ अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए समीक्षा बैठक की थी। रांची, लोहरदगा, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, हजारीबाग, धनबाद, लातेहार, सरायकेला, चतरा और जामताड़ा में विशेष रूप से अभियान चलाया जाएगा।

**स्मॉल एक्शन टीम चलाएगा अभियान** : अभियान चलाने के लिए पुलिस की स्मॉल एक्शन टीम (सैट) को भी लगाया गया है। सैट टीम के साथ संबंधित जिलों से एक इंस्पेक्टर व दो दारोगा भी रहेंगे। सैट का नियंत्रण पुलिस मुख्यालय में गठित कोषांग के अलावा सभी रेंज के डीआईजी के अधीन होगा। यह अभियान उत्पाद विभाग व जिला पुलिस के आपसी समन्वय से चलेगा।

# समाज में सकारात्मक परिवर्तन को लेकर कार्य करें कार्यकर्ता : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि समाज में परिवर्तन के लिए कार्यकर्ताओं को भूमिका निभानी होगी। श्री प्रकाश रविवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य अंत्योदय के संकल्प को धरातल पर पूरा करना है। पार्टी सत्ता के लिए नहीं बल्कि भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में कार्य करने का है।उन्होंने कहा की झारखंड में जनता के सहयोग से व्याप्त रावण राज को समाप्त करना है। राज्य में चौतरफा भ्रष्टाचार व्याप्त है।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रखंड, अंचल, थाना में जमीनी स्तर पर छोटे छोटे समस्याओं के निदान लिए हो रहे भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। भाजपा ही राज्य के गंभीर मुद्दों को गंभीरता से उठाती है। पार्टी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को जोरदार संघर्ष करना है। राज्य सरकार की नाकामियों को भी जोरदार ढंग से उठाना है। जांच एजेंसियों की बढ़ती कार्रवाई से परेशान राज्य सरकार अब नाकामियों को छुपाने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कहा कि पहले 1932 की नीति को असंभव बताने वाले मुख्यमंत्री अब इसे लागू करने का ढोंग रच रहे हैं। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं से जन-जन तक राज्य सरकार की इस दोहरी नीति को उजागर करने की अपील की। इसके पहले प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने पार्टी के लोकसभा प्रवास एवं डाटा प्रबंधन कार्यों पर प्रकाश डाला। बालमुकुंद सहाय ने सोशल मीडिया एवं मन की बात कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने भारत में आयोजित होने वाले जी 20 बैठक के साथ विश्व में भारत की बढ़ती साख पर बात की।

मंच पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद समीर उरांव उपस्थित थे। बैठक में कोर कमेटी के सदस्य एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष गण, जिला प्रभारी गण, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष गण, प्रवक्ता गण , मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।




# जन आकांक्षाओं के प्रतीक हैं पीएम नरेंद्र मोदी : सुनील बंसल

### भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने चेंबर भवन में कहा कि झारखंड के विकास से ही भारत का होगा विकास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में रविवार को प्रबुद्ध जन वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें बतौर मुख्य वक्ता भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि पीएम नमो भारत की जन आकांक्षा के प्रतीक पुरूष बन गये हैं। उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ता भारत, बदलता भारत पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। मोदी जी के नेतृत्व में विगत 8 वर्षों में दुनिया का नेतृत्व करने वाला सामर्थ्य शाली भारत खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सब केंद्र सरकार के नेक इरादों से ही संभव हो रहा। भाजपा सरकार ईमानदारी से जन आकांक्षाओं को पूरा करने में जुटी है। मोदी सरकार 100 से अधिक कल्याणकारी योजनाओं के साथ गांव गरीब, किसान को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही। उन्होंने कहा कि 8 करोड़ लोगों को गैस सिलेंडर मिलना, जनधन खाता के माध्यम से गरीबों के खाते में पेंशन, किसान सम्मान निधि को शत प्रतिशत भेजने से भ्रष्टाचार पर लगाम लगी। उन्होंने भव्य राममंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ मंदिर, महाकाल मंदिर, केदारनाथ मंदिर के नव निर्माण की चर्चा की। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने का सपना भी मोदी सरकार ने एक दिन में पूरा कर दिया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अलग राज्य का सपना अटल बिहारी ने पूरा किया। जबकि मोदी सरकार ने राज्य में बुनियादी ढांचा को मजूबूत किया है।



मंच पर पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी उपस्थित थे। मंच संचालन विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने किया। डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सुबोध सिंह गुड्डू, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, सुमन कुमार, प्रेम मित्तल, मृत्युंजय शर्मा, रविनाथ किशोर, अरविंद सिंह, नीरज सिंह, संजय जायसवाल, ललित ओझा, रोहित शारदा, कुणाल अजमानी, गुरविंदर सेठी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

### साइबर क्राइम के खिलाफ कार्रवाई जारी, 4.80 करोड़ रुपये पीड़ितों को वापस

**रांची।** झारखंड में साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। वहीं पुलिस ने भी ऐसे अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। लोगों के खातों से पैसा उड़ाने, फर्जी आइडी बनाने, अश्लील टिप्पणी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले पांच सालों में साइबर अपराधियों के खिलाफ झारखंड पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4.80 करोड रुपये फ्रीज कराकर पीड़ितों को वापस करवा दिया है। वहीं 2.65 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किये हैं।

**5000 एटीएम कार्ड और 3500 मोबाइल बरामद** : झारखंड पुलिस ने इन पांच सालों में 5000 एटीएम कार्ड, 3500 मोबाइल, 8000 पैन कार्ड, 1600 पेन ड्राइव, 720 ग्रीन कार्ड, 1000 पीओएस मशीन, एटीएम क्लोनर डिवाइस, 1190 पासबुक, 7000 आधार कार्ड बरामद किये हैं।

## अच्छा काम वाले जेई और लाइनमैन 26 जनवरी को होंगे सम्मानित

# अब होगी सख्ती, बिजली चोरी कराने वाले अधिकारियों और कर्मियों पर गिरेगी गाज

### तय मानक सुरक्षा उपायों के साथ सभी लाइन मैन करें लाइन का काम

**सुधीर**

**रांची।** राज्य में हो रही बिजली की चोरी को लेकर सरकार गंभीर है। इसे रोकने का हर संभव प्रयास कर रही है। चोरी कराने में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का मन बना लिया है। इसी कड़ी में जेबीवीएनएल के कॉर्मिशियल निदेशक मनीष कुमार ने जेई और लाइन मैन के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि ये दोनों जेबीवीएनएल की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उर्जा मेला लगाकर उपभोक्ताओं को जागरूक करें। उन्होंने विगत कुछ महीने से राज्य में किए जा रहे बकाएदारों का लाइन डिस्कनेक्शन करने और राजस्व संग्रह में आयी तेजी के लिए जेई और लाइन मैन को को बधाई दिया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी लाइनमैन लाइन का काम तय मानक सुरक्षा उपाय के साथ करें। मानक सुरक्षा उपायों की कमी से होने वाली दुर्घटना के लिये संबंधित अधिकारी जिम्मेवार होंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि जिस जेई और लाइन मैन के एरिया में बिजली चोरी होगी, उसके लिए वे ही जिम्मेवार होंगे। उनपर कारवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जो जेई और लाइनमैन अच्छे से काम करेंगे, उन्हें 26 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा।



### कॉर्मिशियल निदेशक का क्या है निर्देश

कॉर्मिशियल निदेशक ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार की परियोजनाओं में टाइम फ्रेम को प्राथमिकता देते हुए कार्यों को निष्पादित करें। ठंड और कोविड को देखते हुए प्राप्त सुरक्षा उपाय के साथ विद्युत संरक्षण एवं रखरखाव का कार्य करें। लाइनमैन बिजली चोरी की सूचना संबंधित जेई को देकर विद्युत चोरी की रोकथाम करें और सभी जेई को ग्राम पंचायत के मुखिया और संबंधित पंचायत प्रतिनिधि से मिलकर ऊर्जा मेला लगाने एवं ग्रामीणों को सरकार द्वारा दी जा रही 100 यूनिट मुफ्त बिजली के लाभ की जानकारी देने और बिजली चोरी की रोकथाम के लिए जागरूक करें।

### पूरी तरह नि:शुल्क लगाया जा रहा है स्मार्ट मीटर

जीएम ने कहा कि शहरी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। यह मीटर पूरी तरह निःशुल्क लगाया जा रहा है। मीटर घर के प्रवेश द्वार पर भी लगेगा, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि सरकार 100 यूनिट फ्री बिजली दे रही है। इसका लाभ उपभोक्ता उठायें। कहा कि उपभोक्ता अपने बकाए का भुगतान करें। बिजली चोरी न करें, ताकि लोगों को जीरो कट बिजली देने का सपना पूरी हो सके।

### किस्त में बकाया जमा करने के निवेदन के बाद भी काटें बिजली

रांची जीएम पीके श्रीवास्तव ने कहा है कि दिसंबर माह के तय लक्ष्य को हर हाल में पूरा करें। रांची एरिया बोर्ड के अधीन क्षेत्रों में कुल 83.50 करोड़ रूपया लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि रांची सर्किल और रांची एरिया बोर्ड के अन्य जिलों को मिलाकर कुल 83.50 करोड़ रूपए लक्ष्य दिया गया था। कहा कि 10 हजार से ऊपर के बकाएदारों से बिल वसूली करें, नहीं देने पर उनका कनेक्श काटा जाये। इसके लिए टीम गठन किया जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि पहले उपभोक्ताओं के पास जाएं, उनसे बिल जमा करने की अपील करें। किस्त में जमा करने को कहें, इसके बाद भी अगर वे नहीं देते हैं तो उनका कनेक्शन निश्चित रूप से काटने का काम करें।

## आजसू विधायक ने विस में जनता की आवाज उठाने में बनाया कीर्तिमान

# जनता की समस्याओं पर मुखर रहे हैं गोमिया विधायक लंबोदर महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पहली बार अधिकारी से विधायक बने डॉ लंबोदर महतो जनता के सवालों पर काफी संवेदनशील रहे हैं। डॉ महतो ने विधानसभा में क्षेत्र की समस्याओं के अलावा राज्य के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। शीतकालीन सत्र के दौरान भी डॉ महतो ने कई जनोपयोगी मामला उठाया। उन्होंने अपनी राजनीतिक व प्रशासनिक क्षमता का परिचय भी दिया है। डॉ महतो विधानसभा के अंदर और बाहर राज्य के ज्वलंत मुद्दे और अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर मुखर बने रहे हैं। इस क्रम में उनके प्रशासनिक अनुभव भी देखने को मिला है। किसी भी विषय व मुद्दे पर पूरी तैयारी के साथ अपनी बातों को रखते हैं।

उन्होंने कुरमी-कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने से लेकर क्षेत्र की कई समस्याओं को सदन के अंदर और बाहर दोनों जगहों पर उठाया। उन्होंने सहारा इंडिया में गोमिया विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे राज्य के हजारों जमाकर्ताओं के अरबों रुपये फंसे होने तथा इसे लेकर कई जमाकर्ताओं द्वारा आत्महत्या करने का मामला उठाया। उन्होंने राशन डीलरों के मानदेय भुगतान नहीं होने को लेकर भी आवाज उठाई। उन्होंने सदन के अंदर और बाहर 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाने को लेकर पुरजोर तरीके से अपनी आवाज उठाई है। यही नहीं उन्होंने लगातार विधानसभा परिसर में धरना देकर देशभर में पहला और अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। उन्होंने इस विषय को लेकर बंद हो चुके मुख्यमंत्री प्रश्नकाल में मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बातों को पुरजोर तरीके से रखा और इसको लेकर मुख्यमंत्री को जवाब भी देना पड़ा था। इसी विषय को उन्होंने संपन्न झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में भी पुरजोर तरीके से उठाया था। इसके साथ ही वे जातीय जनगणना कराने की मांग को जोरदार तरीके से उठाते रहे हैं।



उन्होंने पारा शिक्षकों की भांति आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया, पोषण सखियों, रसोइयों, कृषक मित्रो, मनरेगा कर्मी, रोजगार सेवक, प्रखंड कार्य पदाधिकारी, कनीय अभियंता, डीआरडीए कर्मी, बीआरपी सीआरपी को वेतनमान देते हुए सेवा स्थाई करने का मामला भी उठाया है। आबादी के आधार पर ओबीसी को आरक्षण देनेए झारखंड राज्य में भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बिहार सरकार की तर्ज पर विशेष आर्थिक इकाई एवं विशेष निगरानी टीम का गठन करने को लेकर भी प्रस्ताव लाया।

## तरन्नुम संगीत संस्थान में क्रिसमस गैदरिंग



रांची। मोराबादी स्थित अंतू चौक के तरन्नुम संगीत संस्थान में केक काटकर क्रिसमस का सेलिब्रेशन किया गया। इसमें संस्थान की डायरेक्टर डॉ मृणालिनी अखौरी के साथ संस्थान में प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं की भी उपस्थिति थी। इनमें प्रिंस, जिज्ञासु, मोनिका, आतिश, लक्ष्मी, राजेश, निरंजन, युवान, किरण, ऋषभ, विदुषी, आरवी और रीवा शामिल हैं। सभी ने एक-दूसरे को मैरी क्रिसमस बोल एक-दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी।

## डीएवी आलोक में क्रिसमस का भव्य आयोजन



रांची। पुंदाग स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में क्रिसमस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों सैंटा क्लॉस बन कर सबको मोह लिया। इस अवसर पर प्रभु यीशु के जीवन चरित्र से संबंधित एक लघु नाटिका का मंचन भी किया गया। बच्चों ने भव्य एवं आकर्षण चरणी बनाई थी जिसे विभिन्न उपकरणों एवं विद्युत सज्जा आदि से सजाया गया। प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने विविध संस्कृति एवं धर्मों के प्रति समन्वय पर प्रकाश डाला एवं अन्य धर्मनिरपेक्ष भारत की छवि के संबंध में विचार रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेनू सिंह विजय और सुजाता की सराहनीय भूमिका रही।

### गैर मसीहियों ने भी कैंडल जलाकर अपने व अपने प्रियजनों के लिए मांगी मन्नतें

# विशेष आराधना व मिस्सा के साथ मसीहियों ने किया बालक येसु के जन्म का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। प्रेम व शांति के राजकुमार येसु ख्रीस्त के जन्म के अवसर आज रांची शहर के चर्चों में विशेष आराधना व मिस्सा अनुष्ठान के साथ बालक येसु का स्वागत किया गया। शांति के राजकुमार के जन्म पर न सिर्फ मसीही विश्वासी बल्कि गैर मसीही भी उनके दर्शन कर यही मिन्नतें किया कि हे प्रभु उनके हृदय में, उनके घरों में तथा उनके घर के प्रत्येक सदस्यों के दिलों में आएं ताकि हम सभी आप के निस्वार्थ, प्रेम, सेवा, दया, करुणआ और क्षमादान जैसे आदर्शों को अंगीकार कर अपने जीवन व कार्य से दूसरों के साथ आनंद व खुशियां साझा कर सके। हम सबों के हृदय से बुराई का अंधकार निकाल और उसके स्थान में धार्मिकता का उजाला फैला ताकि हम मनुष्य भी आप की ही तरह अपना जीवन दूसरों की सेवा और कल्याण के लिए अर्पित कर सकें।



### मनुष्यों के बीच अंधकार को दूर करने और उजाला फैलाने का संकल्प लें : फादर आनंद

ख्रीस्त जन्मोत्सव के अवसर डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मरिज कैथेडल में 25 दिसंबर के अहले सुबह 6:00 बजे क्रिसमस की पहली मिस्सा रांची के पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो की अगुवाई में हुई। फादर आनंद डेविड ने कहा कि येसु इस संसार में आए तो एक सोच लेकर आए। उन्होंने अपने जीवन कार्य से यह संदेश दिया कि दूसरों के साथ निस्वार्थ प्रेम, सेवा व सहयोग में बढ़ें ताकि लोग आध्यात्मिकता के उजाले में प्रभु की ओर मुखातिब हों। प्रभु येसु के जन्मदिन पर हम सभी मसीही यह संकल्प लें कि हम विश्वासी भी प्रभु येसु के प्रेम, सेवा, दया, करुणा को अंगीकार कर उन्हीं मूल्यों के साथ दूसरों के साथ पेश आएंगे। हमें भी अपने जीवन से दूसरों के लिए प्रेम, क्षमा, शंति व खुशी बांटने की जरुरत है। इसी गिरजाघर में दूसरी मिस्सा दिन के 8:00 बजे फादर निखिल मिंज की अगुवाई में तथा तीसरी मिस्सा दिन के दस बजे फादर जार्ज मिंज के नेतृत्व में हुई।



### दूसरों के साथ प्रेम, आनंद और खुशियां बांटने का पर्व है क्रिसमस : जेएम तोपनो

सीएनआाई विश्वासियों ने रविवार को प्रातः चर्च रोड बहू बाजार स्थित संत पॉल्स कैथेड्रल में ख्रीस्त जन्मोत्सव की अराधना और पवित्र भोज किया। इसमें पुरोहित जेएम तोपनो इसके मुख्य अनुष्ठक रहे जबकि उपदेशक पुरोहित एस भूईयां रहे। इसके अलावा इस आराधना में सामुएल तिग्गा, ओमेगा राय और ममता राय ने पवित्र बाईबल से पाठ व भजन संहिता पढ़ी। पुरोहित जेएम तोपनो ने अपने संदेश में क्रिसमस को दूसरों के साथ ख्रीस्त का प्रेम, आनंद और खुशियां बांटने का त्योहार बताया। कहा कि क्रिमसस के मौके पर हम सभी मसीहियों को यह संकल्प लेने की जरुरत है कि अपने हृदय में अपने घरों में ख्रीस्त को जन्म लेने के लिए स्वागत करें। उनका यह स्वागत तब ही सार्थक होगा जब हम ख्रीस्त की भांति अपने जीवन में निस्वार्थ, प्रेम, सेवा को अंगीकार करते है।

### एक-दूसरे को दी बधाई

जीईएल चर्च के विश्वासियों ने जन्म पर्व या बड़ा दिन के अवसर पर रविवार को अलग-अलग समय पर विशेष आराधना कर लूथेरन विश्वासियों के साथ क्रिसमस की खुशियां साझा की। इस क्रम में आज प्रातः 6:30 बजे यूथ सर्विस हुई। जिसमें आराधना का संचालन रेव्ह बी तोपनो ने किया जबकि जीईएल चर्च के मॉडरेटर बिशप जोहन डांग रहे। साध्यकालीन गिरजा संध्या 5:00 बजे से हुई जिसमें आराधना का संचालन रेव्ह एन गुड़िया ने किया जबकि उपदेशाक बिशप सीमांत एस तिर्की रहे। एनडब्ल्यू जीईएल चर्च के विश्वासियों ने इसी चर्च में पहली आराधना सुबह 8:00 बजे की। आराधना का संचालन रेव्ह यीशु नासरी मिंज ने किया जबकि उपदेशक आर्चबिशप राजीव सतीश टोप्पो रहे। दूसरी आराधना दिन के 11:30 बजे हुई। जिसमें आराधना का संचालन प्रेम तिर्की ने किया जबकि उपदेशक रेव्ह यीसू नासरी मिंज रहे।

## इग्नू के स्टूटेंड्स को अब उनके पते पर ही भेज दिया जायेगा मार्कशीट

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से मार्कशीट डाउनलोड करना है तो आपको चिंता करने की जरुरत नहीं है। इग्नू विश्वविद्यालय फाइनल परीक्षा होने के बाद मार्कशीट उम्मीदवार के रजिस्टर्ड पते पर भेज देगा। इसकी जानकारी इग्नू ने अपने ऑफिशियल वेबसाइट पर दी है। बता दें कि इग्नू की ओर से सैकड़ों डिस्टेंस कॅरियर ओरिएंटेड कोर्स कराया जाता है।

**रजिस्टर्ड पते पर 40-45 दिन में आ जाता है मार्कशीट :** इग्नू की ऑफिशियल वेबसाइट के अनुसार, स्टूडेंट का मार्कशीट रजिस्टर्ड पते पर पहुंचने में 40-45 दिन का समय लगता है। हर उम्मीदवार के लिए समयावधि अलग-अलग हो सकती है। स्टूडेंट्स निकटतम डाकघर में पता कर सकते हैं कि उनका डॉक्यूमेंट पहुंचा है या नहीं? अगर किसी कारण से स्टूडेंट तक डॉक्यूमेंट नहीं पहुंच पाता है तो यह इग्नू के हेड ऑफिस में स्टूडेंट्स इवैल्यूएशन डिविजन में वापिस चली जाती है। इसलिए आप जब भी अपना इग्नू में एडमिशन लें तो अपने घर का पता सही भरें, ताकि आपको डॉक्यूमेंट मिलने में परेशानी न हो। इग्नू मार्कशीट डिस्पैच प्रक्रिया टीईई के लिए पूर्ण इग्नू परिणाम की घोषणा के बाद ही शुरू हो रही है। इसलिए अगर आपका रिजल्ट इग्नु की ऑफिसियल वेबसाइट पर अपडेट कर दिया गया है, तो आप भी यूनिवर्सिटी से अपनी प्राप्त कर सकते हैं।

## राजधानी के कोविड टीकाकरण केंद्रों से कोविशील्ड का बूस्टर डोज

### टीकाकरण केंद्रों से बे'टीका' वापस लौट रहे हैं लोग

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची के कोविड टीकाकरण केंद्रों में निःशुल्क और पेड कोविशील्ड बूस्टर डोज उपलब्ध नहीं है। राजधानी रांची में रविवार को शहरी क्षेत्र में तीन केंद्रों पर टीकाकरण दिये जाने की जिला प्रशासन ने नोटिस जारी किया था। इसमें बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी,

### जिला प्रशासन ने टीकाकरण केंद्रों की सूची जारी की थी

रिसालदार नगर सामुदायिक केंद्र और सदर अस्पताल में टीका दिये जाने की सूचना दी गयी थी। इन तीनों जगहों पर कोविशील्ड का बूस्टर डोज उपलब्ध नहीं था। रिसालदार नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तो सुबह 11 बजे तक खुला ही नहीं था। दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में कोई भी कोविड इंजेक्शन नहीं था। वहां पर दोपहर डेढ़ बजे टीका लेनेवालों की संख्या 20 से 25 थी।

### नो कोविशील्ड वैक्सीन एवेलेबल...



सभी लोगों को वहां मौजूद नर्स ने लौटा दिया। तीनों केंद्रों पर यह नोटिस चस्पा किया गया है कि नो कोविशील्ड वैक्सीन एवीलेबल यानी कोविशील्ड ब्रांड के टीके उपलब्ध नहीं है। वहीं 18 प्लस की उम्र सीमा वाले लोगों को को वैक्सीन के डोज दिये जा रहे हैं, जो फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड तथा प्रीकॉशन डोज के नाम पर उपलब्ध हैं। वहीं पेड टीकाकरण केंद्रों में भी कोविशील्ड का डोज उपलब्ध नहीं है। राजधानी के सभी निजी अस्पतालों में पेड टीके उपलब्ध कराये गये थे। परंतु एक महीने से कोविशील्ड का कोई इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। कमोबेश यही स्थिति ग्रामीण इलाकों के 14 टीकाकरण केंद्रों की भी थी, जहां सिर्फ कोवैक्सीन के डोज ही उपलब्ध थे। कोरबेबैक्स का कोई भी डोज अनगड़ा, बेड़ो, बुंडू, बुढ़मू, चान्हो, कांके, लापुंग, मांडर, ओरमांझी, रातू, सिल्ली, सोनाहातू और तमाड़ के विशेष विद्यालय में उपलब्ध नहीं था।

## झारखंड राज्य के असली जन्मदाता थे अटल बिहारी : संजय जायसवाल

### सुशासन के प्रणेता पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर गरीबों के बीच कंबल वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर पहाड़ी मंदिर परिसर में गरीबों के बीच कंबल वितरण कर श्रद्धांजलि दी गयी। भाजपा के प्रदेश काय्र समिति सदस्य संजय कुमार जयसवाल के नेतृत्व में कंबल वितरण समारोह आयोजित किया गया। श्री जायसवाल ने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण अटल बिहारी वाजपेयी ने ही किया था। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी विकास व सुशासन के प्रणेता थे। उनके कार्यों से सदैव लोगों को प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि अटल जयंती पर पहाड़ी मंदिर, दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, हनुमान मंदिर सहित विभिन्न जगहों पर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि अटल जी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के साथ संगठन में वैचारिक सिद्धांतों के साथ विभिन्न स्तरों पर कार्य किया था। आम जनमानस तक विभिन्न विषयों पर संगठन के विचार और कार्यक्रम पहुंचाने में सफल हुये। उनके ओजस्वी भाषण से जनता मंत्रमुग्ध हो जाया करती थी। दूसरी ओर अटल जी कवि और संपादक के रूप में विख्यात थे। उनमें सक्रियता से लोगों को जोड़ने की उनकी अद्भुत क्षमता थी। अटल जी ने एकीकृत बिहार के वक्त मोराबादी मैदान की सभा में कहा था कि आप मुझे सांसद दो, मैं आपको झारखंड अलग राज दूंगा। केंद्र में राजग की सरकार बनते ही झारखंड अलग राज्य का सपना पूर्ण हुई।

अटल जी को श्रद्धांजलि देने वालों में भाजयुमो जिला के मंत्री शुभम कुमार जायसवाल, राजकुमार जयसवाल, जावेद खान, अविनाश राय, तरुण जायसवाल, रणधीर कुमार, नितेश कुमार, अंकित राजपाल, सुमित बराईक, साकेत चौधरी, समीर आदि थे।

## झारखंड छात्र परिषद और युवा दस्ता ने अटल जी को किया याद



रांची। झारखंड छात्र परिषद एवं युवा दस्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। परिचर्चा में झारखंड छात्र परिषद सह युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भारत के नव निर्माण के लिए छात्रों को पुनः जागृत कर स्व अटल बिहारी वाजपेयी के अधूरे सपने को पूरा करना है। उन्होंने अटल बिहारी की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि झारखंड निर्माण के लिये उन्हें हमेशा याद किया जायेगा। अटल जी के विचारों को आम जनता तक पहुंचाने पर बल दिया। कार्यक्रम में अमित सिंह, पीयूष आनंद, राकेश सिंह, शाहिल कुमार, श्रवण कुमार, दीपक कुमार, सुनील रंजन सहाय, अरुण मिश्रा, लकी कुमार, प्रिंस ओझा ने अपने विचार व्यक्त किये।

## निर्मल दा के विचार, मूल्य एवं आदर्श को जिंदा रखना हर झारखंडी की जिम्मेदारी : सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने निर्मल महतो की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि धरती पुत्र वीर शहीद निर्मल महतो का नाम झारखण्ड के वजूद से जुड़ा है। उनके विचार, मूल्य, साहस एवं आदर्श को जिंदा रखना हर झारखण्डी और खासकर युवाओं की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि निर्मल दा का जीवन अलग राज्य की खातिर समर्पित था। झारखंड आंदोलन की अलख जलाए रखने व शोषण विहीन समाज के निर्माण में निर्मल दा ने जो भूमिका अदा की, वह कभी भूला नहीं जा सकता। निर्मल दा के सपने के अनुरूप झारखंड के नवनिर्माण के लिए आजसू पार्टी की प्रतिबद्धता सदैव कायम रहेगी।



### अटल जी को भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारतीय राजनीति के युग पुरुष, प्रबुद्ध वक्ता एवं शांति के उपासक 'भारत रत्न' स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए आजसू नेता सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि भारतीय राजनीति में अतुलनीय योगदान देने वाले अटल जी का व्यक्तित्व विराट और विद्वता से परिपूर्ण था। उनके कुशल नेतृत्व में देश शक्ति संपन्न व विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर हुआ। राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

# क्रिसमस : ख्रीस्त जन्मोत्सव की खुशी में सराबोर हुई रांची, सभी गिरिजाघरों में आकर्षक रोशनी व रौनक

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में शांति के राजकुमार प्रभु येसु ख्रीस्त का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। ख्रीस्त जन्मोत्सव या क्रिसमस को लेकर जहां 24 दिसंबर की रात राजधानी के विभिन्न गिरजाघरों में पुण्यरात की विशेष आराधना व मिस्सा अनुष्ठान हुए। सभी गिरजाघरों में उस आराधना या मिस्सा अनुष्ठान का नेतृत्व करने वाले पुरोहितों ने आराधना के क्रम में तमाम विश्वासियों को क्रिसमस पर यह विशेष संदेश दिया कि क्रिसमस प्रभु येसु की जयंती का महोत्सव है। प्रभु येसु के जन्म के पीछे मान्यता कहें या विश्वास यह है कि ईश्वर ने जगत से इतना प्रेम किया कि अपना इकलौता पुत्र येसु इस संसार को प्रेम के अनमोल उपहार के रुप मे दिया। प्रभु येसु मानव रुप में इस संसार में हमारे बीच रहे। अपने जीवन और समर्पित कार्य सेवा से उन्होंने जगत के समस्त मानवजाति को यह बताया



कि सत्य, जीवन और मार्ग प्रभु येसु है जो उनपर विश्वास करेगा वह कभी नष्ट होगा। येसु संसार में इसलिए आए ताकि जगत के मनुष्यों के बीच से अंधकार, नफरत, बुराई समाप्त हो और वे परस्पर निस्वार्थ प्रेम, सेवा, दया, करुणा व क्षमाशीलता में बढ़ते हुए ईश्वरीय राज्य का विस्तार करें। अपने जीवन, समर्पित कार्य सेवा और उपलब्ध साधन संसाधन से अपने पड़ोस, मुहल्ले या आसपास के जरुरतमंद, असहाय, अभावग्रस्त, बीमार लोगों की सेवा करें और उनके साथ आनंद और खुशियां साझा करें।

प्रभु येसु के जन्म की खुशी में 24 दिसंबर की रात से ही जहां रांची शहर के सभी चर्च रंग बिरंगी रोशनी से सुसज्जित होकर बरबस लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। वहीं सभी चर्चो में बालक येसु के जन्म दृश्य को जीवंत करने वाले सुसज्जित चरनी व क्रिसमस ट्री न सिर्फ मसीही विश्वासियों के लिए बल्कि गैर मसीहियों के दर्शन का विशेष आकर्षण का केन्द्र बना है।

इस क्रम में डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मेरिज कैथेड्रल परिसर में सुसज्जित चरनी में खासकर युवाओं की खासी भीड़ दर्शनार्थ उमड़ती देखी गयी। संत मेरिज कैथेड्रल परिसर में जीसस की विशाल प्रतिमा और बालक येसु को गोद मे ली हुई माता मरिया के सामने लोग कैंडल जलाकर अपने व्यक्तिगत जीवन, समस्या तथा अपने परिजनों के खुशहाल जीवन के लिए मिन्नतें करते देखे गये। वहीं मनरेसा हाउस परिसर में जेसुइटों द्वारा सुसज्जित भव्य चरनी भी बरबस लोगों के दर्शन के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित आर्चबिशप हाउस में इस साल लोगों की सर्वाधिक भीड़ रही। उसका कारण आर्चबिशप हाउस परिसर में सुसज्जित चरनी है। यह चरनी उस जामगाईं गांव के दृश्य को प्रस्तुत कर रहा है जहां छोटानागपुर के प्रेरित ईश सेवक फादर कोन्स्टेंट लीवंस एसजे ने प्रभु के वचनों के प्रचार-प्रसार के साथ प्रेरिताई कार्य आरंभ की थी।

डंगरा टोली चौक पर सुसज्जित चरनी, संत जेवियर्स कॉलेज परिसर में सजाये गए क्रिब तथा कॉलेज बिल्डिंग में कलर्ड बिद्युत बल्व की साज लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

संत पॉल चर्च बहू बाजार की साज सज्जा भी हर साल की भांति इस वर्ष भी अपनी सजावट के कारण लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। वहीं इस चर्च के सामने संत पॉल कॉलेज परिसर और इसकी बिल्डिंग में बेहतरनी रंगीन बल्वों की साज-सज्जा खास आकर्षण का केन्द्र है।

उधर मेन रोड स्थित लूथेरन विश्वासियों के गिरजाघर क्राइस्ट चर्च और पूरा चर्च परिसर अपनी साज-सज्जा और तमाम व्यवस्थाओं के लिए खास आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

उसी तरह हॉली एंजिल्स चर्च, कोकर, संत फ्रांसिस चर्च हरमू, ऑल सेंट्स चर्च डोरंडा, संत जेम्स चर्च लालपुर, लुर्द माता का चर्च, सामलोंग, ट्रिनिटी चर्च कडरु, बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा के परिसर में स्थित सीएनआई विश्वासियों का चर्च सभी अपनी साज सज्जा के कारण लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।

## सेंटेवीटा अस्पताल में बांटे गये उपहार और मिठाई



### हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को दिया प्रेम और करुणा का संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सेन्टेवीटा अस्पताल परिसर में क्रिसमस का त्योहार हर्षाल्लास मनाया गया। इस मौके पर अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों, चिकित्सकों, अस्पताल कर्मियों तथा आगंतुक मरीजों को शुभकामनाएं दी। सेन्टा-क्लॉज बन कर अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ-साथ आंगतुक मरीजों को भी गिफ्ट व मिठाईयां बांटी गई। डॉक्टरों ने सभी लोगों को स्वस्थ व बेहतर जीवन जीने का संदेश भी दिया एवं प्रभु ईशु से सभी को स्वस्थ रखने की प्रार्थना भी की। स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने वाले सेन्टेवीटा अस्पताल के निदेशक अमित साहू एवं उप-निदेशक रेशमा साहू भी क्रिसमस के इस त्योहार में शामिल हुए। उन्होंने अपनी टीम का जीवन में बेहतर कार्य एवं जीवन में संतुलन बनाये रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रेम व करूणा के संदेशों को लोगों तक पहुँचाया जाना चाहिए। पूरा अस्पताल परिसर क्रिसमस ट्री को रंग-बिरंगे बैलून, आकर्षक बॉल, झालर, विभिन्न तरह के रंगीन बल्बों से सजाया गया है। अस्पताल कर्मियों व मरीजों में एक नए उत्साह का संचार हुआ। सभी एक-दूसरे को-मैरी क्रिसमस बोल कर बधाईयां दे रहे। कार्यक्रम का समापन बहुत ही सकारात्मक तरीके से हुआ। अस्पताल के निदेशक एवं उप-निदेशक ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# वेतन व छुट्टी रद्द करने का आदेश वापस ले सरकार, नहीं तो होगा आंदोलन : संघ

## राज्य के शिक्षकों का शोषण कर रही है प्रदेश की सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र चौबे व मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा की प्रदेश के प्राथमिक और मध्य विद्यालय के छात्रों का छात्रवृति भुगतान के लिए ई-कल्याण पोर्टल पर प्रत्येक छात्रों का डाटा संधारण करने में शिक्षक परेशान हैं। कई तरह की दुश्वारियां और खामियों का सजा शिक्षकों को झेलनी पड़ रही है। पर्व के ऐन मौके पर बात बात पर शिक्षकों का वेतन बंद, विभागीय करवाई और मानसिक शोषण विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है, जो न्याय संगत नहीं है। ऐसे में शिक्षक सड़क पर उतरने के लिए विवश होंगे। विद्यालय में कंप्यूटर या लैपटॉप की सुविधा नहीं है। ऐसे में शिक्षकों से यह कार्य कराना संभव नहीं हो पा रहा है। इ कल्याण पोर्टल पर छात्रों का संधारण करने पर शिक्षकों के सामने कई तरह की समस्या उत्पन्न होती है। एक मोबाइल नंबर पर सिर्फ दो ही बार प्रयोग किया जा सकता है। अगर किसी का तीन बच्चा विद्यालय में पढ़ रहा है तो किसी तीसरे व्यक्ति का मोबाइल नंबर प्रयोग करना होता है।

उन्होंने कहा कि कॉलम में मोबाइल नंबर को लगातार तीसरी बार प्रयोग करने के प>ात सबमिट करने से पुनः होम पेज में चला आता है। इस प्रकार भरा गया सारा डाटा को पुनः भरना होता है, जिससे अधिक समय लगता है। आधार का सर्वर डाउन की समस्या के कारण काम में बाधा आती है। अभिभावक द्वारा नामांकन पंजी में जन्मतिथि कुछ और दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में जन्मतिथि कुछ और है। ऐसे में छात्रों का संधारण करना संभव नहीं है। अधिकांश विद्यालय के कई बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं है, जिसके कारण 100% छात्रवृत्ति फार्म भरना मुश्किल है। एक छात्र का संधारण करने में सब कुछ ठीक ठाक रहने पर कम से कम दस से बारह मिनट लगता है। वहीं, सरवर की त्रुटि के कारण भरे गए डाटा को सबमिट करते समय एप्लीकेशन फेल की समस्या बार-बार आती है। कुछ डाटा में मिसमैच का संदेश आता है बार-बार डाटा एंट्री के बाद वह सफल होता है।

**झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने बच्चों व उनके माता-पिता से की अपील**

# बच्चे मास्क लगायें और सेनिटाइजर साथ रखें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने प्रदेश के अभिभावकों और बच्चों से कोरोनावायरस के खतरे को देखते हुए सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि समाचार पत्रों में लगातार यह पढ़ने को मिल रहा है कि चीन की धरती से एक बार फिर कोरोनावायरस सहित अन्य कई देशों में कोरोना संक्रमण के खतरे को बढ़ा दिया है। चीन समेत कई देशों में कोरोनावायरस में वृद्धि के खतरे को देखते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने उच्च स्तरीय बैठक कर स्वास्थ्य इंतजामों की समीक्षा की। जिसके बाद प्रधानमंत्री ने सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।



सतर्क और सावधानी से बड़े से बड़ा खतरे को टाला जा सकता है। फिर कोरोनावायरस से लड़ने के लिए देश के नागरिक को एक होना होगा। अजय राय ने अभिभावकों एवं बच्चों से अपील की है कि कोविड-19 के गाइडलाइन को देखते हुए अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल में मास लगाकर एवं सेनीटाइजर के साथ भेजें।

## कांके के मेढ़ी में कमलेश राम ने सैकड़ों वृद्धों के बीच बांटे कंबल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बढ़ती ठंड में गरीबों के समक्ष आने वाली चुनौतियों को ध्यान रखते हुए जिले के कांके प्रखंड के मेढ़ी गांव में ठंड से ठिठुरते गरीब असहाय निर्धन सौ वृद्ध व्यक्तियों के बीच पहुंचकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने कंबल बांटा। उन्होंने कंबल वितरण कर गरीब बुजुर्गों को एहसास दिलाया कि समाज में मानवता खत्म नहीं हुई है। आज भी समाज में मानवता जिंदा है। कंबल पाकर बुजुर्ग लोगों ने कमलेश राम को इस नेक कार्य के लिए सहृदय धन्यवाद दिया एवं आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर कमलेश राम ने कहा कि आज भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जयंती है। इस शुभ अवसर पर गरीबों के बीच कंबल वितरण कर मुझे सुखद अनुभूति का एहसास हुआ। गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है। विशेषकर ऐसे भीषण ठंड में जहां लोग ठिठुर रहे हैं। आर्थिक रूप से सक्षम लोगों के पास ठंड से बचने के लिए अनेक साधन व संसाधन होते हैं। परंतु गरीब लोगों के पास आर्थिक तंगी होने के कारण ठंड से बचने के लिए कोई साधन नहीं होता है। वैसे में मैं अपने निजी खर्च से जरूरतमंदों के बीच जाकर कंबल वितरण कर उन्हें ठंड से राहत मिले इस दिशा में अपना योगदान देता हूं। मेरी छोटी सी इस प्रयास से किसी के जिंदगी में मुस्कान ला सकती है। इसलिए मुझे जब भी मौका मिलता है ऐसे सामाजिक कार्यों को बढ़-चढ़कर करता हूं। मौके पर वीर सिंह मुंडा, तेज राय सिंह मुंडा, सतीश बड़ाईक, आशु बाल्मीकि इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# क्वालिटी एजुकेशन देने के साथ लीडर्स ऑफ टूमोरो तैयार करना लक्ष्य : महमूद आलम

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पाम इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया विद्यालय का वार्षिकोत्सव समोरोह

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ व्यक्तित्व निर्माण पर जोर देता है पीआईएस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पाम इंटरनेशनल स्कूल ने शनिवार को ईदगाह मैदान बरियातू में विद्यालय का वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। स्कूल के चेयरमैन महमूद आलम ने कहा कि कट थ्रॉट प्रतियोगिता के मौजूदा समय में पीआईएस बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, संस्कारयुक्त और ऐसी शिक्षा देते हुए लीडर्स ऑफ टूमोरो तैयार करने की दिशा में प्रयासरत्त हैं ताकि बच्चे यहां से अर्जित ज्ञान व अनुभव से अपनी उच्चत्तर शिक्षा को सहजता से समझ सकें और उसी अर्जित ज्ञान से अपने सफल व्यक्तित्व का निर्माण करे सकें।




पीआईएस अपने स्टूडेंट्स को इस तरह तैयार करता है ताकि मेडिकल, इंजीनियरिंग, साइंटिस्ट जैसे क्षेत्रों में जाने के साथ साथ व्यवसाय के क्षेत्र में जाकर दूसरों को रोजगार देने वाले सफल व्यक्ति बन सकें। स्कूल के वाइस चेयरमैन मोहम्मद मुनाजिर और स्कूल की प्रिंसिपल लुबना फातिमा ने विद्यालय के कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त विद्यालय परिवार का धन्यवाद किया और उनके प्रति आभार जताया। वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन में उप प्रधान अध्यापिका शगुफा रहमान, देवलीना विश्वास, फिरदौसी, सबीहा, नुसरत, अनम, कोमल, रश्मि, मोहम्मद शहाबुद्दीन, सफा उल्लाह, मोहम्मद जमाल, मोहम्मद सलीम, जफरयाब, आमिर, अनवर हुसैन सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## राइस्का डूबा के उलगुलान मेले में दिखा मुंडारी नृत्य



**रांची।** पिठोरिया के चंदवे व हुन्दूर पंचायत में गांव के राइस्का डूबा में रविवार को आदिवासी उलगुलान मेला का आयोजन किया गया। इसमें पारंपरिक मुंडारी आदिवासी नृत्य देखने को मिला। 25 दिसंबर को उलगुलान दिवस के रूप में आयोजन किया जाता है। इसमें खूंटी जिले के मुंडारी नृत्य ग्रामीणों को देखने को मिला। आयोजन समिति के सदस्यों संदीप उरांव, मुखिया गुरुवार मुंडा, सनी टोप्पो , बालेश्वर पहान ,रजनी देवी मुखिया बिनोद उरांव ,साधो, सिकन्दर मुंडा नरेन्द्र कुमार सुबोध साहू ,दुबराज साहू गोबिंद महतो, विक्रम ने इसके आायोजन में सराहनीय भूमिका निभायी।

## मां शारदे मंच ने किया राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन समारोह का आयोजन



**रांची।** मां शारदे मंच द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवा, शिक्षा, खेलकूद, चिकित्सा, कला एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री भाजपा झारखंड सुबोध कुमार, डॉ. सीबी सहाय, अरुण अग्रवाल, निदेशक आईएएस एकेडमी, समाजसेवी मुकेश कुमार एवं पीके लाला वरिष्ट अधिवक्ता, झारखंड उच्च न्यायालय उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जीवनी पर भी प्रकाश डाला तथा माँ शारदे मंच की अध्यक्षा नीतू सिन्हा को धन्यवाद देते हुए कहा की उनके द्वारा किये जा रहे सभी कार्य सराहनीय है। माँ शारदे मंच की अध्यक्षा नीतू सिन्हा ने बताया कि माँ शारदे मंच के द्वारा समय समय पर जरूरतमंदों की निस्वार्थ भाव से मदद की जाती है। सम्मानित होने वालों में विजय पाठक, उमा सिन्हा, मनोज कुमार, संदीप पाठक, लक्ष्मण कुमार ठाकुर, अलोक रंजन श्रीवास्तव, सुशीला राणा, शशिभूषण लाला, डॉ. अंगद सिंह धारिया, पूनम रानी तिवारी, हिमकर श्याम, डॉ. शकुंतला मिश्र, मंजुश्री कारेमोरे, सुरेश निराला, नंदा पांडेय, अल्पना सिंह, अजय झा, रजनी बक्शी, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, शिप्रा, डॉ. अनीता शर्मा, डॉ. वंदना रॉय, प्रज्ञा कांत पाठक, कुमार मंगलम, सूरज झन्डाई, डॉ. नदीम अनवर, डॉ. निशिकांत शरण, उज्जवल कुमार, कावेरी सिन्हा, ऋषिकेश लाल शामिल थे।

## पूर्व पीएम बाजपेयी की जयंती पर नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर और कंबल वितरण

**रांची।** नयाटोली विकास समिति के सौजन्य से भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नयाटोली मेसरा के बूथ संख्या-315 में भगवान महावीर केयर जैन समाज संस्था के निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 200 महिला पुरुषों का नेत्र जांच किया गया। साथ ही उन्हें दवा भी निःशुल्क दिया गया। इस दौरान 80 बुजोर्गों को कंबल भी दिया दया। मौके पर भाजपा मेसरा मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवलाल महतो ने कहा नयाटोली विकास समिति हमेशा सेवा कार्यों में अहम भूमिका निभाते आ रहा है। हर वर्ष प्रयास रहता है कि खेल-कूद एवं स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करना, योजनाओं का लाभ की जानकारी घर घर तक पहुंचना। मौके पर नयाटोली विकास समिति के संरक्षक दिनेश महतो, पूर्व मुखिया गंगा करमाली, संजय महतो, शिकारी महतो, एवं सदस्य रामलाल महतो, किशोर महतो, दुबराज महतो,राहुल महतो, श्याम महतो, डा० सुरेश महतो, चमेली देवी, आशा देवी व अन्य मौजूद थें।

# मिथिला संस्कृति और सहित्य अत्यंत समृद्ध : महुआ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

### विश्वंभर फॉउण्डेशन के मिथिला पंचांग का विमोचन

**रांची।** सहजानंद चौक स्थित स्वागतम वैंक्वेट हाल में रविवार को विश्वम्भर फॉउंडेशन की तरफ से पंचांग विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सांसद महुआ माजी ने कहा कि एक पुरातन संस्कार से मिथिला संस्कृति, सहित्य अत्यंत समृद्ध है। एक साहित्यकार होने के नाते वे खुद इससे प्रभावित रही हैं। महाकवि विद्यापति की रचनायें बेजोड़ हैं। जरूरत पड़ने पर वे मिथिला समाज को हर सम्भव सहयोग देने की तैयार रहेंगी। साथ ही, उन्होंने पंचांग पर मिथिला पेंटिंग और सोहराय पेंटिंग की कलाकारी दिखाने की कलाकार अभिलाषा चौधरी की सराहना की।

विधायक सीपी सिंह ने विश्वम्भर फॉउंडेशन की तरफ से किये जा रहे सामाजिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा की रोज नये कार्यक्रमों को आयोजित कर रहा है। विधायक नवीन जयसवाल एवं उप मेयर संजीव विजयवर्गीय ने मैथिली संस्कृति को समृद्ध विरासत बताया। अमरनाथ झा विगत वर्षो में फॉउंडेशन के कार्यों के बारे में बताया।

### विद्यापति स्मारक समिति ने मिथिला पंचांग सह कैलेंडर का किया विमोचन




**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति का 'मिथिला पंचांग सह कैलेंडर 2023' का विमोचन रविवार को किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा, महासचिव उदित नारायण ठाकुर, साहित्यकार विद्यानाथ झा 'विदित', डॉ कृष्ण मोहन झा, डॉ आकांक्षा चौधरी, डॉ चेतना झा, मनीष अरविंद आनंद, प्रीता झा, दिवाकर झा, सिया राम झा आदि मौजूद थे। अतिथियों ने बताया कि 45 वर्षों से विद्यापति स्मारक समिति अपने संगठन को जीवित रखा है। यह एक सराहनीय कदम है। यह समिति अपनी संस्कृति और भाषा की लड़ाई लड़ते आ रही है। समिति अपने संस्था के माध्यम से मिथिला संस्कृति को बचाने का काम करते रही है। कार्यक्रम में उदित नारायण ठाकुर, डॉ बच्चाराम झा, रंजीत लाल दास, श्रेष्ठ नारायण झा, अमरेन्द्र मोहन झा, संजीव मिश्रा, संजीव कुमार, श्याम किशोर चौबे, अशोक मिश्रा, कृतेश झा, रविकांत झा, विद्याकांत झा, श्रीराम मिश्र, दिलीप झा, सतीश झा, कृष्ण कुमार ठाकुर, रविन्द्र मिश्रा, दीपक जायसवाल, बेदानंद झा, इरफान अंसारी, रामनारायण यादव, युगेश्वर पासवान, सत्यनारायण लकड़ा, बिमल कच्छप आदि उपस्थित थे।

## डीपीएस रांची के विद्यार्थियों का क्लैट में प्रदर्शन



**रांची।** डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा शक्ति और विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 2023 में अपनी सफलता का परचम लहरा कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा मे नाजिया खानम ने एआईआर 290 हासिल किया एवं टॉपर बनी। अन्य क्वालीफायर में समृद्धि गुप्ता (एआईआर 400), शौभित दफ्तुआर (एआईआर 503), गुरप्रीत सिंह (एआईआर 1381), शिवा शाम्भवी (एआईआर 1244), संकेत केशव (एआईआर 1686), सृजन सिंह (एआईआर 1755), अनुशा (एआईआर 3355) और वैष्णवी सुधांशु (एआईआर 22938) शामिल हैं।

## विश्वकर्मा मंच झारखंड ने मनाया ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि



**रांची।** विश्वकर्मा मंच झारखंड के तत्वावधान में रविवार को केसर विहार, टोनको टोली के विश्वकर्मा भवन में देश के 7वें राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह जी पुन्यतिथि के अवसर पर श्रद्धाजंली सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्मिक विभाग के अवर सचिव रवीन्द्र रंजन थे। सभा के मुख्य संरक्षक सत्यनारायण शर्मा ने इसकी अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि रविन्द्र रंजन ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि महापुरुषों के बताए गये मार्ग पर चलने पर लोगों को कम कठिनाई होती हैं। महापुरुषों के जीवन से मेहनत करना सीखने की जरुरत है। सभा का संचालन सचिव राकेश कुमार शर्मा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन नवीन निश्चल ने किया। मौके पर दिनेश शर्मा, हीरा लाल शर्मा, सजंय कु. शर्मा, अरविंद शर्मा, विनोद कु. शर्मा, सौरभ कुमार व अन्य मौजूद थें।

## श्रीकृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के भंडारे में 1500 लोगों ने प्रसाद पाया




**रांची।** समाजिक एव धार्मिक संस्था एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के 65 वें अन्नपूर्णा भंडारे में रविवार को 1500 जरुरतमंद, दीनहीन लोगों तथा श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर तृप्त हुए। भंडारे का वितरण पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन मंदिर में संपन्न हुआ। जिसमें प्रसाद के रुप में भक्तों के बीच वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। संस्था के सदस्य तथा इस संस्था के संस्थापक संत शिरोमणी स्वामी सदानंद जी महाराज के परमभक्त अंजनी अग्रवाल व उनके परिवार की ओर से उन्होंने अपने माता-पिता बासुदेव प्रसाद व सुलोचना देवी अग्रवाल तथा छोटे भाई माधव कांत अग्रवाल की स्मृति में यह भंडारा आयोजित किया गया था। अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद स्वरुण लोगों के बीच कचौड़ी, पूड़ी, राजमा चना दाल, उरद दाल, आलू की सब्जी, जीरा राइस, गाजर का स्वादिष्ट हलवा, सूजी का हलवा का वितरण किया गया। इसके अलावा मंदिर परिसर में ही लोगों के लिए निःशुल्क ब्लड प्रेशर की जांच की गयी। साथ ही लोगों को ब्लड प्रेशर नियंत्रित रखने के बारे समझाया गया। ब्लड प्रेशर जांच कराने वालों की स्थिति को देखते हुए उनके बीच निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अन्नपूर्णा भंडारा और जांच शिविर का आयोजन संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल व अन्य मौजूद थें।

# जीवन जीने की अद्भुत कला व ईश्वरीय चिकित्सा है प्राकृतिक चिकित्सा : डॉ शर्मा

## मारवाड़ी भवन में तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर शुरु हुआ शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त तत्वधान में तथा कंचन सेवा संस्थान उदयपुर (राजस्थान) के सहयोग से मारवाड़ी भवन तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर का शुभारंभ हुआ। मारवाड़ी भवन में स्थापित 108 वर्ष प्राचीन हनुमान मंदिर में कंचन सेवा संस्थान उदयपुर के डॉ छैल बिहारी शर्मा, मारवाड़ी सहायक समिति के सचिव कौशल राजगढ़िया, कार्यक्रम संयोजक भरत बगड़िया ने हनुमान जी के प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना कर श्रीफल चढ़ाकर शिविर का विधिवत प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्राकृतिक चिकित्सक डॉ० छैल बिहारी शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा ईश्वरी चिकित्सा है, तथा यह स्वास्थ्य जीवन जीने की अद्भुत कला है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का अनियंत्रित रहन- सहन खान-पान, आहार-विहार, आचार विचार तथा प्रकृति के विपरीत आचरण करना ही रोग का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि अब तक लाखों लोगों का इससे प्राकृतिक पद्धति से उपचार किया गया। तथा हजारों लोगों को इस उपचार से राहत मिली है। इस पद्धति से शरीर के सर्व रोग निवारण आदि का उपचार किया जाता है।



शिविर में 250 मरीजों का घुटना दर्द, कमर दर्द, रीढ़ की हड्डी आदि का उपचार उदयपुर से आए डॉ० शर्मा एवं उनकी 8 सदस्यीय टीम द्वारा प्राकृतिक पद्धति ठंडा सेक, मिप्ती सेक, मिप्ती पप्ती, भाप स्नान,कटि स्नान, आदि के माध्यम से उपचार किया गया। रांची में पहली बार आयोजित प्राकृतिक चिकित्सा शिविर से लोगों को उपचार से राहत महसूस हो रहा है। शिविर प्रतिदिन 3 दिनों तक सुबह 9:00 से 5:00 बजे तक चलेगा। शाम 7:00 से 8:00 तक प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के संबंध में व्याख्यान एवं परिचर्चा का भी आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने इस चिकित्सा के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। तथा मरीजों के अनुरोध पर 26 एवं 27 दिसंबर को अपरा? 3:00 से 4:00 तक डायबिटीज का भी इलाज किया जाएगा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन को सफल बनाने में-रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, मारवाड़ी सहायक समिति अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, कौशल राजगढ़िया, संजय सर्राफ, सज्जन पाड़िया, विजय कुमार खोवाल, भरत बगड़िया, मनोज चौधरी, प्रदीप राजगढ़िया, अशोक लाठ, अजय बजाज, आकाश अग्रवाल, मनीष लोधा, अनिल अग्रवाल, अरुण बुधिया, मनोज रूईया, प्रेम मित्तल, सुरेश जैन, राम बांगड़, विनोद टिबड़ेवाल, रमन बोड़ा, प्रवीण मोदी, अरविंद बंका, अनूप सराफ,आदि ने महत्वपूर्ण योगदान रहा।

स्पीड न्यूज

# शहादत दिवस पर याद किये गये निर्मल महतो, दी श्रद्धांजलि

### सिल्लीः आजसू नेता को पितृ शोक



**सिल्ली।** आजसू के वरीय नेता राजकुमार महतो उर्फ राजू के पिता सेवानिवृत्त हिंडालको कर्मी गोला थाना क्षेत्र के डिमरा निवासी मुटुकधारी महतो का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया वे 82 वर्ष के थे। शनिवार की रात ही स्वर्णरेखा नदी घाट पर उनकी अंत्येष्टि की गई। स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो, आजसू पार्टी केंद्रिय संगठन सचिव जयपाल सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, सुनिल सिंह, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्णा साहू, सुशील महतो, ब्रजेश प्रसाद, समीर सिंह, संजय महतो, समेत आजसू नेता, कार्यकर्ता व सैकड़ों स्थानीय लोग अंत्येष्टि में शामिल हुए।

### अडरा गांव में नीलगाय को किया घायल

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र के अडरा गांव के समीप एक नीलगाय को अज्ञात लोगों के द्वारा घायल कर दिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मौके पर पहुंच कर वन विभाग को सूचित कर घायल नीलगाय को सौंप दिया।

### राहे पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**राहे।** प्रखंड के सिल्ली .राहे सड़क के सुभाष चौक के समीप राहे पुलिस प्रभारी रामरेखा पासवान के नेतृत्व में वाहन चेकिंग किया गया। आने जाने वाले सभी दोपहिया वाहन ओर चार चक्के वाहनों की चेकिंग किया गया ।दोपहिया वाहन चालकों के हेमलेट चेकिंग किया गया। हेमलेट नही पहनने वालो का वाहन को जब्त किया गया। प्रभारी ने कहा कि दुर्घटना से बचाव को लेकर हेमलेट जागरूकता को लेकर चेकिंग किया गया है।

### मेड़ी गांव में गरीबों के बीच कंचल वितरण

**ठाकुरगांव।** भाजपा के एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश राम ने सुशासन दिवस के अवसर पर रविवार को थाना क्षेत्र के मेड़ी गांव में गरीबो के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने 80 असहायों के बीच कंबल तथा 40 बच्चों के बीच स्वेटर तथा जैकेट बांटा। मौके पर अमृत महतो, वीर सिंह मुंडा, अर्जुन महतो, सुरेश महतो, जनार्दन साहु मौजूद थे।

### विधायक ने अस्पताल पहुंचकर घायल का हालचाल पूछा

**सिल्ली।** स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो शनिवार की रात सिंहपुर नर्सिंग होम में घायल बुंडू बारुडीह निवासी चंदन कुमार दास को देखने पहुंचे उन्होंने घायल एवं उनके परिजनों को ढाढस बंधाया एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि चंदन कुमार दास गूंज महोत्सव के अंतिम दिन मेला देख कर अपने घर बुंडू लौट रहे थे इसी क्रम में बंता के समीप सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे।

### बुंडू की बांस आधारित शिविका शिल्पकला केंद्र को पीएम ने सराहा

**बुंडू।** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कुटीर बोर्ड द्वारा बुंडू में स्थापित बम्बू क्लस्टर शिविका शिल्पकला सहकारी सहयोग समिति के गतिविधियों का प्रसारण किया गया ।प्रधानमंत्री ने केंद्र की गतिविधियों की भूरी .भूरी प्रशंसा की और कहा कि आदिवासी समुदाय के पारंपारिक ज्ञान को आजीविका के साथ जोड़ कर आय वृद्धि एवं आधुनिक मशीनों के प्रयोग से बांस शिल्पकला को बढ़ावा देने के लिए शुभकामना दी।

### बोंगई बेड़ा में वन प्रबंधन समिति की बैठक

**अनगड़ा।** वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति बोंगइबेडा की बैठक छोटेलाल महतो की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विवेकानंद जयन्ती के मौके पर 12 जनवरी को वन रक्षा सूत्र सह युवा दिवस धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया । साथ ही एक कमिटी का भी गठन किया गया । जिसमे अध्यक्ष . अजय मुंडा उपाध्यक्ष, अमित महतो सचिव, श्रवण कुमार महतो उपसचिव अजित करमाली मौजूद थे।

---

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली झारखंड मोड़ पर शहीद निर्मल महतो के जयंती मनाया गया। इस अवसर पर आजसू पार्टी सुप्रीमो सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, केंद्रीय सचिव सुनील सिंह, पुर्व जिप उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, संजय सिद्धार्थ, सुशील महतो, जिप उपाध्यक्ष वीणा चैधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी समेत उपस्थित आजसू कार्यकताओं ने सिल्ली झारखंड मोड़ पर स्थित शहीद निर्मल महतो के प्रतीमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। सुदेश महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो झारखंड आंदोल के अगवा थे। उन्होंने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई लड़ते-लड़ते अपनी जान दे दी। साथ ही महाजनी और सूदखोरी पर भी बड़ा आंदोलन चलाकर लाखों लोगों का घर उजड़ने से भी बचाया था।आंदोलन में शहीद निर्मल दा का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर अलग राज्य के संघर्ष को मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।शहीद निर्मल महतो का देन है कि अलग राज्य गठन हो पाया। इस मौके प्रकाश बड़ाइक अनिता देवी, शिशुपाल महतो, सुभाष महतो, बुद्धेश्वर महतो, शत्रुघ्न महतो उपस्थित थे।



### पुरानी राय में कार्यक्रम का आयोजन

**खलारी।** शहीद निर्मल महतो के 72 वां जयंती के अवसर पर पतरातू मैक्लुस्कीगंजएराय से राँची के मुख्य मार्ग के तीन मुहाने पुरानी राय निर्मल महतो के स्मारक चौक के पास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता अर्जुन महतो ने किया। कार्यक्रम में शहीद निर्मल महतो स्मारक पर स्मारक समिति के सदस्य व जनप्रतिनिधियों में बुढ़मू जिला परिसद रामजीत गंझूएअर्जुन महतोएनागेश्वर महतोएकांग्रेस नेत्री इंदिरा तुरीएराजा खानएराजेश महतोएसुनील सिंह ने फूलमाला पहनकर व दीपप्रज्वलित कर नमन किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने शहीद निर्मल महतो अमर रहे के जय करो से गुंजयमान हो गया।

### तमाड़ में आदमकद प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के भुइयांडीह चौक स्तिथ शहीद निर्मल महतो की जयंती के अवसर पर शहीद निर्मल महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से आजसू तमाड़ विधानसभा प्रभारी रामदुर्लभ सिंह मुंडाएपूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडाए जिप सदस्य विजय सिंह मानकीएश्याम कुमार महतोए जिला सचिव रमेश मुंडाए भयभंजन महतोए बुंडू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतोए तमाड़ पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतोए शशिभूषण सिंह मुंडाए विभीषण महतोए गोपाल महतोए कड़िया मुंडाए कालीपद महतोए परिमल नायकए फनी महतोए रसोराज महतोए नंदलाल महतोए रासबिहारी महतोए फागुराम महतोए गोपाल महतोए दिनेश प्रमाणिक सहित सैकड़ों आजसू नेता शामिल थे।

## पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी जी की मनाई गई 98वीं जयंती

### भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि, मना सुशासन दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी की 98वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपाइयों ने चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कार्यकत्ताओं ने उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा जिला ग्रामीण के कार्यक्रम प्रभारी शशिकान्त सिंह, प्रदेश चुनाव प्रबंधन प्रभारी मृत्युंजय शर्मा, जिला मंत्री सह जिला महिला मोर्चा प्रभारी नेहा सिंह, वरिष्ठ नेता शिवपूजन साहू, किसान मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री गोरमेंट भगत, सागर कुमार, आशुतोष कुमार, सुशांत कुमार, प्रेम कुमार व रवि रंजन आदि मौजूद थे।

## क्रिसमसः 15 हजार पर्यटक पहुंचे हुंडरू फॉल



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** नव वर्ष से पूर्व रविवार को क्रिसमस के त्योहार पर रेकॉर्ड पर्यटक हुंडरू फॉल घूमने और पिकनिक मनाने पहुंचे। रविवार को रेकॉर्ड करीब 15 से 20 हजार पर्यटक पहुंचे थे। झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया की पर्यटकों की भीड़ इतनी हो गई थी की फॉल में पिकनिक के लिए जगह मुश्किल से मिल रहा था। गेतलसूद.हुंडरू फॉल पथ व सिकिदिरी.हुंडरू फॉल पथ में फॉल से करीब एक किलोमीटर पहले से ही वाहनो की लंबी कतार लग गई थी। पुल पर पैर रखने की जगह तक नहीं था। इधर सिकिदिरी पुलिस नदारद रही। शाम में थाना प्रभारी दल बल के साथ हुंडरू फॉल पहुंचे थे।

## व्यवसायी के निधन पर बंद रहा गेतलसूद बाजार

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिकिदिरी।** सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी व चैंपियंस ट्राफी फुटबॉल टुर्नामेंट गेतलसूद के कार्यालय प्रभारी प्रियरंजन प्रसाद उर्फ लडडू 38 साल का रविवार को निधन हो गया। लडडू के निधन से टुन्नामेंट आयोजन समिति को काफी गहरा झटका लगा है। लडडू काफी मिलनसार स्वभाव के थे। हमेशा लोगों की मदद के लिए आगे रहते थे। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चें है। अंतिम संस्कार गेतलसूद मुक्तिधाम में किया गया। काफी संख्या में लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए। लडडू भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार के सगे भगीना थे। गुरुवार को अचानक से तबियत बिगड़ने के बाद लडडू को गुरुनानक अस्पताल में भरती कराया गया था। इलाज के क्रम में रविवार की सुबह में इनका निधन हो गया। लडडू की मौत के शोक में पूरा गेतलसूद बाजार दिनभर बंद रहा। गेतलसूद में शोकसभा का मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुण्डा, प्रमुख दीपा उरांव, पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी, मुखिया शांति मुण्डा, समाजसेवी अजय साहू, उपमुखिया शंकर बैठा, कामेश्वर महतो, देवेन्द्र कुमार उर्फ डब्बू, वीरेन्द्र कुमार उर्फ मुन्ना, गोविन्द महतो, राजू सिंह, प्रितरंजन प्रसाद, प्रेमरंजन प्रसाद, उमेश कुमार बड़ाईक, शिवदास गोस्वामी, उमेश कुमार गुप्ता, अमित चौधरी, अशोक सिंह आदि ने अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

### मांडरः सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**मांडर।** रांची मेदनीनगर मुख्य पथ पर स्थित तिग्गा फ्यूल पंप के निकट हुए सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात की है। बताया जाता है जाहेर निवासी 35 वर्षीय रामब्रित लोहरा अपनी प्लेटिना बाइक में तिग्गा फ्यूल पंप से पिट्रोल भराकर निकल रहा था। ठीक उसी दौरान तेज गति में रांची की ओर से आरहे स्कॉर्पियो ने उन्हें अपने चपेट में लेलिया और स्कॉर्पियो डीवाइडर में फंस गया। बाइक सवार को मांडर थाना के गस्ति पुलिस अपनी सूझबूझ से रेफरल अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी नाजुक हालत को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स जाने के दौरान उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के बाद रविवार को विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं स्कॉर्पियो को किरान की मदद से थाना लाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया टक्कर इतनी जोरदार हुई की बाइक के दर्जनों टुकड़े हो गए। मृतक रामब्रित अपने पीछे पत्नी सहित दो बच्चों को छोड़ गया। वह ब्राम्बे में वेल्डिंग का काम किया करता था।

## झारखंड के व्यंजनों को विश्व पटल पर पहुंचा रहा आईएचएम

### मुख्यमंत्री से मिल कर संस्थान की उपलब्धियों को किया साझा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ पर्यटन विभाग, झारखंड सरकार के अधीन संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड अप्लाइड न्यूट्रिशन, रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात कर क्रिसमस डे की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य ने माननीय मुख्यमंत्री को संस्थान की उपलब्धियां को साझा करते हुए ग्लोबल ह्यूमन रिसोर्स सेंटर के रैंकिंग सर्वे 2022 में संस्थान को प्रॉमिसिंग होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट 2022ष अवार्ड से सम्मानित एवं झारखंड राज्य के पारंपरिक व्यंजनों को विश्व स्तर की पहचान दिलाने हेतु आईएचएम रांची द्वारा मैक्सिमम वैरायटी ऑफ झारखंडी मड़ुआ छिलका इन 30 मिनट्स विषय पर आधे घंटे में झारखंडी मड़ुआ छिलका के 135 व्यंजन बना कर ष्इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स 2022 में स्थापित कीर्तिमान जैसे विषयों के बारे में बताया। साथ हीं बताया कि होटल एवम पर्यटन उद्योग के क्षेत्र में यह संस्थान विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रहा है तथा विशेष केंद्रीय सहायता योजना के अंतर्गत जिला प्रशासनए लोहरदगा एवं इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेट राँची के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे झारखंड राज्य के लोहरदगा जिले के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को संस्थान के विभिन्न रोजगार उन्मुख पाठ्यक्रमों में दाखिला कराया जायेगा तथा अभ्यर्थियों के पाठ्यक्रमों से सबंधित कोर्स फीसए यूनिफार्म फीस एवं हॉस्टल में रहने-खाने के फीस का भुगतान विशेष केंद्रीय सहायता योजना के अंतर्गत लोहरदगा जिला प्रशासन द्वारा किया जायेगा। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार केक एवं अन्य बेकरी उत्पाद भी सप्रेम भेंट किया गया।



### साईं मंदिर में 400 गरीबों के बीच कंबल और धोती का वितरण

**बुढ़मू।** रविवार को साईं मंदिर प्रांगण में 400 जरूरतमंदों, असहायों के बीच कम्बल व धोती का वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन पिछले 15 वर्षों से आध्या फाउंडेशन व शिक्षाविद स्व भुवनेश्वर पांडेय के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता आ रहा है। इसी कड़ी में साईं सेवा ट्रस्ट के द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कंबल वितरण समारोह के उदघाटन के पूर्व स्व पांडेय की प्रतिमा में पुष्पांजलि की गई। उदघाटन साईं ट्रस्ट के सचिव शिवकुमार तिवारी के द्वारा की गई। वितरण के पूर्व उपस्थित सभी लोगों को भंडारा में भोजन कराया गया।

## एक नजर में

### क्रिसमस के मौके पर विशेष आराधना सभा



**इटकी।** इटकी क्षेत्र में दो दिवसीय क्रिसमस पर्व रविवार को संपन्न हो गया। मौके पर चर्चों में विशेष क्रिसमस आराधना सभा की गयी व क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन हुआ। क्षेत्र के मुख्य सीएनआई चर्च परिसर में आयोजित मिलन समारोह में इटकी बुद्धिजीवी मंच व पेंशनर समाज द्वारा स्वागत शिविर लगाकर लोगों को पर्व की बधाइयां दी गयी। मौके पर चर्च के मुख्य पादरी रेव्ह आदित्य प्रताप भुइंया, सहायक पादरी रेव्ह प्रभु सहाय हस्सा, पेंशनर समाज के अध्यक्ष हाजी मुस्ताक अहमद, विनोद कुमार सिन्हा, देवेंद्र महतो पीटर मिंज, प्रीतम खलखो, अनूप टोप्पो, पंचम महतो, अनंता दादेल व निशित तिग्गा सहित अन्य शामिल थे।

### जिप सदस्य ने किया ट्रांसफारमर का उद्घाटन



**चान्हो।** टांगर पंचायत अंतर्गत दमदमा में 63 केवीए के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन जीप सदस्य आशुतोष तिवारी की अगुवाई में इस गांव के सबसे बुजुर्ग महिला रंदई उरांईन ने रविवार को किया। काफी दिनों से ट्रांसफार्मर के जल जाने के कारण ग्रामीणों को काफी असुविधा हो रही थीए सूचना मिलने पर जीप सदस्य ने पहल की और गांव में एक बार फिर से बिजली जल पाई। साथ ही इस दौरान श्री तिवारी ने उन बुजुर्गों के बीच अपने निजी कोष से कंबल का भी वितरण किया जिन्हें सरकार द्वारा कंबल नहीं मिल पाया था। मौके पर एतवा उरांव, अनिल उरांव, शुक्रा उरांव, धना उरांव, वार्ड सदस्य अंजू उरांव, बुधराम उरांव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### गरीब, विधवा, विकलांगों के बीच कंबल वितरण



**कांके।** कांके के मनातू गांव में निर्मल महतो की जयंती पर गरीब वृद्ध विधवा विकलांगों के बीच तीन सौ कंबल का वितरण किया गया स कार्यक्रम में मुख्य अतिथि काँके थाना प्रभारी बृज कुमार व जिप सदस्य सुषमा देवी ठानो मुंडा ग्राम प्रधान राजेश मुंडा भाजपा के दीपक महतो थाना के ग्यास खान आदर्श कोचिंग के संस्थापक शमशेर पिंटू मुखिया पूनम देवी उप मुखिया प्रतिमा देवी पंसस लीला देवी मनोज महतो संजय महतो इत्यादि अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर निर्मल महतो की जीवनी पर आधारित भाषण प्रतियोगिता व अन्य कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

### नगड़ीः अंजुमन इस्लामिया कमेटी की बैठक

**पिस्कानगड़ी।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी देवरी नगड़ी का पुर्नगठन को लेकर रविवार को बैठक देवरी में शिक्षाविद् ऐनुल हक अंसारी की अध्यक्षता में की गई बैठक में नगड़ी देवरी के अंजुमन इस्लामिया कमिटि के दर्जनों सदस्यों ने भाग लिया बैठक में दुबरा सर्वसम्मति से निर्विरोध अंजुमन इस्लामिया कमिटि नगड़ी देवरी के दोबारा सदर के रूप समाजसेवी दिलरूबा हुसैन एसैक्रेटरी मो फिरोज अंसारी ए उप सदर मोबीन अंसारीए तथा उप सैक्रेटरी सफीक आलम का चयन किया गया इसके आलवे पचास कार्यकारणी सदस्य शामिल किए गये है।

## पिपरवार मंडल के सभी बूथों पर मनी पूर्व पीएम अटल जी की जयंती

**पिपरवार।** भाजपा के पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पूरे पिपरवार मंडल के सभी बूथों पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की 98वी जयंती मनाई गई और कार्यकताओं ने वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात ध्यान पूर्वक सुनी। इस दौरान पिपरवार मंडल के सभी बूथों अलग.अलग भाजपा के कार्यकताओं द्वारा स्वर्गीय वाजपेई जी की चित्र पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बचरा में श्री मिश्रा के नेतृत्व में जयंती मनाई गई इधर कल्याणपुर में भाजपा युवा नेता सोनू कुमार गुप्ता एवं महामंत्री महेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में भी अटल बिहारी वाजपेई जी याद किए गए। इस दरमियान मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार मंडल के प्रभारी विजय चौबे उपस्थित हुए। अटल जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए श्री मिश्रा ने बताया कि भारत के प्रति निस्वार्थ समर्पण और समाज की सेवा के लिए भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण दिया गया। 1994 में उन्हें भारत का ष्सर्वश्रेष्ठ सांसदष् चुना गया। इनके अलावा भी उन्हें कई पुरस्कारए सम्मान और उपाधियों से नवाजा गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्राएराधा देवी, सोनू कुमार गुप्ता, महेश विश्वकर्मा, रमेश मुंड, राम प्रसाद महतो, रामलाल महतो मौजूद थे।

## स्वाभिमान सह आभार महारैली में शामिल हुए खरवार भोगता समाज के सैकड़ों लोग

खबर मन्त्र संवाददाता




**पिपरवार।** रांची के मोरहाबादी में खरवार भोगता स्वाभिमान सह आभार महारैली को सफल बनाने को लेकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बेटी पंचायत अंतर्गत कुटकी हेंजंदा गांव से समाजसेवी धनराज भोगता एवं सुमर गंझू के नेतृत्व में करीब 500 की संख्या में लोग रांची में आयोजित आभार रैली में शामिल हुए। गांव के सामाजिक कार्यकर्ता परंपरिक वेशभूषा धारण कर ढोल . नगाड़ों के साथ सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करते हुए धनराज भोगता के घर के पास पहुंचे। जहां पर से लोगों को रांची के लिए रवाना कर दिया गया। धनराज भोगता ने बताया कि या आभार रैली भोगता समाज को अनुसूचित जाति से अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की खुशी जाहिर करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और समस्त भाजपा के कार्यकताओं के प्रति निकाली गई है। इस मौके पर धनराज भोगता, सोमर गंझू रामविलास भोगता, आरएसएसटी भोगता, सोटन गंझू, सुरेश भोगता, संतोष कुमार, पिंटू कुमार, जेनेवा भोगता, योशदा देवी, बुधन गंझू सहित अन्य लोग शामिल थे।

## वाहिद और पीयूष की जोड़ी ने जीता बैडमिंटन टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** इटकी युवा क्लब द्वारा आयोजित नाइट बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब वाहिद व पीयूष की जोड़ी ने जीत लिया। शनिवार को खेले गये फाइनल मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा। कड़े मुकाबले में वाहिद व पीयूष की जोड़ी ने लगातार दो सेट में कारण व सुशांत की जोड़ी को 15.03 व 15.14 से पराजित कर टूनार्मेंट पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व खेले गये सेमीफाइनल मैच में डीएसपी रजत माणिक बाखला व अंकुर की जोड़ी को करण व सुशांत की जोड़ी ने पराजित किया जबकि विवेक व कौशिक की जोड़ी को वाहिद व पीयूष की जोड़ी ने पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि डब्ल्यू जॉन मल्टीपर्पस बोर्डिंग स्कूल के निदेशक प्रियांशन एक्का व विशिष्ट अतिथि उप प्रमुख परवेज आलम राजा थाना प्रभारी रजनी रंजनए मोइन व मो सलीमुद्दीन ने पुरस्कारों का वितरण किया। विजेता टीम को पांच हजार रुपये नगद व एक ट्रॉफीए उप विजेता को तीन हजार एक सौ रुपये व एक ट्रॉफी दिया गया। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज को भी पुरस्कृत किया गया। टूनार्मेंट का सफल संचालन में इटकी युवा क्लब के विक्की खान, हम्माद, शमशाद, मो शकील, ओसैद आलम पापू व अजहर ने सराहनीय भूमिका निभाई।

### सिल्लीः विकास योजनाओं का शिलान्यास

**सिल्ली।** विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह व जिप उपाध्यक्ष वीणा चैधरी ने सिल्ली विभिन्न गांवों में विधायक निधि से बनने वाले कई योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें टूटकी नवाडीह 250 फीट नाली निर्माण,बारेडीह 300 फीट पीसीसी, चोकेसरेंग 250 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य शामिल है। जयपाल सिंह ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना ही विधायक सुदेश कुमार महतो का मुख्य लक्ष्य है। क्षेत्र में अधुरे कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

# कम होती महंगाई

मुद्रास्फीति की दर में अनुमान से अधिक नरमी आने के बाद अमेरिकी बाजार प्रतिभागियों में यह उम्मीद बढ़ गई थी कि फेडरल रिजर्व जल्दी ही दरों में इजाफा करने का चक्र समाप्त कर देगा। अमेरिका में मुद्रास्फीति की दर अक्टूबर के 7.7 फीसदी से कम होकर नवंबर में 7.1 फीसदी रह गई। बहरहाल, बाजार को अनुमानों को समायोजित करना होगा। फेडरल रिजर्व ने बुधवार को फेडरल फंड दरों में 50 आधार अंकों का इजाफा किया जो 75 आधार अंकों की पिछली बढ़ोतरी से कम लेकिन अपेक्षित राह पर ही थी। फेड के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने नीति पेश करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए यह स्पष्ट कर दिया था कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक रुकने की किसी जल्दबाजी में नहीं है। मुद्रास्फीति में स्थायी गिरावट आएगी। यह बात ध्यान देने लायक है कि मुद्रास्फीति की दर अभी भी फेड के मध्यम अवधि के दो फीसदी के लक्ष्य से काफी ऊंची है। पॉवेल ने यह बात भी रेखांकित की कि फेड ने काफी हद तक लक्ष्य हासिल कर लिया है लेकिन अभी काफी कुछ किया जाना है। फेड द्वारा जारी किए गए ताजा आर्थिक अनुमान के अनुसार फेडरल फंड्स की दरें सितंबर के 4.6 फीसदी के अनुमान की तुलना में 5.1 फीसदी तक ऊपर जाएंगी। इसे अलग तरह से देखें तो अमेरिका में नीतिगत ब्याज दरें अभी भी 75 आधार अंक तक ऊपर जा सकती हैं। फेड के नीति निमार्ताओं का अनुमान है कि दरें 2024 में कम होंगी। ऐसे में 2023 में दरों में कमी की कुछ बाजारों की अपेक्षा शायद पूरी न हो। फेड की ओर से दरों को निरंतर सख्त बनाना और बैलेंस शीट के आकार में कमी मौद्रिक हालात को और सख्त बनाएगी। अन्य बड़े केंद्रीय बैंक मसलन बैंक ऑफ इंगलैंड और यूरोपियन केंद्रीय बैंक दरों को लेकर जो कदम उठाएंगे वे वैश्विक वित्तीय हालात की सख्ती में योगदान देंगे।

# सुखद संकेत

कनाडा के मांट्रियल में संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन यानी कॉप-15 में निर्णायक समझौते पर पहुंचना सार्थक प्रगति है। समझौते को लेकर 196 देशों ने सहमति जतायी है। यह भारत की मुहिम की सफलता मानी जा रही है कि तमाम लक्ष्यों का स्वरूप वैश्विक रखा गया है। साथ ही यह छूट भी दी गई है कि समझौते में शामिल देश अपनी प्राथमिकताओं, परिस्थितियों तथा क्षमताओं के अनुसार इसके प्रावधानों का अनुपालन करें। महत्वपूर्ण बात यह है कि सभी देश वर्ष 2030 तक धरती व समुद्र के तीस फीसदी हिस्से को प्रकृति के अनुरूप संरक्षित करेंगे। साथ ही खास बात यह कि कृषि के लिये दी जा रही उस सब्सिडी में पांच सौ अरब डॉलर की कमी लायी जायेगी जो हमारे जलवायु संकट को बढ़ाने में भूमिका निभाती है। ऐसे हालात में जब पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव से मौसम में आये बड़े बदलावों से होने वाली क्षति से जूझ रही है, यह समझौता उम्मीद जगाने वाला है। दरअसल, अब तक जो विकसित देश जिम्मेदारी से बचने की कोशिश में रहते थे, वे अब क्लाइमेट चेंज के घातक प्रभावों को अपने देश में महसूस करने लगे हैं। यही वजह है कि उन्होंने समझौते के पक्ष में हामी भरी है। संदेश है लेकिन फिर भी समझौते ने आगे की राह तो बनायी है। मौजूदा 17 फीसदी संरक्षित पृथ्वी के हिस्से को अगले सात वर्षों में तीस फीसदी तक ले जाना भी एक बड़ी चुनौती होगी। इसके लिये विकास के तौर-तरीकों व नीतियों में बदलाव की दरकार होगी। जिसके लिये विकासशील देशों व गरीब मुल्कों को अतिरिक्त धन जुटाना होगा। अब देखना होगा कि पर्यावरण सुधारने व कार्बन उत्सर्जन पर नसीहत देने वाले विकसित देश समझौते को लागू करने के लिये कितना आर्थिक योगदान देते हैं। संभव है ग्लोबल वार्मिंग प्रभावों की आंच घर तक पहुंचने के बाद उनका रवैया बदले।

# जमीनी नहीं मनोवैज्ञानिक कब्जा चाहता है चीन





-शेखर गुप्ता

> अब यांत्रिक शक्ति की जगह साइबर लड़ाई, ड्रोन, रोबोट और मानव संपर्क की कमी ने ले ली है। यही वजह है कि विपक्ष ने गश्त के अधिकार या कथित रूप से भूभाग गंवाने को लेकर हमले शुरू कर दिए। शायद मोदी सरकार भी उसी पुराने सोच से ग्रस्त है और इसी के चलते वह संसद में इस विषय पर चर्चा की इजाजत नहीं दे रही है।

चीन क्या चाहता है? वह 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गतिविधियां बढ़ाने के बावजूद उन्हें गोलीबारी तक पहुंचने से रोके हुए है। ऐसा करके वह भारतीय सैनिकों और आम जनमानस को भड़का क्यों रहा है? उसका लक्ष्य और संदेश क्या है? हम इन सब को लेकर किस प्रकार की प्रतिक्रिया दे रहे हैं?

फिलहाल सैन्य जवाब नहीं दिया जा रहा है। भारत के सशस्त्र बल जमीन पर पर्याप्त और प्रभावी ढंग से निपट रहे हैं। इसे वीरान और अलग-थलग मोर्चे पर हाथापाई और धक्कामुक्की के एक निरंतर चल रहे सिलसिले के रूप में नहीं देखा जा सकता है। हमें यह समझना होगा कि चीन चाहता क्या है। अगर केवल भूभाग का मामला होता तो वह गोलाबारी से परहेज न करता। तब उसने दूर से मार करने वाले हथियार आजमाये होते ताकि न्यूनतम मानव क्षति हो।

क्या वह इसलिए कर रहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ लगे इलाके और लद्दाख की तरह बफर जोन में बदले गए इलाके को तर्कसंगत ठहराया जा सके? केवल इतना करने के लिए वह 15,000 फुट की ऊंचाई पर और इतने विपरीत हालात में करीब तीन डिवीजन और भारी हथियार नहीं तैनात करेगा। इससे न तो उसकी सुरक्षा मजबूत होगी, न ही संसाधनों तक उसकी पहुंच बेहतर होगी, न ही अपने इलाके की रक्षा करने की भारत की इच्छाश ?क्ति कमजोर होगी। इसके बावजूद भारत में चीन की हरकतों को लेकर सारी बहस भूभाग पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो सतर्कता बरतते हुए कभी चीन का नाम नहीं लेते उन्होंने 2020 में एक दफा इस मुद्दे पर कुछ कहा था और वह यह कि कोई नहीं आया।

विपक्ष की आलोचना और सामरिक टिप्पणियां भी भूभाग पर केंद्रित रहती हैं। हाल के दिनों में राहुल गांधी भी मोदी पर हमला करते हुए दिखे कि चीन के हाथों जमीन गंवाने के बावजूद मोदी चुप हैं। तृणमूल कांग्रेस से लेकर असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम तक तमाम विपक्षी दलों का यही रुख है।

चीन के कदमों या उसकी हरकतों से नहीं लगता कि वह जमीन पर कब्जा करना चाहता है। बहुत संभव है कि वह हमारे दिमागों पर काबिज होना चाहता है। वह सैन्य तैनाती के मामले में भारत को पीछे छोड़ना चाहता है और शीत युद्ध के बाद के तीन दशकों के सामरिक पुनसंर्तुलन के बीच भारत को असंतुलित करना चाहता है। भारत-अमेरिका नाभिकीय समझौते के बाद इस प्रक्रिया ने जोर पकड़ा और मोदी के आगमन के बाद इसे नए सिरे से गति मिली।

चीन भारत को कई जटिल सामरिक और राजनीतिक संदेश दे रहा है। हम भी जमीन या सैन्य रणनीतिक मसलों पर ध्यान देकर अपना कुछ खास भला नहीं कर रहे हैं। इससे हमारी राजनीतिक और सामरिक संस्कृति के बारे में भी कुछ अच्छी बात सामने नहीं आती। हमें इस विषय को आगे और खंगालने की आवश्यकता है। कोई पक्ष जब जंग हार जाता है तो वह आने वाली कई पीढ़ियों तक उसी जंग को बार-बार लड़ता रहता है। एक कठोर सत्य यह है कि वह युद्ध 60 वर्ष पहले हुआ था। तब से अब तक दुनिया बहुत बदल चुकी है। भूराजनीति बदली है, शीतयुद्ध समाप्त हो चुका है, चीन भी बदला है और भारत भी। सैन्य मामलों में भी क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। अब यांत्रिक शक्ति की जगह साइबर लड़ाई, ड्रोन, रोबोट और मानव संपर्क की कमी ने ले ली है। यही वजह है कि विपक्ष ने गश्त के अधिकार या कथित रूप से भूभाग गंवाने को लेकर हमले शुरू कर दिए। शायद मोदी सरकार भी उसी पुराने सोच से ग्रस्त है और इसी के चलते वह संसद में इस विषय पर चर्चा की इजाजत नहीं दे रही है।

अगर मामला जमीन का या गश्त के अधिकार का हो तो घरेलू राजनीति में मामले को तब तक निर्णायक रूप से हल करना असंभव है जब तक आप यह खुलासा करने को तैयार न हों कि आप कहां थे और कहां हैं? ये दोनों बातें दिक्कतदेह हो सकती हैं। मैं इनके विस्तार में नहीं जाऊंगा।

वास्तव में चर्चा व्यापक राजनीतिक, सामरिक और भूराजनीतिक पहलुओं के बारे में होनी चाहिए और हमारा राजनीतिक माहौल उसके लिए तैयार नहीं है। भाजपा दो कारणों से हिचक रही है। पहली वजह राजनीतिक है और वह यह कि पार्टी नहीं चाहती कि राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री के रिकॉर्ड पर सवाल उठाया जाए या उस पर सार्वजनिक चर्चा हो। वह पार्टी को वोट दिलाने वाले सबसे बड़े नेता हैं।उनकी सबसे बड़ी योग्यता यही बताई जाती है कि आजाद भारत के इतिहास में राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर वह सबसे मजबूत रुख रखते हैं। शी चिनफिंग समय-समय पर इसे चोट पहुंचाते रहते हैं। दूसरी वजह भी राजनीतिक है लेकिन वह उतनी दलगत नहीं है। मौजूदा दौर में वै?श्विक श ?क्ति के पुनसंर्तुलन की जो जरूरत है, भारत जिस तरह के कदम उठा रहा है, ?इसमें जो संवेदनशीलता शामिल है, वह जिस गुणवत्ता वाली बहस की मांग करता है वह मौजूद ही नहीं है।

ऐसा नहीं है कि हमारे राजनीतिक वर्ग के परिपक्वता की कमी है। अ?धिकांश प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं में यह क्षमता है और वे ऐसा कर चुके हैं। वे राष्ट्रीय सुरक्षा और तेजी से बदलते वै?श्विक समीकरण को समझते हैं। बात बस यह है कि उनके और सत्ताधारी दल के बीच समुचित विश्वास की कमी है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत वाली सरकार के आगमन के साढ़े आठ वर्ष बाद तक विपक्ष को कभी भरोसे में नहीं लिया गया। यहां तक कि बंद दरवाजों के पीछे होने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा के संवेदनशील मसलों पर भी नहीं। यह राजनीतिक बिखराव देश की सबसे बड़ी सामरिक कमजोरी है। चीन इसी को निशाना बना रहा है। वह नहीं चाहता कि उसे कोई जान गंवानी पड़े। गलवान में हुई जानलेवा झड़प बीते दो वर्षों में उसकी नीति की सबसे बड़ी नाकामी थी। चीन के आचरण का तरीका देखिए। हर कुछ महीने में चीन भारत को शर्मिंदा करने की कोई हरकत करता है, ताकि प्रधानमंत्री मोदी परेशान हों और साथ ही भारतीय रणनीतिकार भ्रमित हों। इसके दो ताजा उदाहरण हैं तवांग में झड़प और देश के सबसे प्रमुख चिकित्सा शिक्षा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पर साइबर हमला।

## खास बात

### बजट निर्माण के सबक

**नागेन्द्र सिंह**

**बतौर** वित्त मंत्री यह निर्मला सीतारमण का चौथा वर्ष है। इस अवधि में बजट निर्माण के उनके तौर तरीके में भी बदलाव आया है और 2019 में हुई एक रोमांचक शुरूआत के बाद से अब वह बजट निर्माण में हकीकत का अधिक ध्यान रखने लगी हैं। शुरूआत अच्छी नहीं रही थी और आंकड़ों में बहुत अधिक गड़बड़ी देखने को मिल रही थी। कर राजस्व में 18.4 फीसदी की कमी देखने को मिली।

कुछ हद तक ऐसा इसलिए भी हुआ कि वर्ष के बीच में उन्होंने कॉर्पोरेट कर दरों में असाधारण कटौती की घोषणा कर दी थी। जाहिर है ऐसा इसलिए किया गया था कि कुछ ही दिन बाद प्रधानमंत्री को अमेरिका जाना था जहां उनकी मुलाकात कारोबारी जगत के शीर्ष लोगों से भी होनी थी। इसका नतीजा वर्ष के अंत में 4.6 फीसदी के राजकोषीय घाटे के रूप में सामने आया जो बजट में अनुमानित 3.4 फीसदी घाटे से काफी अधिक था।

अगला वर्ष भी बहुत बेहतर नहीं था। उस वर्ष कोविड के असर के कारण जीडीपी में कमी आई। कॉर्पोरेशन कर राजस्व में 17.8 फीसदी की कमी आई जबकि वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी कर संग्रह में 8.3 फीसदी की गिरावट आई। दिलचस्प बात है कि वित्त मंत्री को इस हालात में भी अवसर नजर आया। यही वजह है कि उन्होंने अपने बही खाते दुरुस्त किए और लगातार बढ़ते राजकोषीय घाटे के आंकड़ों के साथ चली आ रही छेड़छाड़ की प्रक्रिया पर भी विराम लगा दिया। बैलेंस शीट से बाहर की उधारी को सरकारी बही खातों में शामिल करते ही घाटा 9.2 फीसदी के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया लेकिन सरकार की अंकेक्षण प्रक्रिया में अवश्य सुधार हुआ।अपने तीसरे बजट में पिछले वर्षों की तुलना में उन्होंने 2021-22 के लिए राजस्व के अपेक्षाकृत कमजोर आंकड़े पेश किए। इसका परिणाम यह हुआ कि वास्तविक संग्रह मूल अनुमानों से 13.4 फीसदी अधिक रहा। इससे गैर कर राजस्व में कमी के प्रभाव को कम करने में मदद मिली और सरकार को यह सुविधा मिली कि वह कोविड से संबंधित मदद मसलन गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण आदि जारी रखे।

# मित्रों का महत्व

## विचार-प्रवाह

**-अशोक प्रवृद्ध**

सूर्य भगवान के षोडशोपचार पूजन के लिए पूजा में फल, विभिन्न प्रकार के पकवान एवं मिष्ठान को शामिल किया जाता है। सप्तमी को फलाहार करके अष्टमी को मिष्ठान ग्रहण करते हुए व्रत पारण करना उत्तम माना गया है । इस व्रत को करने से आरोग्य व आयु की प्राप्ति होती है। इस दिन सूर्य की किरणों को अवश्य ग्रहण करना चाहिए। पूजन और अर्घ्य देने के समय सूर्य की किरणें अवश्य देखनी चाहिए। मित्र सप्तमी पर्व के दिन पूजा का सामान तैयार किया जाता है जिसमें सभी प्रकार के फल, दूध, केसर, कुमकुम, बादाम इत्यादि को रखा जाता है। इस व्रत का बहुत महत्व रहा है। इसे करने से घर में धन धान्य की वृद्धि होती है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इस व्रत को करने से चर्म तथा नेत्र रोगों से मुक्ति मिलती है। स्कन्दपुराण के अनुसार काशी स्थित मित्रावरुण नामक दो शिवलिंगों की पूजा करने से मित्रलोक एवं वरुणलोक की प्राप्ति होती है।

भारतीय पुरातन ग्रन्थों के अध्ययन से इस सत्य का सत्यापन होता है कि मित्र और वरुण दो देवता हैं। ऋग्वेद में दोनों का पृथक और प्रायः एक साथ भी वर्णन है, अधिकांश पुराणों में मित्रावरुण इस एक ही शब्द द्वारा उल्लेख है।। ये द्वादश आदित्य में भी गिने जाते हैं। इनका संबंध इतना गहरा है कि इन्हें द्वंद्व संघटकों के रूप में गिना जाता है, और इन दोनों को गहन अंतरंग मित्रता या भाइयों के रूप में उल्लेख किया गया है। कश्यप ऋषि की पत्नी अदिति के पुत्र ये दोनों जल पर सार्वभौमिक राज करते हैं, जहां मित्र सागर की गहराईयों एवं गहनता से संबद्ध है।

जारी...

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## आपके ट्वीट

**जहां** एक ओर भंग विधानसभा में मुसलमान बनाम पहाड़िया की चर्चा जोरो पर है, वही तीन मुस्लिम बंधुओं ने दरियादिली दिखाते हुए, बड़ा तालाब में डूबती कार से एक परिवार को बचाया। क्या इसकी भी चर्चा सदन में होंगी?

**– महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

**केंद्रीय** मंत्री ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संसद परिसर में आयोजित सांसदों के लिए 'विशेष मिलेट्स लंच' के दौरान कहा कि हमें खुशी है कि भारत सरकार के प्रतिनिधित्व में आगामी वर्ष 2023 अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जाएगा।**–अश्विनी वैष्णव**





**जनजातीय** समुदाय के समग्र विकास को, देश की स्वतंत्रता और प्रगति में जनजातीय समुदाय के योगदान को सम्मान देने को,उनके देशज ज्ञान और कौशल का इस्तेमाल देश के समावेशी विकास में करने को प्रतिबद्ध है

**–अन्नपूर्णा देवी**

# सनातन धर्म ग्रंथ गीता से मिलती है निष्काम कर्म की शिक्षा



**अजयदीप बाधवा**

## मोटिवेशन

**गीता** सनातन धर्म का एक ऐसा ग्रंथ है जो हमें सदैव पुरुषार्थ करने की प्रेरणा देता है। 25 दिसंबर को श्री गीता जयंती है। यह महान धर्मग्रंथ हमें निष्काम कर्म की सीख देते हुए परिणाम की चिंता न करने की सलाह देता है क्योंकि कर्म पर हमारा वश है, फल पर नहीं । गीता महाभारत के भीष्म पर्व का अंग है जिसमें कुल 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं । भारतीय मनीषी परंपरा में माना गया है कि भारतीय तत्व ज्ञान यदि गाय है तो गोपाल नंदन श्री कृष्ण दूध दुहने वाले पुरुषोत्तम हैं और गीता भारतीय तत्वज्ञान रूपी गाय से प्राप्त दुग्धामृत है । मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी को महाभारत युद्ध के प्रारंभ में जब वीर धनुर्धर अर्जुन माया-मोह के जंजाल में फंस गए थे तो उनके सारथी बन युद्ध में अपनी भूमिका निभा रहे भगवान श्री कृष्ण ने अपना विराट रूप दिखाते हुए उन्हें गीता का ज्ञान दिया था ।

इस ज्ञान को अर्जुन के अलावा संजय और धृतराष्ट्र को भी सुनने का मौका मिला था । इसलिए इस दिवस को गीता जयंती के रूप में भी मनाया जाता है । वैसे कहा जाता है कि गीता का प्रथम ज्ञान ब्रह्मांड के अलौकिक तेज से सबसे पहले भगवान सूर्य को प्राप्त हुआ था और उसके बाद वैवस्वत मनु को । वैवस्वत मनु से यह ज्ञान राजा इक्ष्वाकु को मिला । महाभारत में श्लोक के रूप में इसे संकलित करने का श्रेय ऋषि वेदव्यास को जाता है । पूरा महाभारत उनके कहे अनुसार भगवान श्री गणेश ने लिपिबद्ध किया था । आधुनिक काल में भी अनेक विद्वानों ने गीता पर भाष्य लिखे । स्वामी विवेकानंद ने गीता ज्ञान को सुदूर पश्चिम तक पहुंचाया ।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को गीता ग्रंथ से जोड़ने का श्रेय भी स्वामी विवेकानंद को ही जाता है । स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने मांडले कारावास में रहने के दौरान श्रीमद्भागवत गीता रहस्य अथवा कर्म योग शास्त्र लिखा जिसमें इस पवित्र ग्रंथ के श्लोकों की विशद व्याख्या की गई है । श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक हमें निराशा में आशा और अंधकार में प्रकाश की किरण दिखाते हैं । ये हमें अज्ञानता से ज्ञान और भ्रम से सत्य की ओर ले चलते हैं । एक श्लोक में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं- नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।। अर्थात मैं केवल देह नहीं हूं, देह तो मेरा आवरण मात्र है। मैं कभी न मरने वाला अखंड और व्यापक आत्मा हूं। वह आत्मा जिसे शस्त्र काट नहीं सकता, अग्नि जला नहीं सकती, पानी गला नहीं सकता और वायु सुखा नहीं सकती है।श्रीमद्भगवतगीता का एक श्लोक कर्म योग दर्शन का मूल आधार है । इस श्लोक में भगवान कृष्ण कहते हैं-

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। अर्थात कर्म पर ही तुम्हारा अधिकार है, लेकिन कर्म के फलों में कभी नहीं... इसलिए कर्म को फल के लिए मत करो ।

इसी तरह दूसरे श्लोकों में भी भगवान श्री कृष्ण जीवन-मृत्यु, इहलोक-परलोक तथा सत्य-असत्य से जुड़ी हुई गुत्थियों को सुलझाते हुए जीवन के सूक्ष्मतम रहस्यों से पर्दा हटाते हैं और अपना विकराल रूप दिखाते हैं । इन श्लोकों में जीवन-दर्शन है-क्रोधाद्भवति संमोहः अर्थात क्रोध से मनुष्य की मति मारी जाती है यानी मूढ़ हो जाती है जिससे स्मृति भ्रमित हो जाती है। स्मृति-भ्रम हो जाने से मनुष्य की बुद्धि नष्ट हो जाती है और बुद्धि का नाश हो जाने पर मनुष्य खुद अपना ही का नाश कर बैठता है।

( लेखक मोटिवेटर सह कर विषयों के जानकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### जरूरत की फसल

**फसल** का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। इसका मुख्य कारण है किसानों का एक ही फसल को बार-बार उगाना। फसलों की विविधता से विमुख रहना। किसान की आय तभी बढ़ेगी जब किसान जरूरत के अनुसार खेती करेगा। हर साल गेहूं और चावल की खेती ही करता रहेगा तो भला आय कैसे बढ़ेगी। सब कुछ उगाना होगा ताकि हमारे देश में किसी भी फसल की कमी न रहे। **– सतपाल खूंटी**

### नीयत पर शक

**जब** कोरोना वायरस महामारी पहले से कहीं कम असर दिखा रही है तब शीतकालीन सत्र न बुलाकर देश के समक्ष विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करने से बचना अजीब लगता है। क्या सरकार को अपने बहुमत पर अब पहले जितना विश्वास नहीं रहा? जब सरकार तथा विपक्ष संसद में मिल-बैठकर विचार-विमर्श करते हैं तो कई समस्याओं का हल निकल ही आता है। **–श्यामलाल, रांची**

# 5 करोड़ दर्शकों ने टीवी पर देखा फीफा वर्ल्ड कप



**अभय कुमार सिंह**

## खेल

ब्रॉडकास्ट रिसर्च काउंसिल ऑफ इंडिया (बार्क) के आंकड़ों से पता चलता है वायकॉम18 नेटवर्क के स्पोर्ट्स 18 चैनल यानी टेलीविजन (टीवी) पर फीफा वर्ल्ड कप देखने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बार्क के आंकड़े दशार्ते हैं कि पहले 58 मुकाबले जिनमें बीते शुक्रवार, शनिवार और रविवार के क्वार्टर फाइनल भी शामिल हैं उन्हें करीब 4.7 करोड़ लोगों ने देखा है। इससे पहले के 48 मुकाबले 4.2 करोड़ दर्शकों ने टेलीविजन पर देखे थे, यानी इसमें करीब 11 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।

प्रतियोगिता के पहले 19 मैचों की तुलना में, पहले 58 मैचों के लिए दर्शकों की संख्या में वृद्धि लगभग 51 फीसदी है। प्रतियोगिता के पहले 19 मुकाबले कुल 3.1 करोड़ लोगों ने देखा था। आंकड़ों के अनुसार, पहले 19 मुकाबलों की तुलना में शुरूआती 48 मुकाबलों में 35 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। बार्क के दर्शकों की संख्या केबल और सैटेलाइट के माध्यम से देखने वाले दो वर्ष से अधिक उम्र के ग्रामीण और शहरी दोनों लोगों की है। पहुंच का अर्थ है उन लोगों की संख्या से है जिन्होंने टीवी पर मुकाबला या मुकाबले देखे। पहले 58 मुकाबलों के लिए प्रति मुकाबला औसत पहुंच 63.1 लाख है जबकि पहले 48 मुकाबलों के लिए प्रति मुकाबला औसत पहुंच 58.8 लाख है। गुरुग्राम की कंसल्टेंसी किआओस मार्केटिंग के मुख्य कार्याधिकारी सजल गुप्ता कहते हैं, फीफा विश्व कप के दौरान स्पोर्ट्स 18 के लिए टीवी दर्शकों की संख्या में वृद्धि स्थिर रही है। यह वायकॉम 18 नेटवर्क के लिए अच्छा है, जो अपने दर्शकों के आधार को बढ़ाना चाहता है। यह देखते हुए कि स्पोर्ट्स 18 चैनल अभी शुरूआती चरण में है और इसे इस साल अप्रैल में ही लॉन्च किया गया था।

रिलायंस समर्थित वायकॉम 18 भी अपने डिजिटल दर्शकों के आधार को बढ़ाना चाह रहा है क्योंकि यह इंडियन प्रीमियर लीग को 2023-2027 तक अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम करने की तैयारी कर रहा है। इसने ब्रॉडकास्टर को अपने जियो सिनेमा ऐप पर फीफा विश्व कप को मुफ्त में लाइव-स्ट्रीम करने के लिए प्रेरित किया। यह भारत में पहली बार किसी ब्रॉडकास्टर के लिए था।

वायकॉम 18 स्पोर्ट्स के मुख्य कार्याधिकारी अनिल जयराज ने पहले संकेत दिया था कि मुफ्त स्ट्रीमिंग फुटबॉल टूनार्मेंट के दर्शकों के लिए आसान पहुंच सुनिश्चित करेगी। सूत्रों के मुताबिक, फीफा वर्ल्ड कप के दौरान जियो सिनेमा ऐप को 1.1 अरब से ज्यादा बार देखा गया। यह ऐंड्रॉयड और आईओएस फोन पर सबसे ज्यादा डाउनलोड किया जाने वाला मुफ्त ऐप भी है।जानकार लोगों ने कहा कि जियो सिनेमा के मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता पहले के 8.5-9.0 करोड़ से बढ़कर लगभग 11 करोड़ तक पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ-साथ उपलब्ध मनोरंजन सामग्री के कारण डिज्नी+ हॉटस्टार ऐप के पास लगभग 30 करोड़ मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।

हाल ही में जारी सितंबर तिमाही के परिणामों के अनुसार, भुगतान वाले ग्राहकों के संदर्भ में, डिज्नी + हॉटस्टार के पास जुलाई-सितंबर की अवधि में 6.13 करोड़ का उपयोगकर्ता आधार है। यह एक साल पहले की अवधि से 42 फीसदी अधिक है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## नयाटांड़ पंचायत में कंबल का वितरण

**बड़कागांव।** एनटीपीसी के सौजन्य एवं नयाटांड पंचायत मुखिया लीलावती देवी के नेतृत्व में नयाटांड़ पंचायत भवन प्रांगण में, गरीब, असहाय, जरूरत मंदो के बीच कमल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार, वार्ड सदस्य महेश बैठा, बंधु प्रजापति, संगीता देवी, विजय दास, मुंद्रिका सिंह, किटन भुइयां, नारायण महतो, ग्रामीण जनता सिंह, उदय सिंह, मोहम्मद मुख्तार, राजेंद्र महतो, सकलदेव सिंह, केसर सिंह बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

## अंकित का दारू में हुआ भव्य स्वागत

**दारू।** दारू प्रखंड के पाण्डेय टोला जबरा निवासी अंकित कुमार पिता प्रदीप शर्मा का दारू में रविवार को भव्य स्वागत किया गया। अंकित ने यूपीएससी इंजीनियरिंग की परीक्षा को क्वालीफाई कर देश मे छठा रैंक लाये है जिससे पूरे प्रखंड क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी है। रविवार को अंकित के मुम्बई से दारू आगमन होने पर पेटो चौक से जबरा पाण्डेयटोला तक गाजे बाजे के साथ ले जाया गया। इसके लिए एक खुली वाहन को फूलों से सजाकर अंकित को फूलमाला से लाद दिया गया और अतिशबाजी और पुष्प वर्षा के साथ उन्हें उनके घर तक ले जाया गया। इस दौरान सड़क के दोनो ओर लोग खड़े होकर अंकित को आशीर्वाद और बधाई दिए।

## वाजपेयी जी ने विश्व को भारत की शक्ति से परिचय कराया : यदुनाथ पांडेय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित रूपेश सिंह के आवास पर पूर्व सांसद यदुनाथ पाण्डेय ने भाजपाईयों के साथ रविवार को भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व सांसद यदुनाथ पाण्डेय ने स्व.वाजपेयी जी के तस्वीर पर माल्र्यापण एवं पुष्प अर्पित कर की। मौके पर यदुनाथ पाण्डेय ने वाजपेयी जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया।

## वाजपेयी जी के अधूरे सपनों को पूरा करना हमसबों का दायित्व : अनूप ठाकुर

भुरकुंडा (रामगढ़)। भारतीय जनता पार्टी भदानीनगर मंडल के तत्वावधान में रविवार को बूथ नंबर 416 के अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व 80 यूनिट के चबूतरा में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई का 98वां जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सांसद प्रतिनिधि सुमन कुमार सिंह एवं भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर ने स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के तस्वीर पर माल्र्यापण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद केक काट गया। साथ ही सबों के बीच मिठाई का वितरण किया गया।

## पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल स्वर्णिम था : सतीश मोहन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल के तत्वाधान में श्रद्धेय भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती सुशासन दिवस के रूप में बहुत धूमधाम से मंडल के सभी बूथों पर मनाई गई। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम भी सभी बूथों पर सुनी गई। इसी कड़ी में रविवार को भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित आवासीय कार्यालय बूथ नंबर 377 में जयंती कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसककी शुरूआत भाजपाईयों ने स्व.वाजपेयी जी के तस्वीर पर माल्र्यापण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद केक काट गया। साथ ही सबों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने कहा अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में श्रद्धा वाजपेयी जी ने विश्व को भारत की शक्ति बतलाने का कार्य किया। और भारत ने परमाणु परीक्षण कर विश्व को अपना लोहा मनवाया। उन्होंने कहा कि यह स्वर्णिम काल पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल था। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग चलने का आहवान किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 98 वीं जन्म जयन्ती मनाई गई

खबर मन्त्र संवाददाता



मौके पर उपस्थित लोग

**विष्णुगढ़।** भाजपा पश्चिमी मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 98 वीं जन्म जयन्ती मनाई गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पश्चिमी मंडल के 12 पंचायत के लगभग सभी बूथों पर भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्षो एवं कार्यकर्ताओ के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई।

वहीं मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2022 का अंतिम मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,महामंत्री गुरु प्रसाद साव,उपाध्यक्ष पिंकी देवी,महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी,उषा कुमारी, गायत्री देवी, सबिता देवी, विनोद सिंह,भाजयुमो अध्यक्ष संजय कुमार महतो,अनु० महामन्त्री दीपक कुमार रजक रामधन माली,अर्जुन प्रसाद समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# देश नफरत से नही मुहब्बत से चलता है : शैलेन्द्र यादव



भारत जोड़ो यात्रा में शामिल कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**पदमा।** पदमा प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम पाण्डेय होटल से टोंगरी मुहल्ला होते हुए सुर्यपुरा, रोमी बंगला चौक पर भारत जोड़ो यात्रा सभा में तब्दील हो गई और वंहा नफरत छोड़ो भारत जोड़ो तथा वाह रे मोदी तेरा खेल 200 रूपए सरसो तेल के जोरदार नारे लगाए गए । कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि देश नफरत से नही मुहब्बत से चलता है। भाजपा के शासन काल में अमीर अधिक अमीर और गरीब अधिक गरीब हो रहें हैं। कहा की झारखंड प्रदेश के सभी 24 जिलों में प्रखंड, पंचायत से बुथ स्तर तक भारत जोड़ो यात्रा जारी रहेगा। सदर विधान सभा कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. आरसी मेहता केन्द्र में मोदी सरकार का विरोध करते हुए कहा कि जब से मोदी सरकार आई है तब से मंहगाई चरम पर है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन मो. नईम ने किया । भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष बेबी देवी इंटक के चन्द्र शेखर मिश्रा मीडिया प्रभारी निसार खान संजय यादव संजय कुमार मेहता राजेश कुमार कुलदीप रविदास पंकज कुमार कुमार विकास कुमार विजय रविदास गौरी शंकर कुमार राधे कुमार सहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

### पत्रकार सम्मान समारोह सह वन भोज कार्यक्रम का किया आयोजन

# पत्रकारों को सम्मानित करना हम सबके लिए गर्व की बात : विनोद

खबर मन्त्र संवाददाता



सम्मानित पत्रकारों के साथ कांग्रेस के विनोद यादव व अन्य

**बरही।** बरही विधान सभा क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकताओं ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद यादव के नेतृत्व में प्राकृतिक सौंदर्य के नीचे जवाहर घाट में पत्रकार सम्मान समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष यमुना यादव एवं संचालन कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने किया।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से पार्टी की मजबूती पर अपने अपने विचार प्रकट किए। साथ ही क्रिसमस एवं आगामी नववर्ष की बधाई दी। इसके अलावा बरही प्रखंड अंतर्गत सभी पत्रकारों को सम्मानित किया। कांग्रेस नेता बिनोद यादव ने बारी बारी से सभी पत्रकारों को माला एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा भेट स्वरूप उन्हें डायरी व कलम सौंपा। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में जाने जाते है। पत्रकार सरकार और जनता के बीच की एक कड़ी का कार्य करते है।कहा कि पत्रकारों को सम्मानित करना पार्टी के लिए गर्व का बात है।

मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद कुमार यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, यमुना यादव, कुणाल कतरियार, रघुनंदन गोप, गाजो यादव, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, मोहम्मद तैयब, प्रमोद सिंह, राजेंद्र मद्धेशिया, सुनील चंद्रवंशी, भूषण सिंह, रंजीत निषाद, मोहम्मद वारिस, कोनरा मुखिया यासमीन तबस्सुम, मोहम्मद वारिस, हरी प्रसाद गुप्ता, बाबूलाल मुर्मू, टिंकू केसरी, मुस्तकीम अंसारी, कुलदीप पांडे, छोटू ठाकुर, मुकेश गुप्ता, रवि सिंह, मंटू सिंह, राजेश सिंह, द्वारिका रविदास, मनोज कुमार मुखिया करियातपुर, सरयू गोप, सुशील केसरी, मोहम्मद सिराज, मिथिलेश सिंह, उपेंद्र सिंह, नरेश यादव, वासुदेव यादव, दिनेश यादव, मनोज यादव, अशोक ठाकुर, दिलीप यादव, देवचंद यादव, सतीश निषाद, संतोष ठाकुर, विनोद केसरी एवं अन्य चौपारण प्रखंड से शामिल होने वालों में चौपारण प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विकास यादव, ब्रह्मदेव यादव, अशोक सिंह, दीपक गुप्ता, उमेश यादव, संजय यादव, वीरू यादव, विनोद सिंह, उदय यादव, रामभरोस यादव, सुजीत यादव, सुरेंद्र यादव, सुशील केसरी, विक्रम साव समेत दर्जनों की संख्या में पूरे दलबल के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

# कोयला खनन परियोजनाओं के चीफ इंजीनियर का दौरा सफलतापूर्वक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता




मौके पर उपस्थित चीफ इंजीनियर व अन्य

**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजनाओं के अस्तित्व में आने के बाद बड़कागांव की तस्वीर बदली है। इस परियोजना के तहत आसपास के हजारों लोगों को जहां रोजगार मिल रहा है वहीं निरंतर एनटीपीसी कई सामाजिक गतिविधियां करती रहती है। ऐसे में परियोजना का सुचारु ढंग से चलना बेहद जरूरी है। इन्हीं जरूरतों को समझते हुए आज महिपाल सिंह चीफ इंजीनियर (थर्मल प्रोजेक्ट प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डिवीजन), केंद्रीय विद्युत प्राधिकरन ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजनाओं का दौरा किया। उन्होंने अपने इस विजिट में परियोजना के माइंस का दौरा किया और बानादाग साइडिंग का निरीक्षण किया। बानादाग साइडिंग का निरीक्षण करने के अलावा उन्होंने टी पी6 के ऊपर चढ़कर पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा विकसित एशिया की सबसे लंबे कन्वेयर बेल्ट का निरीक्षण किया और अधिकारियों से बातचीत की। चीफ इंजीनियर महिपाल सिंह ने पकरी बरवाडीह परिसर में पौधा भी लगाया और आसपास के क्षेत्रों से चयनित प्रतिभावान तीरंदाजी खिलाड़ियों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। मौके पर पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजनाओं के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# बालू लदा ट्रेक्टर लेकर मालिक फरार, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र में दबंगो को खौफ बढ़ता जा रहा है जनता तो जनता अब ये अधिकारियों को भी आंखे दिखाने लगे है। अंचलाधिकारी नीतू कुमारी अंचल के कार्य से शुक्रवार को पुनाई जा रही थी तभी उन्होंने देखा कि एक बालू लदा ट्रेक्टर कबलासी में खड़ा है। अंचलाधिकारी उससे उतरकर पूछताछ करना चाही तभी चालक ने बालू को वहीं मंदिर पास गिरा दिया। अंचलाधिकारी को सामने देख ट्रेक्टर मालिक तिउज निवासी सचिन सिंह ट्रेक्टर चालक को हटा कर खुद गाड़ी में चढ़ गया और गाड़ी लेकर फरार हो गया। इस दौरान अंचलाधिकारी के वाहन का चालक को उसने धक्का दे दिया और उसके साथ हाथापाई कर ट्रेक्टर को लेकर फरार हो गया। अंचलाधिकारी ने इस संबंध में दारू थाना में आवेदन देकर सचिन सिंह और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सरकारी कार्य मे बाधा डालने, अवैध बालू का कारोबार करने को लेकर मामला दर्ज कराया है। उस संबंध में दारू थाना में कांड संख्या 70/22 में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## पलटा ट्रेलर, बाल बाल बचे चालक उपचालक

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत नया मोड़ पुल के पास रविवार अहले सुबह असंतुलित होकर एक ट्रेलर सड़क के खड्ढ़े में गिरकर पलट गया। इस घटना में ट्रेलर चालक व उप चालक को मामूली चोट आयी। घटना के संबंध में बताया जाता है उन्हें मामूली चोटें आयी।

# प्रभु यीशु ख्रीस्त का जन्म भाईचारगी, एकता, खुशहाली का संदेश देता है : मंजीत लकड़ा

### कैथोलिक आश्रम में क्रिसमस की धूम, सजाई गई चरणी, गीत-संगीत में झुमते रहें ईसाई धर्मावलंबी

खबर मन्त्र संवाददाता



क्रिसमस के अवसर भुरकुंडा कैथोलिक आश्रम में उपस्थित विधायक अंबा प्रसाद

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों में क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस को ले शनिवार की मध्य रात्रि 12 बजे प्रभु येसु की जन्मोत्सव में ईसाई धर्म के लोग झूम उठें। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कैथोलिक आश्रम स्थित चर्च में क्रिसमस के अवसर पर प्रभु येसु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। साथ ही प्रार्थना सभा हुई। इस बीच पूजा अनुष्ठान में प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर वेदी श्रृंगार किया गया एवं प्रभु यीशु के लिए गीत गाया गया। प्रभु यीशु के जन्म होते ही मसीही परिवार के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। साथ ही रातभर गीत संगीत में नृत्य कर क्रिसमस डे सेलिब्रेट किया।

कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद, मुख्य अनुष्ठाना फादर अरुण मंजीत लकड़ा व पल्ली पुरोहित फादर बरनाबस खलखो, सहित फादर किशोर टोप्पो, फादर मारियानुस तिग्गा ख्रीस्त जयंती समारोह में मुख्य रूप से शामिल हुए। मौके पर फादर मंजीत लकड़ा ने कहा की प्रभु यीशु ख्रीस्त का जन्म दुनिया को भाईचारगी, एकता, खुशहाली का संदेश देता है। प्रभु यीशु ख्रीस्त सभी के लिये मुक्तिदाता बन अवतार लिये हैं।

वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़ा दिन यीशु मसीह के जन्म उत्सव सारे जगत के लिए प्यार, आनंद, शांति, ज्योति और भाईचारगी का त्यौहार है। क्रिसमस ना सिर्फ ईसाइयों का बल्कि सारे जगत के लिए ईश्वर का मनुष्य रूप अवतार है। उन्होंने कहा कि पापियों एवं दुनिया की प्रलोभन से बचाने के लिए प्रभु यीशु मनुष्य रूप धारण किए और परिवार में जन्म लेकर परिवारिक जीवन को पवित्र किया। वेदी श्रृंगार, होली क्रस की धर्म बहनों के द्वारा किया गया।

साथ ही चर्च परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था, और आकर्षक चरणी बनाई गई थी। इसके पूर्व क्रिस जयंती का पूजन समारोह व गीत संचालन प्रमोद कुजूर व अमन कुजूर की अगुवाई में युवा संघ द्वारा प्रस्तुत किया गया।

**इन क्षेत्रों से क्रिसमस डे पर कैथोलिक आश्रम भुरकुंडा पहुंचे थे लोग**

मौके पर कैथोलिक आश्रम चर्च भुरकुंडा में गिद्दी, रिवर साइड, केके कोलियरी, सयाल, सौंदा, सीसीएल सौंदा, पोड़ा, भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से ईसाई समुदाय के लोग क्रिसमस त्योहार में शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैथोलिक आश्रम स्कूल व कैथोलिक सभा सदस्यों का सहयोग रहा।



प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर बनी आकर्षक चरनी

## प्रभु यीशु प्रेम, भाईचारगी, साहस एकता का संदेश दियाः नकुल महतो

प्रखंड स्थित जे एम एस चर्च में प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिवस मनाया गया। 24 दिसंबर की रात 12:00 को प्रभु यीशु को नवजात शिशु के रूप में दिखाया गया। तत्पश्चात 25 दिसंबर को मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के परिवहन प्राधिकार के संयुक्त सदस्य सह झामुमो के केंद्रीय महासचिव संजीव कुमार बेदिया, 20 सुत्री के प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, संजय सिंह बैजनाथ रजक द्वारा केक काटा गया।

एक नजर में

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनी

**बरही।** बरही स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई। कार्यक्रम में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।पूर्व विधायक मनोज यादव ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने परमाणु परीक्षण के माध्यम से विश्व के सभी देशों को भारत की शक्ति का इस एहसास कराया।आज देशभर में पार्टी कार्यकर्ता उनको याद करते हुए सुशासन दिवस के रूप में मना रहे हैं।

कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का ऋषितुल्य जीवन सभी राष्ट्र भक्तों के लिए प्रेरणा है। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता भगवान केशरी, बरही पश्चिमी मुखिया सह भाजपा नेता शमसेर आलम, मनोज कुमार उपाध्याय उप मुखिया बरही पूर्वी, अमित केशरी बाबा मेडिकल, मनितोष यादव, अजय आनंद, ब्रह्मदेव यादवज संजय यादव राष्ट्रीय यादव सेना महासचिव, संजय रविदास, विजय कुमार राणा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मनोज साव, भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा बरही पश्चिमी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जनकल्याण समिति ने बुजुर्गों को किया सम्मानित

**बरही।** प्रखंड के करियातपुर में मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में सामाजिक संस्था जन कल्याण समिति के सदस्यों ने तुलसी जयंती, स्व अटल बिहारी वाजपेई की जयंती एवं यीशु मसीह की जयंती व नववर्ष के आगमन पर 75 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों का सम्मान समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन कल्याण समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार कुशवाहा व संचालन समिति के सदस्य प्रदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, बरही पश्चिमी जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, मंटू रजक, नंदलाल प्रसाद, शिक्षक गोविंद प्रसाद, रितेश केसरी, अभिषेक केसरी, वासुदेव साव, करियातपुर पंचायत समिति सदस्य अर्चना भारती, तोखन प्रजापति, मुरली प्रसाद केसरी, सकलदेव शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बुजुर्ग हमारे धरोहर हैं, उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने कहा कि वृद्धजन बच्चों के लिए अपना उत्तरदायित्व पूर्ण कर लिया तो उसे ही अपने जीवन की संतुष्टि समझे। संस्था के अध्यक्ष कमलेश कुमार कुशवाहा ने कहा कि जनकल्याण समिति एक सामाजिक संस्था है, सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए संस्था समाज में अपना योगदान दे रहा है। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग शामिल थे।

## एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष संदीप ने किया टाटीझरिया सीओ से ओपचारिक मुलाकात

**टाटीझरिया।** एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष सह क्षेत्रीय पत्रकार संदीप पांडेय ने क्षेत्र के स्कूल कॉलेज यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को देखते आवासीय जाती आय प्रमाण पत्र को लेकर इन दिनों काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र वासियों को जमीन रशीद ऑनलाइन कटवाने में काफी कई बार अंचल सह प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते परेशान ,जिनकी ऑनलाइन रशीद कट भी रहा है तो खाता नंबर अंकित है लेकिन प्लॉट संख्या कम्प्यूटर में अंकित ही नही है। ऐसे में जमीन रैयतो के चेहरे में भी काफी मायूसी देखा जा रहा है। जिसका अब तक निष्पादन नही किया गया। उपरोक्त समस्याओं का समाधान हेतु टाटीझरिया सीओ नीलम कुमारी से ओपचारिक मुलाकात कर समस्याओं से अवगत करवाया । टाटीझरिया सीओ ने आश्वासन देते हुए कहा कि मैं इन समस्याओं का समाधान डिजिटल लॉग इन मशीन आते ही कार्य को त्रीव गति से किया जाएगा।

## चार दिनों से बढ़ी हुयी है कनकनी, लोग दुबके

**चरही।** चुरचू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के अलावे कोयलांचल क्षेत्र में लगातार तीन-चार दिनों से कनकनी बढ़ गई है। पारा गिरकर 4 डिग्री के आस -पास रह रहा है। क्षेत्र के लोग बढ़ती ठंड से बचने के लिए अपने स्तर से उपाय कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर से उपलब्ध कराए गए कंबल बहुतों के लिए काफी नहीं है अचानक तापमान में गिरावट जारी रहने से किसानों को भी चिंता बढ़ रही है। ऐसे ही गिरते तापमान में पाला गिरने का प्रकोप बढ़ जाता है। जिससे आलू, मटर, टमाटर, गोभी आदि तैयार सब्जियों को बर्बाद होने का भय बन जाता है। शाम होते ही चौक-चौराहों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। दुकानों को शीघ्र बंद कर लोग घरों में घुस जा रहे हैं।

दूर-दराज से आने-जाने वाले यात्रियों को चौक पर वाहन तक नहीं मिल पाता। चौक-चौराहों पर इस कड़ाके की ठंड में अलाव की व्यवस्था कराए जाने की जरूरत है। शाम होते ही लोग ठंड से बचने के लिए घरों में शीघ्र दुबक जाते हैं। गरीबों और दैनिक मजदूरों के लिए यह सप्ताह काफी दुभर लग रहा है। कनकनी से बचने के लिए लोग अपने स्तर से जलावन के लिए सुखी लकड़ी, पत्ते,कोयला आदि की जुगाड में लगे हुए देखे जा रहे हैं।

## मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो संघर्ष समिति कि ओर से 100, 400, 800 और 1600 मीटर दूरी की मैराथन दौड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सानू पण्डा ने मुख्य अतिथियों में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित कुमार यादव,जीप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कम्पनी,प्रमुख सह जिला प्रमुख अध्यक्ष संतोष मंडल, उप प्रमुख रवि कु.वर्णवाल सांसद विधायक प्रतिनिधि समाज सेवी पत्रकार गन समेत अन्य को समिति सदस्यों द्वारा मालार्पण कर स्वागत किया। 100 मि. 400मि. 800 मि. 1600 मि. में कुल 85 युवकों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता में जज्बा को प्रदर्शन करने वाले अजित, पवन, राज कुमार, सन्नी, संजय अनुराग, अशोक, कृष्णा सोरेन, अमन, राहुल अभिषेक, राहुल, अभिषेक, संदीप कुमार मोहित कुमार युवकों को प्रथम द्वितीय, त्रितिय, चतुर्थ श्रेणी में आने वाले विजेता उप विजेता युवकों को पुरूषकार समिति की ओर से जनप्रतिनिधियों द्वारा मोमेंटो, सर्टिफिकेट, मेडल देकर पुरुष्कृत किया गया। मौके पर झरपो पंचायत उपमुखिया राजेन्द्र कुमार सांसद प्रतिनिधि रामप्रसाद कुशवाहा,महेश अग्रवाल,दसरथ नारायण सिंह,उपेंद्र पांडेय, मिथलेश पाठक,सूरज कुमार,अर्जुन रवि,लालमोहन महतो मिथलेश प्रसाद उपस्थित थे।

## क्रिसमस का पर्व हर्सोल्लास के साथ मनाया गया

**चरही।** चरही और कोयलांचल क्षेत्र में रविवार को क्रिसमस का पर्व हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार की शाम चरही मसीह मांडेर चर्च में सजे सवरे और गुलजार नजर आए तो कंही चमकता क्रिसमस ट्री, वहीं सूंदर सी चरनी, तो कंही चौक चौराहे में बजते क्रिसमस के गीत। चरही,बहेरा सहित अन्य गिरजाघरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। गिरजाघरों की घंटिया बजते ही बच्चे, बड़े और सभी चर्च की ओर चल पड़े। चरही मसीह मांडेर पारिस में रात्रि मिस्सा पूजा फादर निकोलस की अध्यक्षता में हुई। श्रद्धाभाव व आनंद से प्रभु येशु के जन्म का सुसमाचार सुना। क्रिसमस के मौके पर नये कपड़ों में सजे सवरे बच्चों और युवाओं ने पटाखे और फुलझड़ियां जलाकर खुशी का इजहार किया। मौके पर फादर निकोलस ने कहा कि क्रिसमस का पर्व समस्त मानव जाति के लिए एक आशा है ईश्वर की प्यार का समय है। प्रभु येशु मसीह की दुनिया में आने का लोग खुशियां मनाते हैं। इस अवसर पर फादर बिरेन्द्र, पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति, मनोज हांसदा, तालो हेम्ब्रोम, कामिल सोरेन, अंजलुष सोरेन, मार्सल बेसरा, मरियम तिर्की, रोजा मरांडी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो 26 जनवरी से : आलोक साहू

लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी भारत जोड़ो यात्रा के सफल अभियान के विस्तार के रूप में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान की शुरूआत झारखंड में 26 जनवरी से दो महीने तक चलेगा। इसके तहत प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा पद यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जो ग्राम पंचायतों, गांव , मतदान केंद्रों को कवर करेगा । गांव गांव में कांग्रेस का झंडा लेकर यात्रा शुरू किया जाएगा। हर गांव में यात्रा के दरम्यान एक बैठक होगी। डोर डोर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा इसके साथ ही युवा कांग्रेस, एनएसयूआई पूरे प्रखंड में बाइक रैली आयोजन करेगी । इसके साथ ही जिला स्तर पर हर जिला मुख्यालय में कार्यकर्ता मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक दल के नेता, मंत्री, सांसद, विधायक गण, वरिष्ठ कांग्रेस के नेता भी भाग लेकर आयोजन को संबोधित करेंगे।

## शिविर में 31 लोगों ने करायी जांच




लोहरदगा। सेवा भारती के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में लगातार 27 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7 :30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। स्वास्थ शिविर का शिव मंदिर के पुजारी पंडित भीम तिवारी एवं वहां उपस्थित लोगों के द्वारा भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं तुलसी दिवस पर तुलसी पौधा का पूजा अर्चना कर शुभ आरंभ किया गया।निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 31 लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं इलाज का लाभ लिया जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, सचिव जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7 :30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है।उन्होंने लोगो से प्रत्येक रविवार को लगने वाले निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने का अपील की। मौके पर अवधेश मित्तल,डॉ कुमुद अग्रवाल,संजय चौधरी,बृज बिहारी प्रसाद,उमेश प्रसाद कास्यंकार,दिनेश कुमार,अजय पोद्दार,सृष्टि देवी,भीम तिवारी,शंभू प्रसाद, आराध्या श्री,अवनीश कुमार,मनोज कुमारआदि मौजूद थे।

## एसपी ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला



लोहरदगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में सीठियो फुटबॉल ग्राउंड में चल रहा लोहरदगा सुपर डिवीजन क्रिकेट लीग के मैच के दौरान पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार सर ने मौके पर पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।साथ ही खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट प्रैक्टिस किया।मौके पर एसपी आर रामकुमार ने दोनों टीमों को खेल भावना के साथ खेल को खेलने की बात कही।उन्होंने कहा की खेल के जरिए खुद को बड़े मंच के लिए तैयार कर सकते है।उन्होंने साथ ही साथ क्रिकेट लीग मैच के ऑर्गेनाइजर अमित कुमार को इस लीग मैच को सुचारू रूप से चलाने के लिए बधाई भी दी।

## उदरंगी में लगा 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर



लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू रविवार को भंडरा प्रखंड के ग्राम उदरंगी में आयोजित एक सादे समारोह में एक 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर का फीता काटकर उद्घाटन किए। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाने हेतु कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू एवं विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता का आभार प्रकट किए। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि 15 दिन पूर्व उदरंगी गांव में एक 100 केवी का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण यहां की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने मुझे दी थी। मैंने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को बोलकर यहां 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। मौके पर मुख्य रूप से तिवारी उराव, मुमताज अंसारी ,इलियास अंसारी, शमीम अंसारी, इस्लाम अंसारी मुजाफिर अंसारी ,बसीर अंसारी ,परवेज अंसारी, सगीर अंसारी, अख्तर अंसारी, खुर्शीद अंसारी ,सिराज अंसारी, सुल्तान अंसारी, जुम्मन अंसारी, हैदर अंसारी ,अमानत अंसारी, चमरू उरांव, बिरसा उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## हिंदू युवा वाहनी ने गरीबों को दिया कंबल



गुमला। हिंदू युवा वाहनी के द्वारा तुलसी पूजा के अवसर पर रविवार को हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम में भव्य भंडारा सह कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के कई गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कंबल प्रदान किया गया। इस अवसर पर हिंदू युवा वाहनी के सुभाष जायसवाल ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए संगठन के द्वारा गरीबों के जीवन रक्षा के लिए कंबल वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज तुलसी पूजा है जो हिंदू धर्मावलंबियों के लिए आस्था व भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिस घर में माँ तुलसी का वास होता है वहां सुख समृद्धि आती और रोग विकारों का नास होता है। उन्होंने सनातन धर्मावलंबियों से पूरे विधि विधान से तुलसी पूजा अपने घरों में करने की अपील की। वहीं भंडारे में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर मुकेश सिंह, श्रीदेव सिंह, राजेश चीक बड़ाईक, अमन आनंद, जितवाहन चीक बड़ाईक, जलेश्वर कुमार सिंह, अभय आदित्य गुप्ता, धनंजय गिरि, विरेंद्र कुमार, जितेंद्र सिंह, विजय कुमार सोनू, सुरेश प्रसाद, बसंत प्रसाद, हर्ष जायसवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

# प्रभु ने बढ़ाया मानवता की गरिमा : फादर लिनुस

## गुमला जिले के 38 पल्लियों में एक साथ हुआ मिस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। बालक यीशु के जन्म दिवस पर जिले के 39 पल्लियों में रविवार को विशेष मिस्सा पूजा बलिदान चढ़ाया गया। शनिवार की रात्रि बालक यीशु के धरती पर आगमन पर संत पात्रिक गिरजाघर में प्रशासक फादर लिनुस पिंगल एक्का ने मिस्सा बलिदान चढ़ाते हुए कहा कि हमारी आस्था के अनुसार येशु ईश्वर का पुत्र है। मानव बनकर इस धरती पर आये और मानवता की गरिमा को बढ़ाया।

मानव रूप में जन्म ले येशु ने धरती में प्रेम व शांति का संदेश दिया। फादर लिनुस ने कहा हम सब का कर्तव्य बनता है कि हम एक दूसरे खासकर गरीब व लाचार व्यक्ति को मदद के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाये। उन्होंने कहा कि धर्मविश्वासी सभी धर्म, जाति व सम्प्रदाय का सम्मान करें और हमेशा दूसरों की उन्नति के बारे में सोचें। धर्म विश्वासी ईश्वरीय प्रेम का अनुकरण अपने जीवन में प्रतिदिन करे। भगवान ने धरती पर सभी को पाप मुक्त किया। मानव एक दूसरे की गरिमा को खत्म न करें। उन्होंने युवाओं से नशापान का त्याग करने की अपील की। अभिभावकों से भी अपने बच्चों से विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने मानव समाज से इतना प्रेम किया कि अपने पुत्र को मनुष्यों के लिए उपहार स्वरूप प्रदान किये। उन्होंने कहा कि जो ईश्वर पर आस्था व विश्वास रखता है उनका कभी अहित नहीं हो सकता है। बालक यीशु चरनी में जन्म लेकर समाज को समानता व न्याय का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर प्रार्थना गीतों का संचालन धर्म बहनों ने किया। मिस्सा पूजा में भारी संख्या में धर्म विश्वासी उपस्थित थे।



मिस्सा पूजा कराते पल्ली पुरोहित फादर जेरोम एक्का।



रविवार को पहला मिस्सा फादर जेरोम एक्का ने मुख्य अधिष्ठाता के रूप में संपन्न कराई। मौके पर उन्होंने कहा कि जन्म पर्व किसी को खोजने या तलाशने का पर्व नहीं है। हम ईश्वर को हमेशा तलाशते हैं लेकिन ईश्वर हमारे सामने ही मनुष्य रूप में उपस्थित है। ईश्वर गरीबों, असहायों, पीड़ितों के अंदर हैं। ईश्वर की पूजा हम इनकी सेवा व सहयोग करके कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर छोटे-छोटे कार्यों में ही मिलते हैं। ईश्वर को धर्म विश्वासी अपने परिवार में ही तलाशें। बालक येशु चरनी में जन्म लिया और समाज को समानता का पाठ पढाया। चरनी जीवन का अंग है। मिस्सा पूजा में प्रार्थना गीतों का संचालन धर्म बहनों के द्वारा किया गया। मिस्सा पूजा के उपरांत धर्म विश्वासियों के बीच परम प्रसाद का वितरण किया गया।

### ईश्वर को अपने अंदर तलाशे : फादर जेरोम

**बालक यीशु की प्रतिमा का हुआ चुंबन :** मिस्सा पूजा में बालक यीशु के प्रतिमा का चुंबन बच्चों व विश्वासियों को कराया गया। फादर जेरोम एक्का व अन्य पुरोहितों के द्वारा बालक यीशु की प्रतिमा को हाथ में लेकर बारी-बारी से विश्वासियों को चुंबन कराया गया।

**संत पात्रिक चर्च के बाहर व अंदर बनाया गया आकर्षक चरनी**

क्रिसमस पर्व के अवसर पर संत पात्रिक गिरजाघर व चर्च परिसर में आकर्षक चरनी बनाया गया। पुरोहितों के द्वारा चरनी को आशीष प्रदान किया गया। धर्म विश्वासी भी चरनी के समक्ष मत्था टेकर पूजा अर्चना की। वहीं मसीही विश्वासियों ने अपने घरों पर भी आकर्षक चरनी बनाया। जिससे पुरोहितों के द्वारा आशीष प्रदान की जाएगी। संत इग्नासियुय विद्यालय, उर्सु लाईन कान्वेंट स्कूल, संत जोसेफ अस्पताल में भी आकर्षक चरनी बनाया गया।

# एसडीपीओ पर जानलेवा हमला करनेवाला हाइवा चालक अरेस्ट

## 14 बालू माफियाओं के खिलाफ मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

सिसई। गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल को जान से मारने का प्रयास किया गया था। पुलिस ने बालू माफिया के द्वारा बालू लदे हाईवा वाहन से उनके बोलेरो वाहन को धक्का मारने का प्रयास करने वाला चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। धक्का लगने से एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल एवं उनके अंगरक्षकों को हल्की चोटें आई है। वहीं इस घटना में एसडीपीओ का सरकारी वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि नागफेनी मुर्गू कोयल नदी के समीप रात्रि में अवैध रूप से बालू



की धुलाई और भंडारण किया जा रहा है। वरिष्ठ पदाधिकारी के निर्देश से ही जिला खनन पदाधिकारी रामनाथ राय, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी बालू उठाव स्थल पर छापा मारने पहुंचे। इसी क्रम में मुरगु गांव की ओर से बालू लोड एक हाईवा वाहन आ रहा था। एसडीपीओ का वाहन देखकर हाईवा चालक ने उनकी गाड़ी की ओर ले गया और ठोकर मार दी। वहीं, अवैध बालू ढलाई भंडारण करने वाले 15 बालू चोरों पर जिला खनन पदाधिकारी रामनाथ राय ने प्राथमिकी दर्ज किया है। इसमें वसीम मीर, सुहैल खान, मनीष कुमार सिंह, सरोज सिंह, राजेश चौधरी, भुपेश देव, कार्तिक उरांव, गोविंद साहु, मंगरा उरांव, दिपु महली, विजय कुमार चौधरी, नुर मीर, पप्पू साहु, विनय लोहरा, राजेश कुमार का नाम शामिल हैं। वहीं एक अन्य बालू चोर वहम मीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## चट्टी लेंपस चुनाव में पूर्व सचिव ने लगाया धांधली का आरोप



भंडरा । प्रखंड के बड़ागाई पंचायत अंतर्गत चट्टी लेम्पस में अध्यक्ष चुनाव मे धांधली का आरोप लगाया । बड़ागाई पंचायत के ग्रामीण व लेम्पस के पूर्व सचिव छेदी राम ने उपायुक्त से लेम्पस चुनाव मे हुई धांधली की जाँच कराने की मांग की है । ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिए अपने आवेदन में बताया कि लैंपस के अध्यक्ष पूना उरांव अपने रिस्तेदार सहकारिता पदाधिकारी संजय भगत से मिल कर गुपचुप तरीके से अपने पुत्र को अध्यक्ष बना दिया गया है ।जबकि लेम्पस के सदस्यों व कार्यकारी सदस्य से लेकर सचिव को भी लेंपस के अध्यक्ष चुनाव की जानकारी नहीं दी गई । ग्रामीणों ने अपने आवेदन के माध्यय से बताया की पूना उरांव पिछले 20 वर्षो से अध्यक्ष बना हुआ था । जब लेम्पस के अध्यक्ष बदलने का निर्देश मिला तो पूना उरांव ने नियमों को ताक पर रख कर गुपचुप तरीके से अपने पुत्र को लेम्पस के अध्यक्ष बना दिया ।

## कुडू में युवती के साथ 6 युवकों ने किया दुष्कर्म

लोहरदगा। कुडू थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती के साथ आधा दर्जन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। युवती शाम में किसी तरह गांव पहुंची तथा मामले की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों के सहयोग के बाद युवती कुडू थाना पहुंची तथा मामला दर्ज कराया। युवती को मेडिकल जांच के लिए लोहरदगा भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी कर रहीं हैं। थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती मंगेतर से मिलने के लिए थाना क्षेत्र के कोलसिमरी दोहर गई थी। युवती के अनुसार घटना शनिवार शाम की है। शनिवार दोपहर करीब चार बजे युवती अपने मंगेतर से मिलने के लिए कोलसिमरी दोहर पहुंची थी। मंगेतर के साथ बैठकर बातचीत कर रही थी इसी बीच पांच से सात युवक मौके पर पहुंचे तथा मंगेतर के साथ मारपीट करते हुए युवती को पकड़ लिया। आधा दर्जन युवकों की पिटाई के बाद मंगेतर युवती को छोड़कर भाग निकला। युवकों ने युवती को खेत में ले जाकर बारी - बारी से दुष्कर्म किया। शाम लगभग छह बजे सभी युवक लड़की को उसी हालत मे छोड़कर फरार हो गए।

# 62 चौकीदारों को दी गयी प्रोन्नति

## अलग राज्य बाद पहली बार गुमला जिले के चौकीदारों को उपायुक्त ने दी प्रोन्नति

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में आहूत स्थापना समिति की बैठक में कई निर्णय लिये गये। जिसमें झारखंड राज्य बनने के बाद गुमला जिले में पहली बार ग्रामीण अंचलों में कार्यरत चौकीदारों की सेवा संपुष्टि तथा प्रोन्नति व वेतन वृद्धि की गई। अपर समाहर्ता श्री सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले के सभी 12 अंचलों में कुल 238 चौकीदार कार्यरत हैं। जिनमें से 172 लोगों की सेवा संपुष्टि व प्रोन्नति हेतु प्रस्ताव विभिन्न अंचलों से प्राप्त हुए थे। उपायुक्त श्री सुशांत गौरव की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा सम्यक विचारोपरांत जिले के 62 चौकीदारों की सेवा संपुष्टि तथा प्रोन्नति के प्रस्ताव पर इसी सप्ताह त्वरित स्वीकृति प्रदान की गई। इतना ही नहीं जिन चौकीदारों के दस्तावेजों में कुछ त्रुटियां या अपूर्णतायें रह गयीं थी उनका भी निराकरण करवाया जा रहा है ताकि निकट भविष्य में शेष बचे हुए चौकीदारों की सेवा संपुष्टि तथा प्रोन्नति पर भी यथाशीघ्र निर्णय लिया जा सके। उन्होंने बताया कि जिले के चौकीदारों की चिर परिचित मांग थी। जिस पर जिला प्रशासन ने पूरी संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेते हुए सभी सुपात्र चौकीदारों को उनका हक प्रदान किया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर तथा उन्हीं की अध्यक्षता में नियमित अंतराल पर स्थापना मामलों को लेकर स्थापना समिति की बैठकें होती रहती हैं। जिनका हर बार सफल परिणाम रहता है। इन बैठकों में अनुकंपा से जुड़े हुए मामले हो या प्रोन्नति और पेंशन आदि से जुड़े मामले हो। उन पर बड़ी गंभीरता से उपायुक्त द्वारा अपनी प्रत्यक्ष देखरेख में मामलों को निस्तारित करवाया जाता है। उपायुक्त श्री सुशांत गौरव का मानना है कि जिले का मानव संसाधन ही उनकी सबसे बड़ी प्रशासनिक पूंजी है, इसलिए मानव संसाधन प्रबंधन से जुड़े सभी मुद्दों को निपटाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। संजय कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन की उसी संवेदनशीलता का परिचायक है कि दूर-दराज में काम कर रहे इन चौकीदारों की न केवल सेवा संपुष्टि की गई बल्कि उन्हें नियमानुसार प्रोन्नति व वेतन वृद्धि दी गई। बताया कि इस प्रोन्नति से जिले के सभी चौकीदारों में हर्ष और संतुष्टि का भाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

# अष्टाङ्ग योग से शरीर रहेगा स्वस्थ: भारती

## सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान के तत्वावधान में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में 15 दिवसीय सह योग प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर रविवार को आरंभ हुआ। मुख्य प्रशिक्षक शिविर प्रवीन भारती ने कहा कि अष्टाङ्ग योग से शरीर रहेगा स्वस्थ। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि के द्वारा निरोग और दीघार्यु जीवन सम्भव है।क्रियात्मक योगाभ्यास, विभिन्न आसन, भस्त्रिका, कपालभाति, बाह्य प्राणायाम, उज्जायी, अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान से , नियमित जीवनशैली व संयमित आहार से असाध्य रोगों बीपी, शुगर, हार्ट, किडनी, लीवर, कोलेस्ट्रॉल, थायरॉइड,



दमा, अस्थमा, माइग्रेन आदि से ग्रस्त रोगी भी पूर्ण निरोग होकर स्वस्थ जीवन का आनंद ले सकते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सर संचालक सच्चिदानंद अग्रवाल, वनवासी कल्याण केंद्र आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, पतंजलि के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रवीण भारती द्वारा संयुक्त रूप से मां भारती एवं माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया।इस मौके पर सच्चिदानंद अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि योग सभी उम्र के लोगों के लिए बेहद कारगर है.

मौजूदा समय में सभी को स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए योग, आयुर्वेद बेहद लाभकारी एवं फायदेमंद है। उन्होंने आज का विशेष दिवस 25 जनवरी जिनमें पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती पर विशेष रूप से उनके आदर्शों को अपनाने की बात कही।मौके पर कृपा प्रसाद सिंह ने योग को जीवन का श्रेष्ठ जीवन पद्धति बताया। उन्होंने मौजूदा समय के जीवन को विश मुक्त करने के लिए यह अचूक जीवन पद्धति अपनाने की बात कही।

शिविर में इनकी रही सहभागिता : प्रशिक्षण में जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती का सहयोग राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिवशंकर सिंह, प्रशिक्षक दिनेश प्रजापति, योग प्रशिक्षिका खुशी भारती, अंकित अग्रवाल एवं अभय भारती ने किया। शिविर में योग प्रशिक्षक वासुदेव महतो, ब्रजमणि पाठक, अंकित अग्रवाल के अलावे नीरा सिंह, मधुमिता शर्मा, किरण देवी, आशा पांडे समित दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।

एक नजर में

## जन-जन के नेता थे वाजेपयी : अनूप चंद्र



गुमला। जिला भाजपा ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पार्टी कार्यालय में मनाया। जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी एक सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी किसी पार्टी विशेष के कार्यकताओं के नेता नहीं थे बल्कि देश के जन जन के नेता थे। हमें उनकी राष्ट्रवादी सोच और विचारधारा से प्रेरणा लेते हुए भारत माता की सेवा में समर्पण की भावना से कार्य करना चाहिए। जिलाध्यक्ष श्री अधिकारी ने कहा कि देश में अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यों की और उनके विचारों की हर कोई सराहना करता है। इधर जिले के सभी बूथों में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी गयी। वहीं सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यकर्ताओं ने सुनी। इस अवसर पर सत्यनारायण पटेल, निर्मल गोयल, कौशलेंद्र जमुवार, बालकेश्वर सिंह, लक्ष्मीकांत बड़ाईक आदि उपस्थित थे।

## सनातन धर्म में तुलसी को मां का दर्जा: मुकेश



गुमला। विहिप व बजरंग दल के द्वारा रविवार को विभिन्न स्थानों पर तुलसी की पूजा हुई। वहीं इन संगठनों के आह्वान पर लोगों ने अपने घरों पर भी तुलसी की विधिवत पूजा की। तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर बजरंग दल विभाग सह संयोजक मुकेश सिंह ने पूरे विधि विधान के साथ आवास पर मां तुलसी की पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म में तुलसी को मां का दर्जा दिया गया है। पौराणिक काल से ही हर हिंदू समाज के लोगो के घर के आंगन में तुलसी का पौधा होता है। तुलसी जी भगवान विष्णु की अर्धांगिनी हैं, जो माता लक्ष्मी की स्वरूप हैं। तुलसी मां की पूजा करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही घर में सुख, शांति और समृद्धि का आगमन होता है। इसके अलावा, रोग व्याधि से भी साधक को मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में सभी जगह सामूहिक रूप से तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन होता है।

## गुमला में अज्ञात शव की हुई शिनाख्त

गुमला। सिसई के पुसो थाना क्षेत्र के लादा ग्राम कोयल नदी के पास मिले अज्ञात शव की शिनाख्त विशुनपुर थाना क्षेत्र के कटिया टांगरटोली निवासी 28 वर्षीय गोपाल भगत के रूप में की गई है। मृतक की पहचान उसकी पत्नी सुषमा कुजूर ने की है। इस संबंध में मृतक की पत्नी ने कहा है कि उसके पति स्व. गोपाल भगत तामिलनाडु के कोयंबटूर के चाय बगान में मजदूरी करता था। जहां भी उनके साथ काम करती थी। 15 दिसंबर को पति ने मुझे ट्रेन से चढ़ाकर गुमला भेज दिया। वहीं 19 दिसंबर को मेरे गांव के ही कुंजल उरांव ने मोबाईल से जानकारी दी कि गोपाल भगत ट्रेन से घर के लिए गुमला निकला है। उसके बाद 22 दिसंबर को मृतक के बडे भाई प्रदीप उरांव ने अपनी पत्नी अंजली उरांव को फोन कर बताया कि गोपाल भगत रांची आया है और चार सौ रूपये लेकर गया है। लेकिन मृतक गोपाल भगत घर नहीं पहुंचा। वहीं 24 दिसंबर को मेरे पति गोपाल भगत का शव पुसो थाना क्षेत्र के लादा ग्राम कोयल नदी के पास मिला। जिसकी सूचना पुसो थाना के द्वारा मुझे दी गई।

## रेड क्रास व स्टेडियम समिति के चुनाव की मांग

गुमला। रेड क्रास सोसाईटी का लंबे समय से चुनाव नहीं होने पर जनहित का कार्य सोसाईटी के द्वारा नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि रेड क्रास सोसाईटी मानव सेवा से जुड़ी संस्था है। इस संस्था के हमेशा सक्रिय रहने की जरूरत है। लंबे समय से जिले में रेड क्रास सोसाईटी का चुनाव नहीं किया गया है। जिसे सोसाईटी से जुड़े सदस्य भी निष्क्रिय हो गये हैं। रमेश कुमार ने उपायुक्त गुमला से रेड क्रास सोसाईटी का जल्द से जल्द चुनाव कराने की मांग की है ताकि समय–समय पर रेड क्रास के माध्यम से मनाव हित में कार्य किया जा सके। वहीं श्री कुमार ने परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम प्रबंधन समिति का भी चुनाव कराने की मांग की गई है। पूर्व एसडीओ रवि आनंद के कार्यकाल में चुनाव की सुगबुगाह आरंभ हुई थी लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद फिर से चुनावी प्रक्रिया लटक गई है।

## हाथियों के दस्तक से ग्रामीण हुए भयभीत

रायडीह। रायडीह थाना क्षेत्र के केमटे पंचायत के लाटू गांव में हाथियों के झुंड के दस्तक देने से क्षेत्र के ग्रामीण भयभीत हैं। हाथियों की संख्या 15 से 20 के बीच बताया जा रहा है। हाथियों के द्वारा अनेको किसानों के फसल को बर्बाद कर दिया गया है। जिसमें धान और सब्जी की खेती अधिक मात्रा में बर्बाद किया गया है। हाथियों का झुंड छत्तीसगढ़ से होते हुए रायडीह प्रखंड के केमटे गांव में प्रवेश किया। उसके बाद जब ग्रामीणों को पता चला कि गांव में हाथियों का झुंड प्रवेश किया है। तब गांव वालो के द्वारा हाथियों को भगाया गया। जब वन विभाग के कर्मचारियों को इस बात का पता चला तो वे लोग वहाँ गए और लोगो को जागरूक किये और हाथियों को भगाने के लिए पटाखे का बितरण किया।

## आजसू पार्टी श्रमिक संघ ने दिया वनभोज



गुमला। आजसू पार्टी श्रमिक संघ के द्वारा रविवार को वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन नगफेनी नदी तट पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष फगुआ साहू ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फगुआ साहू ने कहा कि मजदूर दिन रात काम करते हैं लेकिन उनको सही मजदूरी नहीं मिलता है। जिसके कारण मजदूर को परिवार चलाने में दिक्कत होती है। हम सरकार से मांग करते है कि मजदूर के लिए जितने भी योजना चलाई जा रही है सारी योजना मजदूर को बैठक करते हुए उन्हें चिन्हित कर उसका लाभ दिया जाए। सरकार के द्वारा मिलने वाले फंड को दलालों और बिचौलियों के द्वारा बंदरबांट कर लिया जाता है। वैसे दलालों के खिलाफ मजदूर हित में आजसू पार्टी श्रमिक संघ के बैनर तले जोरदार आंदोलन किया जाएगा। वनभोज कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, दुर्गा साहू , जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष तुलसी साहू आदि उपस्थित थे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के बरवेनगर पंचायत अंतर्गत सिलफरी गांव के बेंगटी पहाड़ में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार मृतक 14 वर्षीय अलबर्ट एक्का पिता एफ्रेम एक्का छिछवानी ग्राम का रहने वाला था जो वर्तमान में सिलफरी गांव में रहता था। इधर घटना की जानकारी मिलते ही जिप सदस्य मेरी लकड़ा और चैनपुर थाना के इंस्पेक्टर बैजू उरांव, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, एस आई मदन शर्मा, दिवाकर मिश्रा दल बल के साथ घटनास्थल पर पंहुच कर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गुमला भेज दिया। वहीं पुलिस आत्महत्या के कारणों की छान बीन में जुट गई है।

स्पीड न्यूज

# शहीद निर्मल महतो को लौहनगरी ने किया नमन, उनके बताये मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

### साकची के श्री अग्रसेन भवन में श्याम अखंड ज्योति पाठ आज

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था श्री राधा रानी मंडली एवं श्री राजस्थान कल्याण परिषद द्वारा संयुक्त रूप से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का एक दिवसीय आयोजन 26 दिसंबर सोमवार को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में किया जा रहा हैं। इसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। गुड़गांव हरियाणा से कथा वाचक शिव कुमार जालान आ रहे हैं, जो अपने भावपूर्ण भजन एवं पाठ से सभी भक्तों को रिझाएंगें। श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ सुबह 1030 बजे से शुभारंभ होगा, जो संध्या 0730 बजे तक लगभग चलेगा। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में दोनों संस्था के सभी सदस्य लगे हुए हैं।

### रसुनिया मुखिया ने ट्रांसफर्मर का किया उद्घाटन

**चांडिल।** रसुनिया पंचायत के मुखिया मंगल मांझी ने रसुनिया गांव में ट्रांसफार्मर का फिता काटकर उद्घाटन किया। मुखिया मंगल माझी ने कहा पिछले एक महीनों से गांव का ट्रांसफार्मर खराब था। आए दिन रसुनिया गांव में जंगली हाथियों का आतंक रहता है। पिछले एक माह से ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे। जानकारी मिलने पर विभाग से बात कर नया ट्रांसफार्मर लगवाया। इस मौके पर रसुनिया पंचायत के मुखिया मंगल मांझी, विश्वनाथ महतो, उपेंद्र महतो, निरंजन महतो, अनादि महतो, ष्णा प्रामाणिक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जिला परिषद पिंकी लायक ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन

**चांडिल।** चांडिल के भुईंयाडीह में क्रिसमस के मौके पर आयोजित सांसतिक कार्यक्रम का चांडिल के जिला परिषद सदस्य श्रीमती पिंकी लायक है विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा संसति हमारे झारखंड के धरोहर है। क्रिसमस के मौके पर यहां तीन दिवसीय संसति कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर ग्राम प्रधान बहादुर लायक, शिव शंकर लायक, तारापदो सिंह, बादल महतो, संतोष लायक, राजू मंडल, बासुदेव लायक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मधु अग्रवाल की स्मृति में नेत्र शिविर में 29 का हुआ ऑपरेशन

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान द्वारा चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से स्व. मधु अग्रवाल के पुण्य स्मृति में आयोजित नेत्र शिविर के अपरेशन सत्र का आयोजन बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में हुआ। शिविर का उद्घाटन फीता काटकर समाजसेवी चन्द्रमोहन सिंह एवं रेड क्रस के वाईस पेट्रन कमल किशोर लढ़ा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश मिश्र, चन्दन कुमार, राजू बिन्द, राकेश मिश्र इस अवसर पर उपस्थित थें। अपरेशन सत्र के दौरान नेत्र चिकित्सक ड. बी. पी. सिंह, ड. भारती शर्मा, ड.पूनम सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने 29 नेत्र रोगियों का अपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया।

### कुम्हार कल्याण संघ ने आंनद बिहारी दुबे का किया अभिनंदन

**जमशेदपुर।** झारखंड कुन्हार कल्याण संघ सोनारी मंडल के तत्वावधान में आदर्शनगर मैदान में सामाजिक नीति ''सम्मान दो सम्मान पाओ'' के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे का नागरिक अभिनंदन शॉल ओढ़ाकर एवम पुष्प माला पहनाकर किया। सभा की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक अध्यक्ष इंद्र देव प्रसाद ने किया।जिलाध्यक्ष इंद्र देव प्रसाद ने कहा कि आनन्द बिहारी दुबे मानवता के सच्चे पुजारी है और जनकल्याण में हमेशा से ही सक्रिय भूमिका समाज मे निभायी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिद्धनाथ प्रसाद, धर्मदेव प्रसाद,राहुल कुमार,संतोष पंडित का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

---

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झामुमो के संस्थापक नेताओं में से एक शहीद निर्मल महतो की जयंती पर आज लौहनगरी समेत पूरे कोल्हान में उन्हें श्रद्धाजलि दी गई। मुख्य कार्यक्रम उनके समाधि स्थल उलियान के मैदान में आयोजित की गई जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री चंपई सोरेन,मंत्री बन्ना गुप्ता समेत कोल्हान के अधिकांश विधायक गण उपस्थित हुए और शहीद निर्मल दा की प्रतिमा एवं समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

**निर्मल दा की स्मृति में गोपाल महतो के नेतृत्व में सोनारी से निकली बाइक रैली:** रविवार को वीर शहीद निर्मल महतो के 72वा जन्म जयंती के अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो के नेतृत्व में करीव 500 मोटरसाइकिल के साथ सोनारी से कदमा उलियान वीर शहीद निर्मल महतो समाधि स्थल तक मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली में मुख्य रूप से झामुमो नेता गोपाल महतो के साथ अंकित सिंह, शिव शंकर महतो, राजेश महतो, गोविंदा चालक,मनील महतो, गुरुपदो, विजय मुर्मु,परेश धीवर, धनाय मुर्मु, रोहित लोहार, चित्त महतो, संदीप महतो, रूपचन कर्मकार, पिंटू रजक, राकेश रजक, सुमन तफदर, सोमनाथ मुखर्जी, तरुण महतो, सोनू, गौतम यादव, कुलदीप महतो,विष्णु महतो, गणेश महतो, चंदन महतो, ऋषि, शिवा, मनीष महतो, राकेश हजार, कैलाश महतो, सुसांत महतो, आकाश महतो, राम सिंह, विजय रजक के साथ सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

**नारायण आइटीआई में याद किए गए शहीद निर्मल महतो**

नारायण प्राइवेट आईटीआई संस्थान लुपुंगडिह चांडिल में शहीद निर्मल महतो जी का जन्मदिवस मनाया गया जिसमें संस्थान के शिक्षक श्री शांति राम महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो जी का जन्म 25 दिसंबर 1950 ई को झारखंड राज्य के सिंहभूम जिले के गंव उलिआन, जमशेदपुर में हुआ था। वह जगबंधु महतो और पिरिआ बाला महतो के चौथे पुत्र थे। निर्मल महतो झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख नेता थे। वे झारखंड के अलग राज्य के आंदोलन में प्रमुख नेता थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से कलेज के शिक्षक श्री जयंत बनर्जी, श्री जगन्नाथ प्रमाणिक शिक्षकेतर कर्मचारी में पवन कुमार महतो, अजय मंडल, निमाई मंडल, शिशूमणि दास आदि उपस्थित रहे।



### झारखंड के सपनों का अपमान कर रही वर्तमान सरकार : सहिस



आजसू जिला समिति द्वारा पार्टी के संस्थापक और अलग राज्य के लिए लंबी लड़ाई लड़ने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले वीर शहीद निर्मल दा की जयंती मनाई गई,साथ ही चमरिया गेस्ट हाउस में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किया गया । उक्त अवसर पर पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि निर्मल दा के सपने आज भी अधूरे है ,सरकार वैसे आंदोलनकारियों के प्रति ईमानदारी पूर्वक फैसले नही ले रही ताकि उनके सपनो को पूरा किया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, पश्चिम सिंहभूम जिला अध्यक्ष सचिन महतो, अरूप मल्लिक, जसबीर सिंह संजय जारीका , आदित्य महतो, हेमंत पाठक, साहेब बागती, शेखर सहीस, राहुल राज, दुर्गा महतो ,दिल मोहन महतो एवं अन्य मौजूद रहे ।

### सांसद ने शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि



सांसद बिद्युत वरण महतो ने आज शहीद निर्मल महतो के जयंती के अवसर पर चमरिया गेस्ट हाउस, बिष्टुपुर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निर्मल महतो ने झारखंड अलग राज्य के निर्माण में अपनी कुर्बानी दी। आज झारखंड राज्य को अलग होकर लगभग 23 वर्ष हो गए हैं लेकिन उनके सपनों का झारखंड बनना अभी भी अधूरा है। सांसद के साथ आज मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, जिला मिडिया प्रभारी पप्पू सिंह, बलबीर मंडल, ललन यादव,सानंद प्रधान, संजय रजक, ष्णा यादव, मुकेश सिंह,लल्लन आनंद कुमार ,अशोक मिश्रा, नारायण महतो, संजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केंद्रीय मुखी समाज ने शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि



शहीद निर्मल महतो के जयंती के मौके पर केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी के केंद्रीय अध्यक्ष हरि मुखी के नेतृत्व में मुखी समाज के लोग बिस्टूपुर चमरिया गेस्ट हाऊस जाकर शहीद निर्मल महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी व उनको नमन किया। निर्मल दा को लोग मसीहा मानते थे, उनके बलिदान से ही झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन उग्र रूप लिया और झारखण्ड अलग राज्य बना। चमरिया गेस्ट हाउस में श्रद्धांजलि देने के उपरांत मुखी समाज के लोग कदमा उलियान जाकर भी शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर हरि मुखी, केंद्रीय कोर कमिटी के सदस्य सोपोन करूवा, राकेश मुखी, उपाध्यक्ष बुद्धदेव करूवा, लखींद्र करूवा, मुजिम मुखी, निरंजन मुखी, जितेन मुखी, सुनील मुखी देव, अनूप मुखी, प्रीतम मुखी व अन्य लोग मौजूद थे।

### झामुमो जिला समिति ने मनायी निर्मल जयंती



झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की ओर से जिला सम्पर्क कार्यालय में झामुमो के पूर्व अध्यक्ष वीर शहीद निर्मल महतो जी का 72 वॉ जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता शेख बदरूद्दीन ने कहा कि निर्मल महतो का सोच था कि यहां के बच्चें बच्चीयॉ पढ़ें लिखे ओर झारखंड राज्य का नाम रोशन करें। इस जन्म जयंती के मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित बीरसिह सुरेश, प्रमोद लाल, जिला उपाध्यक्ष सागेन पुरती,अरूण प्रसाद,राज लकड़ा, प्रीतम हेम्ब्रम, कालू गोराई, बिनोद डे, फैयाज अहमद खान, नन्टू सरकार,मो फारूख खुराशी,उमानाथ झा, प्रबीर कुमार पालित, धीरेन मारडी, राजा सिंह, अजय रजक आदि उपस्थित थे।

### तैलिक साहू महासभा ने निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि



रविवार को शहीद निर्मल महतो की जयंती के मौके पर अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में बिष्टुपुर चमरिया गेस्ट हाउस स्थित स्वर्गीय निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने कहा कि निर्मल दा के शहादत को भुलाया नहीं जा सकता। निर्मल दा को लोग मसीहा मानते थे, उनके बलिदान से ही झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन उग्र रूप लिया और झारखण्ड अलग राज्य बना। मौके पर मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, अवधेश कुमार, सुमित साहू, सत्यदेव प्रसाद, कमलेश आदि मौजूद थे।

# पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में 633 यूनिट रक्त संग्रह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार के अगुवाई में एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को अटल जी की 98वीं जयंती पर गोलमुरी स्थित केबुल वेलफेयर सभागार में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चले रक्तदान शिविर में कुल 633 यूनिट रक्त संग्रह किये गए।

अटलजी के जन्म जयंती पर प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं में भी खासा उत्साह देखा गया। इससे पहले, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो व अन्य नेताओं ने अटल जी के छवि चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया, वहीं अटल जी के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रजवल्लित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। पूरे आयोजन स्थल पर अटल जी के चित्रों के साथ कविताओं व विचारों पर आधारित कट आउट लगाए गए थे, जो अटल जी के मौजूद्गी को दर्शा रहे थे।

उपरोक्त शिविर में भाजपा बिरसानगर के पूर्व महामंत्री तजेंद्र सिंह जनी ने 79वीं बार एवं भाजपा महानगर के जिला आईटी सेल प्रभारी कौस्तव राय ने 50वीं बार रक्तदान और पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने अपना 41वां रक्तदान किया।

**भारतीय राजनीति के वट वृक्ष थे पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी : रघुवर**

इस अवसर पर उपस्थित भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अटल जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय राजनीति के वटवृक्ष भारत रत्न अटलजी का जीवन भारतीय राजनीति के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। अपने ओजस्वी भाषण से विरोधियों को निरुत्तर कर देने वाले अटलजी का जीवन हमें सदैव ऊर्जा प्रदान करता है। सुशासन के संवाहक के रूप में उनके द्वारा स्थापित सिद्धांत, नीति और संघर्षों के परिणामस्वरूप आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। श्रद्धेय अटल जी की मजबूत इक्षाशक्ति के कारण ही झारखंड राज्य का निर्माण हुआ

**भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे वाजपेयी : सांसद विद्युत**

सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि कि अटल जी भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे। अटल जी ने प्रधानमंत्री के रूप में विश्व की परवाह किये बगैर पांच परमाणु परीक्षण एक साथ कराकर भारत को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाते हुए विश्व के शक्तिशाली राष्ट्रों की पंक्ति में मजबूती से खड़ा किया। अटल जी ने भारत को नई ऊँचाईयों पर पहुंचाने में अपनी अभूतपूर्व भूमिका का निर्वाहन करते हुए विश्व में भारत का मान बढ़ाने का काम किया।

शिविर में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, शिव शंकर सिंह, मुन्ना अग्रवाल, राज साह,चंद्रशेखर मिश्रा,रामबाबू तिवारी, खेमलाल चौधरी, संजीव सिंह, कमलेश सिंह, मिथिलेश सिंह यादव, कुलवंत बंटी, राकेश सिंह, भूपेंद्र सिंह, हलधर नारायण साह,अमरजीत सिंह राजा, अनिल सिंह, प्रो राजीव सिंह, चितरंजन वर्मा,पवन अग्रवाल व अन्य मौजूद थे।



## दशम फाल देख लौट रही ब्रेजा कार जायदा में हुई दुर्घटनाग्रस्त





खबर मन्त्र संवाददाता

**चांडिल।** रविवार को शाम करीब पांच बजे एनएच 33 जयदा के पास दशम फल रांची से जमशेदपुर जाने के क्रम में ब्रेजा कार अनियंत्रित होने से पांच लोग घायल हो गए जिसमें से 2 लोगों की हालत गंभीर है। सभी भाई लोगों स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से चांडिल अनुमंडल अस्पताल लाया जहां सभी का प्रथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए टाटा मेन हॉस्पिटल,जमशेदपुर भेज दिया गया। घायलों के नाम : अजमल 19, अलीशा 16, मोहम्मद जुबेद यामीन 16, आलिया 16, मोहम्मद आमिर 16 वर्ष। सभी जमशेदपुर के मानगो आजाद नगर के है।

## कलश यात्रा : राधे-राधे के जयकारे से मानगो वसुंधरा स्टेट का माहौल हुआ भक्तिमय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा स्टेट (नियर इरीगेशन कलोनी) में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ रविवार को कलश (शोभा) यात्रा एवं व्यास पूजन महत्व से हुआ। वृन्दावन से पधारे स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज द्वारा विधिवत् रूप से पूजा अर्चना कराने के बाद शोभा यात्रा आगे बढ़ी और एनएच 33 स्थित राधा-ष्ण के मंदिर तक गयी। मंदिर में पुनः व्यास एवं राधा-ष्ण की पूजा करके शोभा यात्रा वापस वसुन्धरा स्टेट कथा स्थल पर आकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में सबसे आगे खुली जीप वाहन पर स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज सवार थे। शिव-पार्वती एवं राधा-ष्ण की अद्भूत झांकी लोंगों को अपनी और आकर्षित कर रही थी। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल थे, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। शोभा यात्रा में शामिल भक्तों द्वारा लगाये जा रहे राधा-ष्ण के जयकारे से वसुन्धरा स्टेट का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था।

**सात दिवसीय भागवत कथा आज से:-** आयोजक के पुत्र भाजयुमो नेता ष्णा शर्मा उर्फ काली शर्मा ने बताया कि यह भागवत कथा 26 दिसम्बर सोमवार से 01 जनवरी रविवार तक चलेगा। सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के अंतिम दिन भण्डारा का आयोजन होगा। कथा के पहले दिन सोमवार को व्यास नारद संवाद, पाण्डव चरित्र और शुकदेव आगमन का प्रसंग का व्याख्या करेंगे। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से उमाशंकर शर्मा, पाशंकर शर्मा, रामाशंकर शर्मा, गिरजाशंकर शर्मा, ष्णा शर्मा उर्फ काली शर्मा, संतोष शर्मा, चंदन कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल थे, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी।



# भाजयुमो ने अटल जी की स्मृति में लगाया मेगा हेल्थ कैंप व बांटे कंबल

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजयुमो जमशेदपुर महानगर जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल की अध्यक्षता में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं वृहद रूप से कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित की गई। एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सह कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन बिरसानगर, जोन न.1, गुड़िया मैदान में हुआ। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रघुवर दास जी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद विद्युत वरण महतो पोटका की पूर्व विधायिका श्रीमती मेनका सरदार उपस्थित थी। कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। हजारों की संख्या में आम जनमानस का हुआ स्वास्थ्य जांच, 1500 जरूरतमंदों के बीच हुआ कंबल का वितरण।

भाजयुमो जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने स्वागत भाषण बताया कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने जीवनपर्यंत सेवा भावना के साथ देश के लिए काम किया। अटल जी की सेवा भावना से प्रेरित होकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज किया गया है। इसके साथ ही, हजारों जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरण किया गया।

**निःशुल्क हेल्थ कैंप और कंबल वितरण सराहनीय : रघुवर दास**

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रघुवर दास ने कहा कि हर स्थिति परिस्थिति में आम मानव के सेवार्थ निरंतर तत्पर रहने वाली भारतीय जनता युवा मोर्चा, जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श शिविर एवं कड़कड़ाती ठंड में जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण समारोह का आयोजन वास्तव में अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। शिविर में इन चिकित्सकों ने दी सेवा

डा कुमार- त्वचा विशेषज्ञ, डा सौम्या सेनगुप्ता- मधुमेह रोग विशेषज्ञ, डा कुमार अभिषेक- अर्थो-ट्रमा - रुमेटोलटी व अन्य मौजूद थे।



## एक नजर में

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्थान ने अटल जी को याद किया



**जमशेदपुर।** 25 दिसंबर को ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा संस्थान की ओर से रूपनगर सोनारी मैं बस्ती वासियों के बीच में एवं बच्चों के बीच में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी का जयंती मनाया गया । उसके उपरांतबच्चों के बीच में टॉफी बाटा गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री देवेंद्र सिंह जी संस्था के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सिंह,महासचिव प्यारे लाल एवं संस्था के सभी सदस्य गण एवं बस्ती वासियों शामिल हुए।

### पूर्व पीएम अटल जी की स्मृति में बुर्जुगों में बांटे गर्म कपड़े



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था यात्रा एक नये जीवन की शुरुआत की ओर से देश के पूर्व प्रधानमंत्री, युगद्दष्टा, प्रखर कवि,जननेता,भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के 98 वें जयंती के अवसर पर बाराद्वारी स्थित आशीर्वाद ओल्ड एज होम में बुजुर्गों को कराके की ठंड को देखते हुए गर्म कपड़े का किया गया वितरण। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रीना सिंह,संगीता सिंह , रूमा , समरजीत सिंह , जगतार सिंह जी संतोष सिंह समेत संस्था के कई सदस्यगण उपस्थित थे।

### बागुनहातु में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट एआरजी चैलेंजर कप का समापन



**जमशेदपुर।** बागुनहातु फुटबल मैदान में विक्टोरिया बयज क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बहुत ही भव्य रुप से संपन्न हुआ इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीम ने भाग लिया सभी टीम बागुनहातु बस्ती के ही थे इस टूर्नामेंट में प्रथम टोर्जन बयज की टीम हुई एवं दूसरा स्थान मां मनसा बयज क्लब की टीम को प्राप्त हुआ कुल 15 पुरस्कार अच्छे प्रदर्शन करने वालों को दिया गया साथ की विजेता टीम एवं रनर टीम को ट्रफी के साथ नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि के रूप में श्री मंगल कालिंदी जी एवं उद्घाटन कर्ता के रूप में श्री शिव शंकर जी श्री राजीव जी श्री अनूप सिंह जी श्री दीपक कर्मकार जी एवं श्री मछिंद्र निषाद जी, सोमेन विश्वास जी उपस्थित थे एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विक्टोरिया बयज क्लब के सदस्यगण मुकेश कुमार विनय कर्मकार भास्कर राव संटू दे सुदीप मनीष पारकर अगस्ती कालिंदी युवराज चौहान मनोहर महतो मजनू कालिंदी शिवा लोहार द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

### आदिवासी कुड़मी समाज की बैठक संपन्न

**जमशेदपुर।** आदिबासि कुड़मि समाज बिरसानगर टेल्को नगर कमेटी के अंतर्गत हुड़लुंग पंचायत के मनपिटा गांव में कुड़मि कुड़मालि जागरण जड़ुआहि माइनगर प्रकाश महतो हिंदइआर के अध्यक्षता में आहुत हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता आकुस केन्द्रीय उपाध्यक्ष चंद्रमोहन काड़आर ने कुड़मि कुड़मालि सारना पर विस्तारित बातें रखा। विशिष्ट अतिथि पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सुधांशु बानुआर ने 28 दिसंबर 2022 बुधवार को ब्लक डेपुटेशन और 09 जनवरी 2023 सोमवार को जिला के उपायुक्त को डेपुटेशन करना है। इस कार्यक्रम में आप सभी को बड़ चढ़कर हिस्सा लेने का अनुरोध किया। अतिथि जिला सदस्य प्रकाश केटिआर ने अपने संबोधन में कहा आज शहीद निर्मल महतो जी का 72वीं जन्म जयंती है।आज के दिन हम सब उनके दिखाए पथ पर चलने का प्रयास करेंगे। आनेवाले 14 जनवरी 2023 पोस संक्रांति को टुसु भासान मैं हम सब महिला पुरुष पारंपरिक वस्त्र के एवं सांस्कृतिक वाद्य यंत्र के साथ टुसु भासान करेंगे। बैठक को फूलचांद काडुआर, रंजीत बानुआर ने भी अपने वक्तव्य रखें। जड़ुआहि का संचालन नगर सचिव निरानन्द केटिआर और धन्यवाद ज्ञापन गोपिनाथ हिंदइआर ने किया।

### नरसिंहगढ़ हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया मुरली पारा मेडिकल का भ्रमण



**जमशेदपुर।** गत शनिवार को मुरली पारा मेडिकल एंड रिसर्च कलेज कालाझोर , पंचायत- हैंदलजुरी, गालूडीह, प्रखंड- घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम में डा नूतन रानी की अध्यक्षता में नरसिंहगढ़ प्लस टू हाई स्कूल धालभूमगढ़ के बच्चों का व्यवसायीक शिक्षण हेतु हेल्थ केयर पाठ्यक्रम हेतु क्षेत्र भ्रमण में सहयोग किये। नरसिंहगढ़ प्लस टू हाई स्कूल के बच्चों की कुल संख्या 191 एवं व्यावसायिक शिक्षा की प्रभारी शिक्षिका भद्रावती महोदया , शिक्षक प्रकाश महतो एवं विश्वनाथ जी ने सहयोग किये। मुरली पारा मेडिकल एवं रिसर्च कलेज से बच्चों ने तीनों कोर्स हेतु ज्ञान प्राप्त की, जिसमें की ड्रेसर जो कि मैट्रिक के बच्चे कर के रोजगारोन्मुख स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य कर सकते हैं उसके साथ ही साथ डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन एवं डिप्लोमा इन अपरेशन थिएटर जोकि आईएससी के बच्चे करते हैं।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता की बयोवृद्ध माता का निधन, लोगों ने शोक जताया

**हरिहरगंज पलामू।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामप्यारे विश्वकर्मा उर्फ मुन्ना विश्वकर्मा की माता शांति देवी का शनिवार की रात निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थी। मृतका का अंतिम संस्कार रविवार को बटाने नदी तट पर किया गया। जहां एकमात्र पुत्र रामप्यारे विश्वकर्मा ने मुखाग्नि दी। मृतका अपने पीछे भरा-पुरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन की सूचना पाकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्र, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, पिपरा मंडल अध्यक्ष संजय मेहता, वैश्य संघर्ष मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष भोला गुप्ता, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजित कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, डा अरविंद कुमार, डा संजय कुमार, गणेश शौंडिक, भीमसेन शर्मा, निरंजन प्रसाद, अशोक सिंह, संतोष प्रसाद, महेंद्र सिंह, चंदन जायसवाल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता तथा स्थानीय लोगों ने अंतिम संस्कार में भाग लिया। वहीं शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

### पुलिस ने किया बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा थाना पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के औरंगा नदी हुडमुड घाट के समीप से अवैध रूप से बालू ढुलाई करने के आरोप में दो ट्रैक्टरों को धर दबोचा है। थाना प्रभारी कुणाल किशोर मौर्या ने पुष्टि करते हुए बताया कि जिले के अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र के कई बालू घाटों पर छापेमारी दल के द्वारा छापेमारी की जा रही है ताकि बालू के अवैध खनन पर रोक लगाई जा सके। शनिवार को छापेमारी के दौरान हुडमूड बालू घाट से दो ट्रैक्टर बालू लेकर आ रहे थे जिनके पास बालू उठाव से संबंधित कोई कागजात नहीं था। श्री मौर्या ने बताया कि अवैध बालू ढुलाई कर रहे दोनों ट्रैक्टर पर अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को प्रतिवेदन भेज दिया गया है। श्री मौर्या ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी भी हाल में बालू का अवैध उत्खनन नहीं होने दिया जाएगा। छापामारी दल के द्वारा लगातार छापामारी की जा रही है।

### स्वास्थ्य शिविर में 250 लोगों ने कराये जांच

**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज प्रखंड के रविवारीय बाजार मेन रोड स्थित न्यू माँ वैष्णो हॉस्पिटल में रविवार को वाराणसी के सनराइज हॉस्पिटल के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें करीब 250 महिला,पुरुष,बच्चों के विभिन्न रोगों का स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवा प्रदान किया गया।इस मौके स्वास्थ्य सहिया और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ सनराइज हॉस्पिटल के निदेशक डॉ एस के मिश्रा ,डॉ पिंकी तिवारी ने स्वास्थ्य सम्बन्धी परिचर्चा किये।शिविर को सफल बनाने के लिए माँ वैष्णो हॉस्पिटल के अनिल कुमार सिंह,जय कुमार सिंह आदि लगे हुए थे।इस मौके पर मुखिया कमला डॉ प्रभु प्रसाद,डॉ नन्दू प्रसाद,मानव अधिकार विकास मंच के रामचन्द्र मिश्र,अखिलेश्वर सिंह,शिक्षा विभाग के बी आर पी शशिकला कुमारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बिश्रामपुर कांग्रेस नगर कमिटी का समीक्षा बैठक सम्पन

**बिश्रामपुर (पलामू) ।** कांग्रेस के बिश्रामपुर नगर कमेटी का समीक्षा बैठक रविवार को बी मोड़ शहिद स्थल परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडे ने किया। बैठक में संगठन के मजबूती व विस्तार पर चर्चा हुई। कांग्रेस नगर कमेटी द्वारा पिछले कुछ वर्षों के कार्यक्रमों व क्रियाकलापों की समीक्षा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पलामू जिला प्रभारी भीम कुमार,विशिष्ठ अतिथि पलामू जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक व बैठक प्रभारी संतोष चौबे शामिल हुए। भीम कुमार ने कार्यकर्ता को जनता से सीधा संवाद स्थापित करने को कहा। बिट्टू पाठक ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। मौके पर कई कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पूर्व प्रधानमंत्री की मनायी गयी जयंती

**नावा बाजार पलामू।** मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में नावा बाजार मंडल के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खास कार्यक्रम मन की बात सुना गया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 98 वी जन्म जयंती मनाई गई। जिसमें अटल बिहारी वाजपेई के फोटो पर माला अर्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई आदर्शों की राजनीति के साधक, प्रखर वक्ता, उत्कृष्ट कवि, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देते हैं ।

### किसान मित्रों ने बैठक कर धान अधिप्राप्ति में बोनस कटौती का विरोध किया

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड भर के किसान मित्रों ने हुसैनाबाद व्यापारमण्डल अध्यक्ष कृष्णा बैठा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें किसानों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा किया । इस दौरान सभी किसान मित्रों में पूर्वर्ती रघुवर सरकार में धान अधिप्राप्ति योजना में किसानों को जो 110रुपया प्रति किवंटल बोनस दिया जाता था वर्तमान सरकार के द्वारा उसे घटाकर सिर्फ 10 प्रति किवंटल दिया जा रहा है।वहीँ सुखाड़ की मुवावजा की राशि 3500 रुपए बहुत ही कम है ।

पांकी विधायक ने किया दो करोड़ 31 लाख की लागत से 93 विकास योजनाओं का अनावरण

# पांकी में विकास योजनाओं का बिछेगा जाल : डा शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 98वीं जयंती के अवसर पर नीलांबर-पितांबर पुर स्थित हमारे मौर्य फार्म हाउस में पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता ने 2 करोड़ 31 लाख रुपए की 93 विकास योजनाओं का अनावरण किया। मौके पर पांकी विधायक डा मेहता ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में विकास योजनाओं का जाल बिछाया जा रहा है। योजनाएं धरातल पर उतरने से लोगों काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ग्रामीणों को सड़क, बिजली, पानी समेत अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता को हर सुविधा मुहैया कराया जायेगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह, बच्चन ठाकुर, लाला प्रसाद यादव, संजय चंद्रवंशी, ओम प्रकाश दुबे, सुरेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, दिलीप मेहता, रामराज सिंह चेरो, पप्पू मिश्रा, मुखिया गुड्डू पासवान, गोपाल यादव, पिंटू , विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, प्रकाश मेहता, समाजसेवी वीरेंद्र मेहता, विधायक प्रतिनिधि सुनील प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र मेहता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### वाजपेयी के आदर्श से सीख लेने की जरूरत : विधायक



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई। भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा स्रोत, पथप्रदर्शक भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 98वीं जयंती के अवसर पर नीलांबर-पितांबर पुर स्थित हमारे मौर्य फार्महाउस पर साथी कार्यकताओं संग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के आदर्श से सीख लेने की जरूरत है। कहा कि परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने भारतीय राजनीतिक पटल पर मूल्यों व आदर्शों की राजनीति स्थापित की। उनके नेतृत्व में देश ने सुशासन को चरितार्थ होते देखा। ग्रामीण भारत के विकास की मजबूत नींव रखने वाले अटल जी ने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह, प्रो बच्चन ठाकुर, लाला प्रसाद यादव, संजय चंद्रवंशी, ओम प्रकाश दुबे, सुरेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, दिलीप मेहता, रामराज सिंह चेरो, पप्पू मिश्रा, मुखिया गुड्डू पासवान, गोपाल यादव, पिंटू यादव, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, प्रकाश मेहता, समाजसेवी वीरेंद्र मेहता विधायक प्रतिनिधि सुनील प्रसाद गुप्ता जितेंद्र मेहता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# अपराधी राजू तिर्की गिरोह के सात लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में थे अपराधी : एसडीपीओ

### चार हथियार, पांच गोली व सात मोबाइल बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के गुप्त सूचना के आधार पर सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में शहर, सदर थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बीती रात्रि को छापेमारी की गई। जिसमें अपराधकर्मी राजू तिर्की गिरोह के सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।इन लोगों के पास देसी कट्टा तीन,देसी पिस्टल एक,जिंदा सात मोबाइल बरामद किया गया है।इस संबंध में प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने बताया कि राजू तिर्की गिरोह के लोगों का कुछ दिनों से शाहर में गतिविधि देखी जा रही थी।और पुलिस नजर लगाई हुई थी। अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए गिरफ्तार अपराधीकर्मी किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में थे।उन्होंने कहा की बीती रात्रि को शहर थाना क्षेत्र के पांकी रोड श्रमिक सेड स्थित एक जनरल स्टोर दुकान के पास से विकी कुमार गुप्ता को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया।और जब इससे पूछताछ की गई तो इसने राजू तिर्की गिरोह के अन्य लोगों का नाम बताया। जिसके आधार पर छापेमारी की गई।इस दौरान अन्य लोगों को विभिन्न क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया।उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला के मझिआंव थाना क्षेत्र निवासी बीपीन पांडे का पुत्र राजीव रंजन पांडे उर्फ सनी पांडे उर्फ लॉरेंस सनी डाल्टनगंज के आशीर्वाद होटल में दो दिनों से रुका हुआ था। और इसके द्वारा अन्य लोगों को मोबाइल द्वारा या मिलकर एकजुट किया जा रहा था। इन लोगों की प्लान कुछ और था। इसके पहले पुलिस समय रहते सभी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में संदेह के आधार पर अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया था।जो की पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।उन्होंने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के चियांकी निवासी नंद कुमार पासवान के पुत्र रोशन पासवान उर्फ बिट्टू एवं शहर थाना क्षेत्र के नवाटोली निवासी चितरंजन कुमार के पुत्र आदर्श सिंह पूर्व में भी आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुके हैं। इन लोगों का राजू तिर्की से सीधा संबंध था। जबकि चियांकी महादेवमाडा निवासी श्याम राज साहू के पुत्र पवन राज,तहरसी थाना क्षेत्र के सोनपुरा बलियारी गांव निवासी केदारनाथ सिंह के पुत्र पीयूष सिंह उर्फ पीयूष सिंह भूमिहार,शहर थाना क्षेत्र के रेडमा निवासी सुबोध सिंह के पुत्र आर्यन सिंह उर्फ आर्यन सिंह भूमिहार एवं कांदु मोहल्ला निवासी बबलू गुप्ता के पुत्र विकी कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। इस अभियान में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा,पुलिस अवर निरीक्षक रवि शंकर,जितेंद्र कुमार, टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा,टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस,आरक्षी राकेश कुमार सिंह, संतोष कुमार मेहता ,जावेद अंसारी ,अनिल पासवान ,श्रवण यादव, शिवानंद यादव ,हरजीत पासवान ,प्रफुल्ल कुमार सिंह ,नित्यानंद उरांव,मुकेश कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद शामील थे।

## एक नजर में

### जनसेवा और जनभावना के प्रति हैं समर्पित : मनोज

**मेदिनीनगर ।** नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह का घर-घर यात्रा निरंतर जारी है। निकाय चुनाव टलने के बाद मनोज ने यात्रा बंद नहीं किया बल्कि जनता से मिलकर उनकी समस्या को जाना। साथ ही गंभीर जनमुद्दों पर गंभीर होकर कार्य भी कर रहे हैं। श्री सिंह ने वार्ड नंबर छह में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से साथ देने की अपील की। श्री सिंह ने संकल्प लिया है कि मेदिनीनगर निगम का सवार्गीण विकास करना है। श्री सिंह ने कहा कि राजनिति में आने से पूर्व जनसेवा के भाव से ऐसे कार्यक्रम वह वर्षो से करते आ रहे है , यह उनके लिए नया नहीं है। क्योकि मेरा जीवन जन सेवा और जन भावना के प्रति समर्पित हैं।

### सुखाड़ राहत योजना पर उपायुक्त गंभीर

**मेदिनीनगर ।**उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के वेरिफिकेशन को लेकर सक्रिय हैं। विगत दिनों समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पाया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत जिले में 2.5 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त किये जिनका वेरिफिकेशन का रफ्तार काफी धीमा है। वेरिफिकेशन कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से उन्होंने समाहरणालय में दो दिवसीय विशेष शिविर लगाने का सभी सीओ को कहा। इसी आलोक में समाहरणालय के विभिन्न हॉल में विशेष शिविर लगाया गया। इस दौरान जिले के उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु आईएएस,अपर समाहर्ता व डीआईओ ने भी विभिन्न सभागारों में लगाये गये विशेष शिविर का अवलोकन किया।

### पिकनिक मना रहे लोगों को किया सचेत

**मेदिनीनगर।** युवा वर्ग दिसंबर व जनवरी माह में पिकनिक मनाने को लेकर उत्साहित होते हैं। माहौल में रंग जाने के वजह से शराब से नजदीकी बढ़ा लेते है जिसका दुष्परिणाम सडक दुर्घटना के शिकार हो जाते है व जान चली जाती है। इसे रोकने को लेकर टीम चैलेंजर परिवार लोगों को सचेत करते हुए जागरूकता अभियान चला रही है। टीम चैलेंजर परिवार ने अपने नाम के अनुरूप काम करते हुए सड़क पर दिन प्रतिदिन बढ़ते दुर्घटना को रोकने का प्रयास को चैलेंज के रूप में लेते हुए शहर के विभिन्न चौक जैसे रेडमा चौक,कचहरी चौक,छः मुहान व सदीक चौक के साथ साथ छः मुहान से लेकर केचकि तक लोगों को सड़क सुरक्षा के नारे के साथ बैनर लगा कर जागरूक किया। चैलेंजर परिवार ने पहले भी पलामू के पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर शहर में बढ़ते सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु उचित कदम उठाया था।

### दंगवार में महिला की प्रसव पीड़ा से हुई मौत

**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के दंगवार ओपी अंतर्गत शनिवार को ग्राम दंगवार की एक गर्भवती महिला का प्रसव पीड़ा और ईलाज के दौरान मौत हो गयी । मृतिका मंजू देवी के पिता ने अपने समधी पर ईलाज में लापरवाही करने का मामला हुसैनाबाद थाना में दर्ज कराया हैं। आवेदन में लड़की के पिता ओम प्रकाश साह ने कहा कि प्रसव पीड़ा होने पर ये लोग ग्रामीण डॉक्टर से इलाज कराते रहे।

### ठंड में वाईजेके का पहल वरदान : रूद्रानंद सरस

**मेदिनीनगर।** शहर के रेडमा चौक पर युवा जागृति केंद्र के द्वारा नेकी की दीवार का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह, टीओपी 2 के प्रभारी रुद्रानंद सरस और पूर्व अवर निरीक्षक महेंद्रनाथ शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वाईजेके के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। रामजीत सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शहर में अत्यंत आवश्यक है। युवा जागृति केंद्र लगातार सात वर्षों से यह आयोजन कर रहा है जो प्रशंसनीय है।

### 61 मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**मेदिनीनगर।** रेड़मा पाकी रोड में स्थित गंगा हास्पिटल में आयोजित शिविर में 61 मरीजों का निः शुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन किया गया। आपरेशन नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर सुजीत कुमार ने किया। हास्पिटल के चेयरमैन संजीव कुमार तिवारी ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची पूजा है। गरीब असहायों की सेवा से मन को संतुष्टि मिलती है। पलामू के गरीब तबके के लोग भी बेहतर इलाज करा सके इसी उद्देश्य को लेकर गंगा हास्पिटल की स्थापना की गई है।

### बीडीओ ने किया मुरमा मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण

**बिश्रामपुर (पलामू) ।** बिश्रामपुर प्रखंड के मुरमा खुर्द उत्क्रमित मध्य विद्यालय का बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने पठन पाठन से लेकर मध्याह्न भोजन योजना तक की जांच की। बीडीओ श्री हेंब्रम ने शिक्षकों को कई दिशा निर्देश भी दिया। बीडीओ ने कहा कि न तो मिड डे मील में गड़बड़ी बर्दास्त की जायेगी ।

### समाज के विकास के लिए एकजुट होने की जरूरत

**सतबरवा पलामू।** तैलिक साहू समाज का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन रविवार को टीचर ट्रेनिंग कालेज के मैदान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन शिक्षक गोविंद प्रसाद ने किया। इस दौरान प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अवधकिशोर प्रसाद को प्रखंड अध्यक्ष तथा नागेन्द्र साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। मौके पर प्रमंडलीय अध्यक्ष व अन्य लोगों ने चुने गए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं प्रमंडलीय अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि समाज के विकास के लिए लोगों को एकजुट होकर आगे आने की जरूरत है तभी तैलिक साहू समाज आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि किसी समाज के विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। हमारे समाज के शिक्षित लोगों को आगे बढ़ कर समाज में फैले कुरूतियो को दूर करने में सहयोग करने की जरूरत है। जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा तब तक कुरूतियों को दूर नहीं किया जा सकता है। वहीं नवचयनित अध्यक्ष अवधकिशोर प्रसाद ने कहा कि समाज के लोगों ने जो हमें जिम्मेवारी सौंपी है उसे भली-भांति निभाने का प्रयास करूंगा। वहीं उपाध्यक्ष नागेन्द्र साहू ने कहा कि समाज के विकास के लिए चौबीस घंटे काम करूंगा। मौके पर जिला अध्यक्ष ललन साव, कन्हाई साहू, कर्मचंद साहू मंगन साहू, श्याम बिहारी प्रसाद, डॉ शिवनाथ प्रसाद, डॉ नागेश्वर साहू, नागेन्द्र साहू,भोला प्रसाद, शिक्षक बिरेंद्र साहू समेत काफी संख्या में साहू समाज के लोग शामिल थे।

श्रीनारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की बड़ी उपलब्धि

## पलामू में पहली बार हुई मस्तिष्क की जटिल आपरेशन

### मरीज अब खतरे से बाहर धीरे धीरे सुधर रही है हालत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर ।** पलामू में पहली बार मस्तिष्क की जटिल आपरेशन सफलतापूर्वक पूरा किया गया। मरीज अब खतरे से बाहर है और धीरे धीरे हालत सुधर रही है। फिलहाल मरीज को आईसीयू में रखा गया है। मस्तिष्क का यह जटिल आपरेशन मेदिनीनगर के श्री नारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में शनिवार की रात को की गई। अस्पताल के निदेशक डॉ राहुल अग्रवाल ने बताया कि मरीज को हाई बीपी के कारण मस्तिष्क में खून जम गया था, इसे इंट्रा क्रेनियल ब्लीड कहते है।

मरीज को हालत देखते हुए तत्काल ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया और तकरीबन सात घंटे तक चले इस जटिल ऑपरेशन को सफलता के साथ पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह का जटिल ऑपरेशन पहली बार पलामू में किया गया है। इसके लिए पहले मरीजों को रांची, पटना, दिल्ली, कोलकाता जैसे बड़े शहरों के तरफ भागना पड़ता था, जो अब यही उपलब्ध हो गया है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि मरीज की हालत सुधर रहा है।
मरीज को अभी आईसीयू में रखा गया है। चिकित्सकों को टीम लगातार नजर बनाए हुए है। डॉ गौरव अग्रवाल ने बताया की उनका लक्ष्य मरीजों को बेहतर से बेहतर सेवा उपलब्ध कराना है।

### डॉ रबिश कुमार सिन्हा ने किया कमाल

श्री नारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के न्यूरो सर्जन की देखरेख में इस जटिल ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। डॉ सिन्हा हमदीगंज के रहने वाले है जिन्होंने तमिलनाडु से एमसीएच की डिग्री हासिल की है । उन्होंने कहा कि जब उन्हें अपने शहर में श्री नारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में काम करने का मौका मिला तो बाहर की नौकरी छोड़ कर यहां आ गए। डॉ सिन्हा के मुताबिक न्यूरो के इलाज के लिए अब पलामू के लोगो को बाहर जाने को जरूरत नहीं है। शनिवार को किए गए ऑपरेशन के बारे में उन्होंने कहा की इस के लिए उन्हें मरीज को पूरी खोपड़ी खोल कर अलग करने पड़े थे, तब अंदर का जमा खून बाहर निकाला जा सका था। उन्होंने कहा कि डॉ नीतू अग्रवाल जो की एमडी एनेस्थीसिया है ने मरीज को बेहोश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विहिप व बजरंग दल ने किया शौर्य संचलन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर नगर क्षेत्र में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के द्वारा शौर्य संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बजरंग दल और बिहिप समेत वैचारिक संगठन के कार्यकर्ताओ ने उत्साह पूर्वक शामिल हुए ।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहिप के जिला मंत्री दामोदर ने हिंदू समाज को एकत्रित करने के दिशा में सकारात्मक सहयोग करने की अपिल की। सभी लोगों ने उच्च विद्यालय के मैदान में पहूंच कर सर्वप्रथम हनुमान चालीसा का पाठ कर जय श्रीराम के उदघोष करते हुए पथ संचलन शहर में भ्रमण किया। शौर्य संचलन का नेतृत्व जिला के सह संयोजक मोनु गुप्ता, सोनू सिंह, रितेश चंद्रा राहुल रॉय की टीम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । मौके पर आर एस एस के खंड कार्यवाह चंदन, सुबोध सोनी, विहिप के छोटू सिंह, साशिरंजन उर्फ पप्पू सिंह,सन्यासी बिभू सुमन,जितेंद्र कुमार, सुमन गुप्ता, बब्लू विश्वकर्मा, कुंदन पाठक, संतोष कुमार ,टोन वर्मा, अंकित दास, अमित ठाकुर, हिमांशु , मोडलर गोलू रंजन, छोटू कुमार, प्रिंस गोस्वामी समेत हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक, बनेगा सभी प्रखंड में भगवान परशुराम की मंदिर

## महासभा सदस्यता अभियान के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित

खबर मन्त्र संवाददाता



**नावा बाजार पलामू।** प्रखंड अंतर्गत पड़वा के बगीचा होटल में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक की गई। जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष अजय तिवारी उपस्थित थे। उन्हें नावा बाजार प्रखंड के अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष दिवाकर पांडेय द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया । मौके पर मुख्य अतिथि अजय तिवारी ने कहा कि ब्राह्मणों को संगठित होने की जरूरत है। संगठन में ही शक्ति है। उन्होंने गांव-गांव जाकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में लोगों को जोड़ने की बात कही। उन्होंने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का उद्देश्य प्रत्येक प्रखंड में परशुराम का मंदिर का स्थापना करना है।
ब्राह्मणों के गांव में भागवत कथा करवाना, जो लड़के लड़कियां शास्त्र के पढ़ाई करना चाहते हैं उन्हें इसका व्यवस्था करवाना, ब्राह्मण समाज के गरीब लड़का- लड़की की शादी महासभा द्वारा कराया जाता रहा है। मंदिर में सप्ताह के दिन मंगलवार शाम को सुंदरकांड का पाठ किया जाए । साथ ही ब्राह्मण के उत्थान के बारे में चर्चा किया जाय। साथ ही उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा तीन तरह के सदस्यता अभियान चला रही है। जिसमे पहला आजीवन सदस्य, दूसरा तीन वर्षीय के सदस्य और तीसरा आम सदस्य है। जिले में नारायण सेवा संस्था के द्वारा कैम्प का आयोजन किया जाएगा जिसमें ऐसे व्यक्ति जो दिव्यांग है, उन्हें कृत्रिम हाथ पैर लगाया जाएगा । महासचिव संत कुमार तिवारी ने कहा कि नावा बाजार क्षेत्र में ब्राह्मणों की संख्या काफी है, उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर पांडे ने अपने विचार व्यक्त किये। नावा बाजार प्रखंड में सदस्यता अभियान के लिए पांच सदस्यीय टीम बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक तिवारी ने किया। मौके पर सतेंद्र पांडेय, अरुण पांडेय, रामानंद पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, जितेंद्र पांडेय, अशोक पांडेय, शम्भू नाथ दुबे, दिलीप पांडेय, बबलू पांडेय के साथ कई लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## स्व. देवेंद्र महतो की पुण्यतिथि और निर्मल महतो की मनाई जयंती

गोमो। स्व0 देवेन्द्र महतो के12 वां पुन्य तिथि एवं शाहीद निर्मल महतो के जयन्ती रविवार को शहीद सदानंद झा क्लब गोमो मे बनाया गया। जहाँ मुख्य रूप से उपस्थित टुंडी विधायक मथुरा महतो साथ में विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी,बिस सुत्री अध्यक्ष बिकास तिवारी, केंद्रीय सदस्य अलाउद्दीन अंसारी,अकबर अंसारी, कृष्ण कांत मेहता,अर्जुन रजवार, गुरमीत सिंह, पुरन महतो, दिनेश महतो, सोहन महतो, सुरेन्द्र प्रसाद, दुर्गा प्रसादमहतो, रोफ अंसारी, विजय मोहली, मोहन केवट, मनोहर मुर्मू, मुकेश महतो, बैजनाथ महतो,दिलीप महतो, दिपक महतो, उमेश महतो, मोती दा, बानेश्वर महतो, जितेन्द्र रजवार, माथुर महतो, शेराज अंसारी, गोपाल महतो, जब्बार अंसारी, मनस महतो आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित की।

## श्री श्याम वार्षिक महोत्सव मनाने को लेकर बैठक

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा तीन बाण धारी भक्त मंडल चिरकुंडा शाखा द्वारा 14 वां दो दिवसीय श्री श्याम वार्षिक महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाने को लेकर चिरकुंडा स्थित हरियाना कालोनी मोड़ में शनिवार को देर संध्या सदस्यों की बैठक संपन्न हुई।बैठक में अनिल शर्मा ने बताया कि प्रकृति फार्म हाउस(एफसीआई गोदाम) सोनारडंगाल में दो दिवसीय श्याम महोत्सव मनाया जाएगा। आगामी 5 जनवरी को फार्म हाउस से नियामतपुर के लिए ध्वजा पदयात्रा निकाला जाएगा जो नियामतपुर तक जाएगी पदयात्रा में सभी श्रद्धालु ध्वजा लिए हुए रहेंगे। 6 जनवरी को भजन गायक जयपुर के आयुष सोमानी गायन करेंगे एवं श्रद्धालुओं को अपने भजनो द्वारा झुमाएंगे। बैठक में अनिल शर्मा, संजय शर्मा, रोहित खरकिया, आदर्श गढ़याण, अमोल शर्मा, विपुल शर्मा आदि मौजूद थे।

## बडा बाजार मार्केट का शुभारंभ

**पुटकी।** पुटकी क्षेत्र के 13 न0 में एक ऐसा मॉल का शुभारंभ किया गया।इस मॉल का प्रबंधक शकीला खातून के नेतृत्व में एक छत के नीचे धरेलू सामग्री का बिक्री किया जयेगा।वही इस शुभ उद्घाटन में बाघमारा विधायक ढुलू महतो ने इस मॉल का उद्घाटन फीता काट कर किया।वही प्रबंधक ने बताया की एक शादी विवाह में जितने भी समान की जरूरत पड़ती है वह सभी सामग्री इस मॉल में उपलब्ध है।सब कुछ ठीक ठाक रहा तो इस मॉल में रोजगार के भी आसार मिलेगे।मोके पर मनसफ आलम, इरसाद आलम,सबनम परवीन आदि सैकड़ो गण्यमान लोग मौजूद हुये।

## आगलगी से धान फ्रेशर्स गाड़ी और 100 क्विंटल धान जलकर राख

**बोकारो/ कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत मुर्गी चौक व ललमटिया के बीच स्थित खलिहान में रखे आधा दर्जन किसानों का लगभग 100 क्विंटल से ज्यादा धान फ्रेशर्स गाड़ी के साइलेंसर की चिंगारी से निकली आग से जलकर राख हो गया। धान फ्रेशर्स जोंडिया गाड़ी के द्वारा धान फसल को मड़ने के दौरान इंजन तक धान व बिचाली से सैलेंसर के अंतिम छोर तक ढका रहने के कारण तथा सैलेंसर से निकली चिंगारी से आग लगी और विपरीत दिशा से हवा तेज चलने के कारण आग काफी भयावह व तेज हो गयी। आग बुझाने की कोई व्यवस्था नहीं रहने के कारण आग पर काबू नहीं किया जा सका टांगटोना पंचायत के पुरनीबगियारी तेंतरियाटांड़ के दशरथ साव का लगभग 50 क्विंटलए वंशी साव का लगभग 20 क्विंटलए मुंगो के काला चन्द्र साव का लगभग 18 क्विंटल धान व बिचालीए पुरनीबगियारी के धनेश्वर साव का लगभग 15 क्विंटल धान व बिचाली जल गए। धान फ्रेशर्स गाड़ी भी पूरी तरह से जलकर राख हो गई।किसानों ने फसल छति पूर्ति की मुआवजा राशि देने की मांग कसमार सीओ ए एसडीओ ए उपायुक्त तथा गोमिया विधायक से की है। दमकल गाड़ी तेनुघाट से पहुंची तब तक गाड़ी समेत धान स्वाहा हो चुके थे।

# भू धंसान से दो हजार की आबादी खतरे में

### रैयत पुनर्वास एवं नियोजन के लिए लगा रहे हैं बीसीसीएल का चक्कर

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिजुआ।** दिसंबर का महीना शनिवार की रात कड़ाके की सर्दी सभी लोग अपने परिवार के साथ अपने अपने घरों में कड़ाके की सर्दी से बचने के जुगाड़ में लगे हुए थे। अचानक एक जोरदार आवाज होती है लोग दौड़कर बाहर निकलते हैं तो देखते हैं कि भूधंसान की घटना घटी है। एक गैरेज जमीन के अंदर आधा समा गया। उसके अंदर रखी हुई बाइक भी जमींदोज हो गई। यह घटना है बाघमारा विधानसभा के जोगता थाना क्षेत्र स्थित 22/12 बस्ती की। जहां दो हजार की आबादी रात को सोते नहीं है बल्कि सुबह के नए सूरज का इंतजार करते हुए जागते हैं। और जब नई सुबह हो जाती है तो फिर दिन भर अपने जिंदगी के जद्दोजहद को पूरा करने के लिए अपने अपने काम पर लग जाते हैं। पिछले वर्ष भी इस जगह पर भूधंसान की घटना हुई थी और नई मस्जिद भूधंसान के चपेट में आ गया था। फिलहाल वह मस्जिद डेंजर जोन के अंदर में है। पूरा मस्जिद क्षतिग्रस्त हो गया था। कुछ दिनों पहले 22/12 जाने वाला मुख्य मार्ग पूरा जमीन के अंदर समा गया।

### डेंजर जोन में बसे लोगों को पुनर्वासित करें: सचिव

पिछले दिनों कोल इंडिया के कोल सचिव जब धनबाद आए थे तो उन्होंने बीसीसीएल के सीएमडी को सख्त निर्देश देते हुए कहा था कि किसी भी कीमत पर डेंजर जोन मे बसे लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था करें। लेकिन कोलसचिव की बातें फाइलों तक ही सिमट कर रह गई। पिछले 1 वर्षों से यहां के रैयत अपने अधिकारों के लिए पुनर्वास के लिए नियोजन के लिए बीसीसीएल कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें मिल रहा है तो सिर्फ आश्वासन। बीसीसीएल के वरीय अधिकारी शायद कोई बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं। कोई यूनियन नेता स्थानीय जनप्रतिनिधि भी यहां बसे 2,000 से अधिक अल्पसंख्यकों के दुख को दूर करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। अब यह सवाल यह उठता है कि अगर कोई बड़ी घटना घट जाती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।

लोग बताते हैं कि कोई यहां आना नहीं चाहता है। दूसरे गांव के लोग इस गांव में अपनी बेटियों की शादी तक नहीं करना चाहते हैं। बताते चलें कि बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 के अंतर्गत पड़ने वाला यह बस्ती में उत्खनन का कार्य चल रहा है। बीसीसीएल कोयला तो निकलवा रही है लेकिन यहां पर ही रह रहे लोगों के पुनर्वास के लिए और नियोजन के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है।

## विज्ञान, अंधविश्वास पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता




**पुटकी।** श्रमिक क्लब पुटकी में ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा भारत ज्ञान विज्ञान समिति के 33वीं वर्ष पूर्ण होने पर ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद के जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष बालेश्वर बाउरी के अध्यक्षता में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के स्थापना दिवस पर रसोई में विज्ञान,अंधविश्वास व वैज्ञानिक चेतना पर उन्मुखीकरण सफलता पूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरूवात बी जी भी एस त्रिपुरा के सचिव डॉ. बी. जी. मजूमदार व सभी मंचासीन द्वारा दीप प्रज्वलित कर मंचासीन को पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत की गई।उक्त कार्यक्रम का संचालन राज्य सचिव भोला नाथ राम द्वारा किया गया । भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. काशी नाथ चटर्जी द्वार सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते बोले की आज का दो तरह का प्रशिक्षण था पहला रसोई घर में विज्ञान इसका कारण के विषय में बताएं की पौष्टिक आहार कम खर्च में कैसे बन सकता है , दूसरा अंधविश्वास के विरुद्ध चमत्कार के पदार्फाश के संदर्भ में पश्चिम बंगाल विज्ञान मंच के द्वारा बताया गया उपरोक्त विषयों पर , लगातार अंधविश्वास के विरुद्ध पश्चिम बंग विज्ञान मंच के डॉक्टर नयन मुखर्जी व पुरुलिया के समता समूह द्वारा जन जागरूकता लगातर की जा रही है । आज के उन्मुखी करण कार्यक्रम में 150 महिला बहनें भाग लिए जो अपने - अपने घर और आस - पास को भी जागरूक करेंगे । बच्चो और परिवार को पौष्टिक आहार मिले और अंधविश्वास के विरूद्ध लगातर जन - जागरूकता की जाएगी। मंच पुरुलिया के लक्ष्मी मुखर्जी , सुमोना सरकार , सोमा घोष , कल्याणी नंदी , बालू चंद्रा , प्रियंका चंद्रा , सुपर्णा कालिंदी, बरनाली दुबे , सोनाली मुर्मू आदि द्वारा दिखाई गई ।

## डीपीएस बोकारो में गीत-संगीत के साथ क्रिसमस उत्सव आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** क्रिसमस और नववर्ष के उपलक्ष्य में डीपीएस बोकारो में आयोजित विशेष असेंबली में बच्चों ने गीत.संगीत और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ इस उत्सव को मनाया। सांता क्लॉज के रूप में लाल टोपी पहने बच्चों सहित विद्यार्थियों व शिक्षकों ने क्रिसमस की पोशाक पहनी। इस अवसर पर प्राचार्य ए एस गंगवार ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए कहा कि क्रिसमस आज एक वैश्विक त्योहार बन चुका है। यह हमें प्रेमए स्नेहए सद्भावना और मानवता की रक्षा का संदेश देता है। उन्होंने छात्र.छात्राओं व शिक्षक.शिक्षकेत्तर कर्मियों को क्रिसमस एवं आगामी नववर्ष 2023 की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। सीनियर विंग में कार्यक्रम के दौरान अंतर विद्यालय अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिताए झारखंडी लोक नृत्य प्रतियोगिताए सीबीएसई क्लस्टर 3 एथलेटिक मीट 2022ए सीबीएसई बास्केटबॉल क्लस्टरए सीबीएसई ईस्ट जोन तैराकी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।

### हरे कृष्ण मंदिर में तुलसी पूजन

बेरमो/ललपनिया। हरे कृष्ण मंदिर कोदवाटांड़ में रविवार को तुलसी पूजनकार्यक्रम संपन्न हुआ।जिसमें रवि पाठक जयप्रकाश जी ने मां तुलसी का पूजन किया। उन्होंने बच्चों को इसका विशेष महत्व को बताया। इस कार्यक्रम के ततपश्चात रवि पाठकएजयप्रकाश जी ने अपने हाथों से बच्चों के बीच में प्रसाद वितरणकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## अवर सचिव ने विद्यालय में बच्चों के साथ किया मध्याह्न भोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अवर सचिव जागो चौधरी ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जुमरा एवं प्राथमिक विद्यालय चौड़ा .1 का औचक जांच करते हुए प्राथमिक विद्यालय भुरसाटांड में बच्चों के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन का स्वाद चखा। श्री चौधरी दोनों विद्यालयों की व्यवस्था से संतुष्ट नजर आये। उन्होंने विद्यालय एवं बच्चों की साफ सफाईएसड़कए पेयजल तथा बच्चों से सवाल.जवाब कर पठन.पाठन एवं सामान्य ज्ञान का जांच किया। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का जायजा बच्चों के साथ भोजन ग्रहण कर लिया। दालए चावलए पत्ता गोभी की सब्जी के साथ अंडा परोसा गया था। मध्यान्ह भोजन ग्रहण कर अवर सचिव संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना में किसी प्रकार की गड़बड़ी विभाग बर्दाश्त नहीं करेगा। रास्ते में स्थित हरनाद प्लस टू हाई स्कूल भी पंहुचे जहां बिजली कनेक्शन रहते हुए कमरे में बल्ब नहीं रहने के कारण अंधेरा रखने पर प्राचार्य मनोज दत्ता को फटकारते हुए साफ सफाई और लाइट की दुरुस्त व्यवस्था करने का सख्त हिदायत दी।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भगवत कथा शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/जरिडीह।** बाजार के गुजराती स्कूल के प्रांगण मे दिनाक आज दिनांक 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक होने वाले श्रीमद् भागवत कथा कलश यात्रा के साथ प्रारंभ किया गया रविवार से सात दिवसीय कथा का शुभारंभ किया गया।जिसमे कथा व्यास श्रद्देय रूद्र कृष्ण जी महाराज ;श्री धाम वृन्दावनद्ध ने कहा कि कथा के श्रवण से मनुष्य को पुण्य प्राप्त होता है और जन्म जन्मातर के पापों का समन हो जाता है। इससे पूर्व जरिडीह में कलश यात्रा निकाली गई। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाए व कलश यात्रा गांव के प्रत्येक गली मोहल्ले से होकर दामोदर नदी पर पहुंचकर समाप्त हुई। कई स्थानों पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। कलश यात्रा बड़ी संख्या मे पुरुष एवं महिलाएं शामिल रहीं। वहीं कथा आयोजन श्री सुबोध भाई मेहता एवं प्रवीणा मेहता जी के परिवार के सदस्यों के अलावा अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल हितेश कोठरी हरमेंश मेहता राजू वोरा प्रतीक मेहता दीपक लाला जयेश मेहता शंकर साह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### तेनुघाट मेले का किया उद्घाटन



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट । तेनुघाट डैम में 25 दिसम्बर को तेनुघाट पंचायत की मुखिया नीलम श्रीवास्तव के द्वारा मेले का उद्घाटन 2 बजे दोपहर में किया गया। यह मेला डैम डिवीजन के स्पेलवे के पास लगया गया है मेले में मिक्की माउसए रबड़ जम्पए खिलौनेए चाट .चौमिनए चिल्लीए आइसक्रीमए डोसाए इडली की दुकानें लगाई गई। नव वर्ष के पिकनिक का भी भीड़ लग हुआ है वंही पंचायत की मुखिया नीलम श्रीवास्तव व तेनुघाट थाना प्रभारी सुशील कुमार ने सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया कि सामान को बेचने के बाद अपने इर्द .गिर्द पूरी सफाई कर के जायें अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मुन्ना श्रीवास्तवए बीरेन्द्र प्रसादए शैलेश यादवए उदय कुमारए सोनू सिंहए नारायण प्रजापतिए संजय यादवए मन्नू ठाकुरए अन्नू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा जिला कार्यालय में सुशासन दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** भाजपा बोकारो जिला द्वारा जिला कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। बोकारो के पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह ने कहा कि भारत रत्न प्राप्त पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती को आज पूरा देश सुशासन दिवस के रूप में मना रहा है।विभिन्न वक्ताओं ने स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा उनके कविताओं को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्र भक्ति से परिपूर्ण था।अध्यक्षता दिलीप श्रीवास्तव व संचालन जिला महामंत्री जयदेव राय ने किया। कार्यक्रम में कमलेश रायएलीला देवी, जयदेव राय, अशोक कुमार पप्पूएइंद्र कुमार झाएमहेन्द्र राय नीरज कुमार के वर्मा त्रिलोकी सिंह, वीरभद्र सिंह, शंकर रजक, राजीव कंठएद्वारिका मुन्ना राकेश मधु, धर्मेंद्र महथा मौजूद थे।

## डीपीएस चास में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**बोकारो/चास।** डीपीएस चास में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता स्पर्धा में 310 अंक लेकर सतलज हाउस ने पहलेए 254 अंकों के साथ चेनाब हाउस दूसरे और 178 अंकों के साथ यमुना हाउस तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में श्रेया सुमनएअक्षरा कुमारीए ज्योत्स्ना राज एवं बालक वर्ग में मंजित कुमारए राज टुडूए अनुज कुमार बेस्ट एथलीट रहे।बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय की चीफ मेंटर डॉण हेमलता एस मोहन ने उद्घाटन किया। ष्स्पर्धाष के मेगा इवेंट की शुरूआत चारों सदनों द्वारा मार्च पास्ट के साथ हुई।प्रतियोगिताओं की कड़ी में 100 मीए 200 मीण 400 मीण रेसए रिले रेसए चम्मच.गोली संतुलन रेसए मैथ रेसए हाई जंपए लौंग जंपए शॉट पुटए बैग रेस सहित शिक्षकों के लिए 100 मीटर रेस एवं चम्मच.गेंद संतुलन की प्रतियोगिता हुई।

# अटल जी ने भारत को परमाणु ताकत वाला देश बनाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी ।** भाजपा के सिन्दरी स्थित विभिन्न कार्यालयों सहित अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 98 वीं जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनाई गई। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को अपने मोबाइल पर देख व सुनकर उनके दिए गए कर्तव्यों का अक्षरशः पालन करने का प्रण लिया गया। भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिला संयोजक कार्यालय में संयोजक सह पूर्व पार्षद दिनेश सिंह ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल जी भारत के दसवें प्रधानमंत्री थे। अटल जी देश के ऐसे पहले गैर कॉंग्रेसी प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने अपना 5 वर्ष का कायार्काल पूरा किया और पूरे विश्व को परमाणु ताकत में भारत को स्थान दिलाया। बताते चलें कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के निधन के बाद उनके जयंती को भाजपा ने सुशासन दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया था। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कार्यसमिति सदस्य ब्रजेश सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, संजय सिंह, रणधीर सिंह, कुन्दन सिन्हा, नकुल सिंह, विमल मंडल, अधिवक्ता दिनेश सिंह, जगदिश्वर सिंह ने श्रद्धांजलि दी।

### धनबाद सांसद ने अटल जी को दी श्रद्धांजलि

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर मनईटांड़ मंडल मे सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए एवं मनईटांड़ मंडल अंतर्गत अग्रसेन भवन मे सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मन की बात मनईटांड़ मंडल में सुनने का कार्य किए। जिससे मनईटांड़ मंडल के सम्मानित कार्यकताओं में अलग ही उत्साह जागृत हुआ एवं सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने अटल जी की जयंती पर उनके जीवनी पर हम सभी को अपना मार्गदर्शन दिए।। जिसमें मुख्य रुप से भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह, मंडल के पालक प्रितपाल सिंह अजमानी, भाजपा के बहुत ही पुराने कार्यकर्ता संजय अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल, मधु अग्रवाल ,चुन्ना सिंह, विभा सिंह जी, सुरेन्द्र यादव जी, बंटी रिटोलय, कुमार राजीव रंजन, शीशम राउत , दीपक झा , अजीत शर्मा, विजय सैनी , मुकेश सोनी राजेश शर्मा , सुनील कुमार, अजय दुबे, राजू श्रीवास्तव, इंद्र भूषण कुशवाहा, जितेंद्र सोनी , राजीव चौरसिया उपस्थित हुए।

## एक नजर में

### महूरी महिला समिति ने मनाया दिव्य सत्संग महोत्सव



**पुटकी।** करकेन्द मथूरासिनी भवन में महूरी महिला समिति केंदुआ, करकेन्द के सौजन्य व महूरी युवा शक्ति के सहियोग से एक दिवसीय दिव्य सत्संग महोत्सव के प्रवचन कर्ता आचार्य चेतन जी महाराज (अयोध्या)से आये ने अपना प्रवचन से लोगो को एक नई जीवन मे प्रेरणादायक वचन किया।वही सैकड़ो की तादात में महिला एवं पुरुष प्रवचन के शामिल हुये।माहुरी महिला समिति के स्मिता गुप्ता,रुचिका गुप्ता, रिया गुप्ता, रजनी तरवे,स्वाति गुप्ता, ममता गुप्ता,नीलम गुप्ता, रेशमी गुप्ता,राज कुमारी देवी,प्रभा गुप्ता के द्वारा यह महोत्सव का आयोजन किया गया।

### सविमं में पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर हुआ विचार संगोष्ठी




**सिन्दरी ।** सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में आदर्श पुरुष महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के 161 वी जयंती पर रविवार को विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार पाठक में कहा कि विद्या भारती के रीति नीति के अनुरूप विद्वान परिषद की संगोष्ठी पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती पर हो रही है। वैश्विक परिस्थिति पर देश की संस्कृति की अनुरूप आवश्यक कदम उठाने हेतु संगोष्ठी के परिणामों की विशेष भूमिका होगी। मुख्य अतिथि बीआईटी सिंदरी के इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग विभाग के डॉ पंकज रॉय ने कहा थे। उन्होंने कहा कि आज संयुक्त परिवार की परिकल्पना सपना बन गया है। मानवता का हराश रहा है। अतः हमें संस्कार युक्त शिक्षा देने की आवश्यकता है। प्रो सुधीर कुमार सिंह ने पंडित मदन मोहन मालवीय को युगपुरुष व न्याय में श्रेष्ठ पत्रकार और त्याग की मूर्ति बताते हुए कहा कि उनका विचार क्षेत्रीय भाषा नहीं बल्कि राष्ट्र की भाषा पर केंद्रित था। इस मौके पर डॉ सरोज कुमार सिन्हा, डॉ भास्कर महेश्वरी प्रसाद पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शशी भूषण झा ने मंच संचालन, अभय शंकर पांडे ने अतिथि परिचय और आचार्य हेमंत कुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई

**झरिया।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर झरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय भूत गढ़िया में रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम में सम्मिलित हो स्थानीय लोगों के साथ उनके संबोधन को सुना इस दौरान सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सतरंग 2022 कार्यक्रमः धनबाद के कलाकारों ने की एक से बढ़कर एक दर्शनीय प्रस्तुति

**धनबाद।** रविवार को स्टील गेट सीसीडब्ल्यू सभागार में द क्लब इंडिया द्वारा आयोजित सतरंग 2022 कार्यक्रम के दूसरे दिन कलाकारों ने बहुत ही दर्शनीय शानदार सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की। उपस्थित मुख्य अतिथि पलामू के पूर्व सांसद ब्रज मोहन राम ने कलाकारों को उनके शानदार प्रदर्शन की तारीफ कर हौसला अफजाई किया उन्होंने मंच पर संबोधन करते हुए कहा शतरंग में बच्चों का प्रदर्शन काफी रोचक और शानदार दिखा। सभी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति की। राष्ट्रीय स्तर पर इनके कला को निखारने के लिए इनको प्रोत्साहित करना बहुत आवश्यक है। कला एवं संस्कृति के विकास के लिए द क्लब इंडिया के निर्देशक संतोष रजक का 6 वर्षों से कलाकारों को धनबाद में एक मंच देने का प्रयास बहुत प्रशंसनीय है। आज बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुति को देख मैं बहुत उत्साहित हूं और भविष्य में कलाकारों के उत्थान में इस तरह के कार्यक्रम में जो भी सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी मैं करूंगा। कार्यक्रम में नूपुर डांस अकैडमी की सपना चक्रवर्ती के निर्देशन में बच्चों ने बहुत ही दमदार प्रदर्शन किया।साथ ही स्पाइस ब्लिस की संगीता शर्मा का कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान था। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर सांस्कृतिक प्रशिक्षण केंद्र काला हीरा के निर्देशक राजेंद्र प्रसाद सरसी चंद्रा,ललन आनंदकर शामिल हैं।

## पेज एक का शेष

### जागरुकता से ही...

सतर्कता से पर्व मनायें : पीएम ने देशवासियों को क्रिसमस और अन्य त्योहारों की बधाई दी। साथ ही कहा कि उत्सव मनायें, पर कोरोना को लेकर सकर्तता भी बरते। चीन सहित कई देशों में कोविड के बढ़ते मामलों के बीच सुरक्षित रहने के लिए सावधानी बहुत जरूरी है। हमें सावधान रहने, मास्क पहनने, हाथ धोने और अन्य गाइडलाइन का पालन की जरूरत है। हम सावधान रहेंगे, तो सुरक्षित भी रहेंगे और हमारे उल्लास में कोई रुकावट भी नहीं पड़ेगी। **लोकल कला, संस्कृति, शिल्प को बढ़ाना जरूरी :** पीएम मोदी ने देश में स्थानीय कला, संस्कृति एवं शिल्पकला को बढ़ावा देने की बढ़ती जागरूकता का अपनी विरासत पर गर्व की भावना का प्रकटीकरण बताया। साथ ही कहा है कि इससे ना केवल देश की पहचान बल्कि अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। कला, साहित्य और संस्कृति समाज की सामूहिक पूंजी होते हैं, वैसे ही इन्हें, आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी पूरे समाज की होती है।

### ताजिकिस्तान में फंसे...

हार कर मजदूरों ने प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले सिकंदर अली के माध्यम से घर वापसी की गुहार लगायी। जनप्रतिनिधि एवं मंत्री ने उनकी घर वापसी के लिए हरसंभव उपाय कर बकाया वेतन का प्रयास किया। मजदूरों की बकाया राशि का भुगतान हो गया। यह पहली घटना नहीं है, जब काम की तलाश में मजदूर विदेश जाते हैं, तब उन्हें वहां कई तरह की यातनाएं झेलनी पड़ती है। बड़ी मुश्किल से वे वतन लौट पाते हैं। ऐसे में सरकार को इस पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

### झारखंड में भाजपा...

तभी सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का मंत्र सार्थक होगा। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से युवा नेतृत्व खड़ा करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे ज्यादा युवा शक्ति वाला देश है, जिसे संगठन के माध्यम से देश के निर्माण में जोड़ना है। उन्होंने पार्टी की मजबूत सांगठनिक संरचना पर बोलते हुए कहा कि जिलों की तरह अब पार्टी की गतिविधियों का केंद्र बिंदु मंडल बने। इस दिशा में अब लगातार कार्य करने की आवश्यकता है। इसके पहले श्री बंसल ने जगन्नाथपुर मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद झारखंड विधानसभा परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में श्री बंसल का यह पहला झारखंड प्रवास था।

## स्पीड न्यूज

### तुनिशा शर्मा की मौत मामले में शिजान गिरफ्तार

**मुंबई।** टीवी कलाकार तुनिशा शर्मा (उम्र 20) की संदिग्ध हालात में मौत होने के मामले में वालीव पुलिस स्टेशन की टीम ने रविवार को उसके सह कलाकार शिजान खान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे वसई सेशन कोर्ट में पेश किया और कोर्ट ने 28 दिसंबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

### चीन-पाकिस्तान सीमा पर तैनात होगी 'प्रलय' मिसाइल

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए 120 प्रलय बैलिस्टिक मिसाइलों की खरीद को मंजूरी दे दी है। इन मिसाइलों को चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर तैनात किया जायेगा। यह प्रलय बैलिस्टिक मिसाइल 150 से 500 किमी. दूरी तक के लक्ष्यों को मार सकती हैं।

### वर्धा में भारतीय दर्शन महासभा का अधिवेशन कल से

**वर्धा।** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय में भारतीय दर्शन महासभा का 95वां अधिवेशन तथा एशियाई दर्शन सम्मेलन 27 से 30 दिसंबर 2022 तक आयोजित किया जा रहा है।

### अमेरिका में चक्रवात से 18 लोगों की मौत 5200 उड़ानें रद्द

**वाशिंगटन।** बफीर्ला तूफान अमेरिका पहुंच गया है। इस 'बांब चक्रवात' के कारण 18 लोगों की मौत हो गयी है। पूरे अमेरिका में बर्फबारी हुई है। सर्द हवा चल रही है। मौसम के आक्रामक तेवर को देखते हुए करीब 5200 उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। कनाडा सीमा के पास मोनटाना के हावरे में तापमान शून्य से 39 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया है।

### तेलुगु फिल्म अभिनेता चलपथी राव का निधन

**हैदराबाद।** तेलुगु फिल्म अभिनेता और निमार्ता तम्मारेड्डी चलपथी राव का रविवार सुबह यहां उनके आवास पर 78 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके परिवार में दो पुत्री एवं एक पुत्र है। उनका एक बेटा रवि बाबू भी टॉलीवुड में अभिनेता, निर्देशक और निमार्ता है।

### ब्रिटिश संगीतकार जैज का निधन

**वाशिंगटन।** ब्रिटिश संगीतकार और डांस ग्रुप (ब्रिटिश बैंड) फेथलेस के प्रमुख गायक मैक्सी जैज का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया । ब्रिटिश बैंड फेथलेस ने ट्विटर पर एक तस्वीर साझा कर मैक्सी जैज के निधन की जानकारी दी। फेथलेस ने ट्वीट में कहा कि हमें यह कहते हुए दुख हो रहा है कि कल रात मैक्सी जैज की नींद में ही मौत हो गयी।

रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# वर्ष 2022 कई मायनों में प्रेरक और अद्भुत रहा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अतीत के अवलोकन को वर्तमान और भविष्य की तैयारियों के लिए प्रेरणा बताते हुए रविवार को साल के अंतिम 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि वर्ष 2022 वाकई कई मायनों में प्रेरक और अद्भुत रहा। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 96वीं कड़ी में 2022 की उपलब्धियों के साथ 2023 के लक्ष्य पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस साल भारत ने अपनी आजादी के 75 साल पूरे किये और इसी साल अमृतकाल शुरू हुआ। भारत ने तेजी से प्रगति की और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 2022 यानी भारत द्वारा दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का मुकाम हासिल करना। 2022 यानी भारत द्वारा 220 करोड़ वैक्सीन का अविश्वसनीय आंकड़ा पार करने का रिकॉर्ड। 2022 यानी भारत द्वारा निर्यात का 400 अरब डॉलर का जादुई आंकड़ा पार कर जाना। उन्होंने कहा, इस साल देश ने नयी रफ्तार पकड़ी। सभी देशवासियों ने एक से बढ़कर काम किया। 2022 की विभिन्न सफलताओं ने आज पूरे विश्व में भारत के लिए एक विशेष स्थान बनाया है। मोदी ने कहा कि 2022 यानी देश के जन-जन द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को अपनाना और जी कर दिखाना। 2022 यानी भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रांत का स्वागत। 2022 यानी अंतरिक्ष, ड्रोन और रक्षा क्षेत्र में भारत का परचम। 2022 यानी हर क्षेत्र में भारत का दमखम।

पीएम मोदी ने कहा कि 2022 एक और कारण से हमेशा याद किया जाएगा। यह है 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना का विस्तार। देश के लोगों ने एकता और एकजुटता को सेलिब्रेट करने के लिए भी कई अद्भुत आयोजन किये। वह चाहे गुजरात का माधवपुर मेला हो, या काशी-तमिल संगमम। इस मेले में रुक्मिणी विवाह और भगवान कृष्ण के पूर्वोत्तर से संबंधों को सेलिब्रेट किया जाता है। काशी-तमिल संगमम में एकता के कई रंग दिखे।

उन्होंने कहा कि 2022 में देशवासियों ने एक और अमर इतिहास लिखा है। अगस्त के महीने में चला 'हर घर तिरंगा' अभियान भला कौन भूल सकता है। यह वो पल था, जब हर देशवासियों के शरीर में रोमांच आ गया। आजादी के 75 वर्ष के इस अभियान में पूरा देश तिरंगामय हो गया। 6 करोड़ से ज्यादा लोगों ने तो तिरंगे के साथ सेल्फी भी भेजी। आजादी का ये अमृत महोत्सव अभी अगले साल भी ऐसे ही चलेगा। यह अमृतकाल की नींव को और मजबूत करेगा।

**नमामि गंगे को संयुक्त राष्ट्र से मिली सराहना का किया जिक्र :** संयुक्त राष्ट्र ने भारत सरकार के नमामि गंगे कार्यक्रम को विश्व के पारिस्थितिक तंत्र को पुनर्स्थापित करने की 10 बड़ी पहल में शामिल किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में इसका विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि नमामि गंगे अभियान की सबसे बड़ी सफलता नागरिकों की सतत भागीदारी है।

### पीएम ने नये साल की शुभकामनाएं दी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को नये साल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब हम धीरे-धीरे मन की बात के 100वें एपिसोड के अभूतपूर्व पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। मुझे कई देशवासियों के पत्र मिले हैं, जिनमें उन्होंने 100वें एपिसोड के बारे में बड़ी जिज्ञासा प्रकट की है। 100वें एपिसोड में हम क्या बात करें, उसे कैसे खास बनायें, इसके लिए आप मुझे अपने सुझाव भेजेंगे, तो मुझे बहुत अच्छा लगेगा। अगली बार हम वर्ष 2023 में मिलेंगे। मैं आप सभी को वर्ष 2023 की शुभकामनाएं देता हूं। ये वर्ष भी देश के लिए खास रहे, देश नयी ऊंचाइयों को छूता रहे। हमें मिलकर संकल्प भी लेना है और उन्हें साकार भी करना है।

### वाजपेयी ने हर क्षेत्र में भारत को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर नमन किया। उन्होंने कहा कि वाजपेयी ने शिक्षा, विदेश नीति और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित हर क्षेत्र में भारत को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज, हम सभी के श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती है। वे महान राजनेता थे। उन्होनें देश को असाधारण नेतृत्व दिया। हर भारतवासी के ह्रदय में उनके लिए एक खास स्थान है।

### भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की स्वीकार्यता के लिए एम्स की पहल का किया जिक्र

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि जैसे-जैसे अधिक से अधिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियां साक्ष्य-आधारित होती जायेंगी, वैसे-वैसे इसकी स्वीकार्यता पूरे विश्व में बढ़ेगी। इसी क्रम में उन्होंने दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की एक पहल का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को प्रमाणित करने लिए छह साल पहले सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च की स्थापना की गई। इसमें आधुनिक तकनीक और नवीनतम शोध तरीकों का उपयोग किया जाता है। यह केंद्र पहले ही प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में 20 पेपर प्रकाशित कर चुका है।

अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के जनरल में प्रकाशित एक पेपर में सिंकोप से पीड़ित मरीजों को योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया है। न्यूरोलॉजी जनरल के पेपर में सिर दर्द में योग के फायदों के बारे में बताया गया है। इसके अलावा कई और बीमारियों में भी योग के लाभ को लेकर शोध किए जा रहे हैं। इसमें ह्रदय रोग, अवसाद, अनिद्रा और गर्भधारण के दौरान महिलाओं को होने वाली समस्याएं शामिल हैं।

## स्पोर्ट्स

भारत ने 2-0 से सीरीज अपने नाम की

### टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट में भी बांग्लादेश को हराया




**एजेंसी**

**मीरपुर (बांग्लादेश)।** भारतीय टीम ने बांग्लादेश को दो टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में रविवार को तीन विकेट से हरा दिया। यहां शेरे बांग्ला स्टेडियम में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच के मुकाबले में भारत को 145 रनों का लक्ष्य मिला था। जवाब में खेल के चौथे दिन श्रेयस अय्यर और रविचंद्रन अश्विन ने बेहतरीन पारी खेल कर भारत को तीन विकेट से जीत दिला दी। अय्यर ने नाबाद 29 रन और अश्विन ने नाबाद 42 रन बनाये। इसी के साथ भारत ने दो मैचों की सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया। भारत ने चटगांव में खेला गया पहला टेस्ट मैच 188 रन से जीता था।

इस मुकाबले में मिले 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने तीसरे दिन खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 45 रन बना लिये थे। उसे जीत के लिए 100 रन और बनाने थे। चौथे दिन भी भारत ने सुबह तीन विकेट जल्दी गंवा दिये। जयदेव उनादकट 13 रन, ऋषभ पंत 9 और अक्षर पटेल 34 रन बनाकर आउट हो गये। भारत का स्कोर सात विकेट पर 74 रन हो गया। इसके बाद श्रेयस अय्यर और रविचंद्रन अश्विन ने जिम्मेदारी संभाली। दोनों ने भारतीय टीम को दबाव से बाहर निकाला और 71 रनों की नाबाद साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर के गोल मार्केट स्थित सैक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च में शनिवार की आधी रात को प्रार्थना सभा में शामिल हुईं।

# नेपाल के नये प्रधानमंत्री बने पुष्प कमल दहल प्रचंड, राष्ट्रपति ने किया नियुक्त

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल में रविवार को तेजी से बदले राजनीतिक समीकरण के बाद नयी सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने सीपीएन (माओवादी सेंटर) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल को नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। दहल को ओली के नेतृत्व वाले सीपीएन-यूएमएल ने समर्थन दिया है। वह सोमवार की शाम को शपथ लेंगे।



राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जानकारी दी गयी है कि दहल को सोमवार की शाम चार बजे प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलायी जायेगी। पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाल की राष्ट्रपति बिद्यादेवी भंडारी को सांसदों के समर्थन वाला पत्र भी सौंप दिया, जिसमें बहुमत के लिए प्रचंड के समर्थन में 165 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। दहल के पास सीपीएन-यूएमएल के 78, उनकी अपनी माओवादी सेंटर पार्टी के 32 और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के 20, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के 14, जनता समाजवादी पार्टी के 12, जनमत के छह सहित 169 सदस्यों का समर्थन है। नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने सभी पार्टियों को प्रधानमंत्री पद के लिए दावा पेश करने के लिए रविवार शाम 5 बजे तक की डेडलाइन दी थी।



संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य।

# जजों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने से गलत संदेश जायेगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने से काम नहीं करने वाले (नॉन-परफॉर्मर) न्यायाधीशों की सेवा अवधि भी बढ़ सकती है। इस फैसले का प्रभाव सरकारी कर्मचारियों द्वारा इसी तरह की मांग उठाने पर पड़ सकता है। यह बात रविवार को न्याय विभाग ने कार्मिक, कानून और न्याय पर संसदीय पैनल के समक्ष एक रिपोर्ट में रखी। संसदीय पैनल की अध्यक्षता भाजपा सांसद और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी कर रहे हैं। इससे पहले भी जुलाई में कानून मंत्री किरने रिजिजू ने राज्यसभा में बताया था कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

### न्याय विभाग ने संसदीय पैनल को दिया जवाब

**अन्य लोग भी करने लगेंगे मांग :** न्याय विभाग ने कहा कि न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु में वृद्धि का गलत असर होगा, क्योंकि केंद्र और राज्य स्तर पर सरकारी कर्मचारी, पीएसयू, आयोग आदि इसी तरह की मांग उठा सकते हैं। विभाग ने कहा कि इसलिए इस फैसले को लागू करने से पहले इस पर विचार किया जाना चाहिए और इसकी जांच के बाद ही कोई फैसला किया जाना चाहिए। न्याय विभाग की संसदीय पैनल के समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की संभावना सहित न्यायिक प्रक्रियाओं और सुधारों का विवरण भी शामिल था।

**2010 में पेश किया था विधेयक :** हाइकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृति की आयु 65 वर्ष करने के लिए साल 2010 में संविधान (114वां संशोधन) विधेयक पेश किया था। हालांकि संसद में उस पर विचार नहीं किया जा सका और 15वीं लोकसभा के विघटन के साथ ही इसकी अवधि समाप्त (लेप्स) हो गयी। अभी हाई कोर्ट के न्यायाधीश 62 वर्ष की आयु में और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं।

### परिवार के साथ प्रीति जिंटा ने मनाया क्रिसमस



**बॉलीवुड** अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने भी अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाया है। उन्होंने क्रिसमस सेलिब्रेशन का एक वीडियो शेयर किया है। वे इसमें अपने जुड़वा बच्चों जय और जिया के साथ क्रिसमस मनाती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो में प्रीति जिंटा के साथ उनके परिवार के अन्य लोग भी नजर आ रहे हैं। बता दें कि प्रीति ने वर्ष 2016 में अमेरिकी नागरिक जेन गुडइनफ से लॉस एंजिलिस में शादी की थी। प्रीति के पति जेन लॉस एंजिलिस में फाइनेंशियल एनेलिस्ट हैं।

### आगरा में चीन से लौटा व्यक्ति मिला कोरोना पॉजिटिव, इलाज हुआ शुरू

**एजेंसी।**

**नयी दिल्ली।** चीन से लौटा उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के शाहगंज क्षेत्र का रहने वाला एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाया गया है। 40 वर्षीय यह युवक 23 दिसंबर को चीन से आगरा लौटा था। इसके बाद युवक ने एक प्राइवेट लैब में कोविड-19 जांच करायी। रविवार को उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी दी गयी कि युवक कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इसके बाद एक रैपिड रिस्पांस टीम को तत्काल युवक के निवास स्थान पर भेजा गया। आगरा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि जो यात्रा करके वापस लौट रहे हैं, उनकी निगरानी की जायेगी। कोरोना संक्रमित व्यक्ति के घर को सील कर दिया गया है और उसके संपर्क



में आने वाले अन्य व्यक्तियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच की जा रही है। संक्रमित व्यक्ति का इलाज शुरू हो गया है।

इधर, चीन द्वारा इस महीने पाबंदियां हटाने के बाद कोविड संक्रमणों में उछाल की खबरें सामने आने के बाद से भारत सरकार हाई अलर्ट पर है। भारत ने कोविड-19 महामारी की स्थिति पर कड़ी नजर रखनी शुरू कर दी है। वैसे, केंद्र और राज्य सरकारों ने समारोहों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है। लेकिन, सरकार ने भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनना, शारीरिक दूरी बनाने के लिए कहा

### कैग ने डीआरडीओ की 20 परियोजनाओं पर उठाये सवाल

**नयी दिल्ली।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की 20 परियोजनाओं पर सवाल उठाये हैं। कैग ने कहा कि डीआरडीओ ने अपनी इन परियोजनाओं के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए समय विस्तार मांगने के बजाय उन्हें सफल मानकर बंद कर दिया। बंद की गयी परियोजनाओं को उनके लक्ष्य हासिल करने के लिए फिर से नये के रूप में लिया गया। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पेश की रिपोर्ट में कैग ने कहा है कि डीआरडीओ को परियोजनाओं का लक्ष्य हासिल करने के लिए समय विस्तार की अनुमति लेनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा न करके उन्हें सफल मानकर बंद कर दिया गया।

# वर्षांत : इस साल सुप्रीम कोर्ट को मिले तीन प्रधान न्यायाधीश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कॉलेजियम प्रणाली पर सरकार के साथ टकराव के बीच सुप्रीम कोर्ट में इस साल तीन प्रधान न्यायाधीश नजर आये और शीर्ष अदालत ने कई महत्वपूर्ण फैसले सुनाये। इनमें 2002 के गुजरात दंगों में राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को क्लीनचिट देने के एसआइटी के फैसले को बरकरार रखना, विवादास्पद धनशोधन कानून तथा प्रवेश एवं सरकारी नौकरियों में इडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर तबके) के लिए 10 फीसद आरक्षण को सही ठहराने जैसे अहम फैसले सुनाए।

कॉलेजियम प्रणाली से लेकर जमानती एवं छोटी-मोटी जनहित याचिकाओं और दीर्घकालीन अदालती अवकाश तक विभिन्न मुद्दों पर कानून मंत्री किरण रिजीजू की अगुवाई में केंद्र की ओर से न्यायपालिका पर प्रहार के बाद शीर्ष अदालत ने पलटवार किया। सुप्रीम कोर्ट ने शीर्ष अदालत के लिए न्यायाधीशों के नामों को मंजूरी देने को लेकर केंद्र को खरीखोटी सुनायी और यह भी कहा कि व्यक्तिगत आजादी के उल्लंघन के मामले में यदि वह कार्रवाई नहीं करे तो फिर उसका अस्तित्व ही किसलिए है। शीर्ष अदालत में 72 साल के इतिहास में 2002 के बाद दूसरी बार साल में तीन प्रधान न्यायाधीश बने।

अप्रैल, 2021 में 48वें प्रधान न्यायाधीश बने न्यायमूर्ति एनवी रमण के सेवानिवृत होने के बाद न्यायमूर्ति यूयू ललित प्रधान न्यायाधीश बने। न्यायमूर्ति ललित की सेवानिवृति के बाद न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने नौ नवंबर को देश के 50 वें प्रधान न्यायाधीश का पदभार संभाला। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ के पिता न्यायमूर्ति वाईवी चंद्रचूड़ भी 44 साल पहले सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति वाईवी चंद्रचूड 22 फरवरी, 1978 से 11 जुलाई, 1985 तक सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश रहे थे।

इस साल के दौरान कई संविधान पीठें गठित की गयीं, जिन्होंने शक्तियों के बंटवारे पर दिल्ली और केंद्र के बीच विवाद, नोटबंदी, जल्लीकट्टू, महाराष्ट्र राजनीतिक संकट जैसे मामलों तथा मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी प्रणाली की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट में प्रधानमंत्री से जुड़े मामले भी सुर्खियों में रहे। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 में गोधरा के बाद गुजरात में फैले दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और 63 को एसआइटी द्वारा दी गयी क्लीनचिट को सही ठहराया।

शीर्ष अदालत ने इस साल के प्रारंभ में मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान हुई सुरक्षा चूक की जांच कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश की अगुवाई में एक समिति गठित की। इस सुरक्षा चूक को लेकर केंद्र और पंजाब की कांग्रेस शासित तत्कालीन राज्य सरकार के बीच बड़ा राजनीतिक विवाद हुआ था। अपने एक अहम फैसले में पांच न्यायाधीशों की एक पीठ ने दो के मुकाबले तीन के बहुमत से प्रवेश एवं सरकारी नौकरियों में इडब्ल्यूएस के लिए 2019 में शुरू किये गये 10 फीसद आरक्षण को सही ठहराया। इस आरक्षण में अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों के गरीब शामिल नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए इस फैसले को सही ठहराया कि यह संविधान की मूल धारणों का उल्लंघन नहीं करता है।

### शीर्ष कोर्ट में शुरू हुई लाइव स्ट्रीमिंग



तीनों प्रधान न्यायाधीशों, न्यायमूर्ति रमण, न्यायमूर्ति यूयू ललित और न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, ने सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश पद के के लिए 2022 में आठ नामों की सिफारिश की। उनमें से तीन सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बन गये, जबकि पांच नामों को केंद्र से अब तक मंजूरी नहीं मिली है। अपने कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए शीर्ष अदालत ने संविधान पीठों की कार्यवाही के सीधे प्रसारण, मामलों को सूचीबद्ध करने की नयी प्रणाली बनाने, आरटीआइ पोर्टल और मोबाइल एप का उन्नत संस्करण शुरू करने, नये साल से मामलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए एडवोकेट एपीरियेंस पोर्टल चालू करने जैसे अहम कदम उठाये।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 |
| English Grammar – II | ₹ 100 | English Grammar – II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran – II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran – II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !